दैनिक
जनता के साथ जनता की आवाज
# सत्ता सुधार
शिवपुरी ■ गुरुवार 30 जनवरी 2025 ■ वर्ष -25 ■ अंक-240 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

**सुविचार**

मानव का मानव होना ही उसकी जीत है, दानव होना हार है, और महामानव होना चमत्कार है।
- डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन



# महाकुंभ भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत

## 60 से ज्यादा लोग घायल, अस्पताल में कराया भर्ती

- 20 घंटे बाद प्रशासन ने जारी किया मौत का आंकड़ा
- अब तक डुबकी लगाने वालों की संख्या 20 करोड़ के पार

सत्ता सुधार ■ प्रयागराज

महाकुंभ में भगदड़ में मरने वालों का आधिकारिक आंकड़ा घटना के करीब 20 घंटे बाद प्रशासन ने जारी किया। प्रशासन के अनुसार इस हादसे में 30 लोगों की मौत हुई है। इनमें 25 की शिनाख्त हो गई है। 60 से ज्यादा लोग घायल हैं। इन्हें शहर के अलग अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। 36 लोगों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। सीएम योगी ने सभी का सरकारी खर्च पर इलाज का आदेश पहले ही दिया है। कई लोगों के परिवार में एक से ज्यादा की मौत हुई है। कुंभ नगर के डीआईजी वैभव कृष्णन ने बताया कि भारी भीड़ के कारण बैरिकेड टूटने के बाद भगदड़ मची और हादसा हुआ है। डीआईजी ने किसी सवाल का जवाब तो नहीं दिया लेकिन इतना कहा कि अखाड़ा मार्ग पर रात एक से दो बजे के बीच भारी भीड़ का दबाव बन गया था। भारी संख्या में लोग मौनी अमावस्या का स्नान करने पहुंचे थे। दबाव के कारण बैरिकेडिंग टूट गई और संगम की ओर घुसी भीड़ ने वहां पर स्नान का इंतजार कर रहे लोगों को कुचलना शुरू कर दिया। वहां से कुल 90 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया था। इसमें से 30 लोगों की मौत हो गई। कुछ घायलों को लेकर परिजन चले गए हैं। 36 घायलों का यहां इलाज चल रहा है। प्रयागराज सेवा समिति के संयोजक तीर्थराज पाण्डेय के नेतृत्व में संगम और कुंभ मेला क्षेत्र में तुलसी मार्ग पर शिविर चलाया जा रहा है। उसके सदस्यों और श्रद्धालुओं ने बताया कि संगम पर रात 2 बजे अमृत स्नान के योग के कारण अधिकांश श्रद्धालु वहां पर जमे थे। श्रद्धालु जहां सो रहे थे, उसी के बगल की बैरिकेडिंग टूट गई और श्रद्धालु संगम की ओर दौड़ पड़े। इसके कारण सोए हुए श्रद्धालुओं को उठने का मौका भी नहीं मिला। सब कुचलते चले गए।



### हादसे की होगी न्यायिक जांच, मिलेगा 25 लाख का मुआवजा

महाकुंभ में बीती रात हुए 30 श्रद्धालुओं की मौत की घटना की जांच न्यायिक आयोग करेगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग से जांच कराने का आदेश दिया है। साथ ही, मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मुहैया कराने का निर्देश भी दिया है। इस दौरान सीएम योगी भावुक भी हो गए। वहीं तमाम व्यवस्था के बावजूद घटना होने की वजह से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार को बृहस्पतिवार को प्रयागराज जाने का निर्देश दिया गया है। दोनों अधिकारी घटना के कारणों की समीक्षा करेंगे और अपनी रिपोर्ट सीएम को सौंपेंगे। वहीं घटना के बारे में सीएम ने कहा कि यह दुखद और मर्माहत करने वाली है। उन सभी परिजनों के प्रति हमारी पूरी संवेदना है। हम लोग रात से ही लगातार मेला प्राधिकरण, प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के संपर्क में हैं। फिर भी अन्य जितनी भी व्यवस्थाएं हो सकती थीं, उन सबको वहां तैनात किया गया था।

## बैरिकेड टूटने के बाद मची भगदड़ और हुआ हादसा



### नहीं था कोई वीआईपी मूवमेंट

डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि भगदड़ के समय संगम पर जो लोग लेटे हुए थे, उनके ऊपर भीड़ चढ़ गई। 29 जनवरी को शासन से सख्त निर्देश थे कि कोई वीआईपी मूवमेंट नहीं रहेगा। डीआईजी ने कहा कि हमें लोगों को उनके घरों तक पहुंचाना, हाथ जोड़कर निवेदन है कि हमारा सहयोग कीजिए।

### किसी भी ट्रेन का संचालन नहीं रोका

बुधवार सुबह हुई भगदड़ के बाद प्रशासन ने सुरक्षा की व्यवस्था और मुस्तैद कर दी है। इस बीच रेलवे ने कहा है कि, हमने किसी भी ट्रेन संचालन को रोका नहीं है। प्रयागराज क्षेत्र में यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण हम खाली रेल भेजकर भीड़ को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। रेलवे ने यात्रियों को प्रयागराज क्षेत्र से वापस लाने के लिए प्लानिंग की है, जिसके तहत 360 से अधिक गाड़ियों को प्रयागराज क्षेत्र के स्टेशनों से चलाने की योजना है।



### मप्र-उप्र सीमा पर है पुख्ता व्यवस्थाः सीएम डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रयागराज में श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने से रीवा जिले के चाकघाट थाना अंतर्गत सीमा पर पहुंच रहे हजारों श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं से प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने और संयम बनाए रखने की अपील की है।

### पीएम नरेंद्र मोदी बोले- हादसा अत्यंत दुखद

पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में जो दु:खद हादसा हुआ है, उस हादसे में हमें कुछ पुण्यात्माओं को खोना पड़ा है, कई लोगों को चोटें भी आई हैं। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। कुछ समय के लिए स्नान की प्रक्रिया में रुकावट आई थी, लेकिन अब कई घंटों से सुचारू रूप से यात्री स्नान कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में मैंने मुख्यमंत्री योगी से बातचीत की है और मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं।

### हेल्पलाइन नंबर 1920 पर ले जानकारी

उन्होंने बताया कि एक हेल्पलाइन भी बनाई गई है। इसका नंबर 1920 है। अगर कोई गुमशुदा है तो उसकी जानकारी इस नंबर पर ली जा सकती है। डीआईजी ने यह भी साफ किया कि आज कोई वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं था। बताया कि शासन ने पहले ही सख्त निर्देश दिए थे कि कोई भी वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आगे भी किसी स्नान पर्व पर कोई वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं होगा।

# मध्यप्रदेश, मेडिकल और फार्मास्यूटिकल मेन्यूफेक्चरिंग का बनेगा नया हब

## उज्जैन में मेडिकल पार्क में निवेश के लिए सीएम ने किया आमंत्रित

- मध्यप्रदेश इस साझेदारी को सुदृढ़ करने में निभाएगा अग्रणी भूमिका
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेंसोजी मंदिर में भगवान बुद्ध के किए दर्शन
- टोक्यो मेडिकल डिवाइस निर्माताओं के साथ की बैठक




### निवेशकों से हुई सकारात्मक चर्चा

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए विदेश मंत्री, जापानी निवेशकों, जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन, केडानरेन संस्था के अध्यक्ष तथा कई निजी निवेशकों से सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि जापान की उन्नत तकनीक और औद्योगिक विशेषज्ञता से मध्यप्रदेश के औद्योगिक, आईटी, हेल्थ और एजुकेशन सेक्टर में नई संभावनाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के स्किल डेवलपमेंट से रोजगार के अवसर और औद्योगिक विकास में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भी काम किया जा रहा है।

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने जापान दौरे के दूसरे दिन टोक्यो में एएनडी मेडिकल कम्पनी के निदेशक श्री डाइकी अराई से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में चिकित्सा उपकरण निर्माण के अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में विकसित किये जा रहे 75 एकड़ के मेडिकल एवं फार्मास्यूटिकल पार्क को वैश्विक निवेशकों के लिये एक बेस्ट डेस्टिनेशन बताया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश मेडिकल एवं फार्मास्यूटिकल मेन्यूफेक्चरिंग के क्षेत्र में नए हब के रूप में विकसित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने उज्जैन के अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार औद्योगिक इकाइयों को रियायती दरों पर भूमि उपलब्ध करा रही है। उन्होंने इस पार्क को भारत के तेजी से विकसित हो रहे हेल्थ केयर और मेडिकल डिवाइस सेक्टर का एक महत्वपूर्ण केन्द्र बताया। यहां उन्नत बुनियादी सुविधाएं, राज्य सरकार द्वारा दी जा रही प्रोत्साहन योजनाएं निवेशकों के लिए विशेष अवसर उपलब्ध है। डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश स्वास्थ्य सेवा, मेडिकल उपकरण निर्माण, फार्मास्यूटिकल उत्पादन के क्षेत्र में निवेश को आमंत्रित करते हुए आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके व्यापार को सुगम बनाने के लिये हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। सीएम डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में रियायती दरों पर भूमि की उपलब्धता, मेडिकल डिवाइस, बायोटेक और फार्मा कम्पनियों के लिये विशेष प्रोत्साहन योजना है, बेहतर लॉजिस्टिक और कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं मध्यप्रदेश में ज्यादा से ज्यादा निवेश को आकर्षित करते है। एएंडडी मेडिकल के निदेशक डाइकी अराई ने मध्यप्रदेश में राज्य में अपनी निर्माण इकाई स्थापित करने में विशेष रूचि दिखाते हुए कहा कि वे इस वर्ष के अंत तक इसे शुरू करने की बात की। उल्लेखनीय है कि जापान की एएंडडी मेडिकल कम्पनी वैश्विक स्तर पर चिकित्सा उपकरण और स्वास्थ्य निगरानी उत्पादों का उत्पादन करती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत और जापान के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध तेजी से प्रगाढ़ हो रहे हैं। जापान की कंपनियां नई तकनीकों के साथ प्रदेश में निवेश करेंगी। मुख्यमंत्री ने टोक्यो स्थित सेंसोजी मंदिर में भगवान बुद्ध के दर्शन किए और जापान यात्रा के अपने अनुभव साझा किए।

# मोदी और जज भी यही पानी पीते हैं क्या इन्हें मारने जहर मिलाया जाएगा?

## अरविंद केजरीवाल के यमुना वाले दावे पर भड़के पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यमुना में जहर वाले दावे को लेकर अरविंद केजरीवाल पर बुधवार को पलटवार किया। करतार नगर में संकल्प रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने यमुना की गंदगी को लेकर आम आदमी पार्टी की सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि इनकी लुटिया यमुना में ही डूबेगी। यमुना में जहर मिलाने के दावे को हरियाणा का अपमान बताते हुए पीएम ने कहा कि वह भी यही पानी पीते हैं, जज और विदेशी राजदूत भी इसी पानी को पीते हैं, क्या इन्हें मारने के लिए जहर मिलाया जाएगा? पीएम मोदी ने कहा कि अपने राजनीतिक स्वार्थ में आप'दा' वालों ने एक और घोर पाप किया है। यह पाप कभी भी माफ नहीं हो सकता है। इतिहास भी कभी माफ नहीं करेगा। आज भले ही आपके चेले बात को दबाने की कोशिश करते हों, आपका ईको-सिस्टम भले कपड़ा डालने की कोशिश करे, लेकिन देश नहीं भूल सकता, दिल्ली नहीं भूल सकती। हरियाणा का एक एक बच्चा नहीं भूल सकता। पीएम ने कहा, 'दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने हरियाणा के लोगों पर घिनौने आरोप लगा दिए हैं, हार के डर से आपदा वाले बौखला गए हैं।



# इसरो का 100वां लॉन्च सफल, भारत हुआ ताकतवर

**दुनिया की तकनीक पर निर्भरता हो रही खत्म**

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 100वां लॉन्च मिशन सफल हो गया है। एनवीएस-02 उपग्रह को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित करने के बाद इसरो की इस उपलब्धि को बड़ा मुकाम करार दिया जा रहा है। देशभर की बड़ी हस्तियों ने इस मिशन की सफलता को लेकर इसरो को बधाई दी हैं। इसरो ने बुधवार सुबह 6.23 बजे अपना 100वां मिशन लॉन्च किया। इसके तहत श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से जीएसएलवी-एफ15 के जरिए 2250 किलोग्राम की नैविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-02 को भेजा गया। नैविगेशन उपग्रह एनवीएस-2 नैविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टलेशन यानी नाविक श्रृंखला का दूसरा उपग्रह है। इस श्रृंखला में कुल पांच सैटेलाइट भेजी जानी हैं।



## ब्रीफ न्यूज

### सीएम डॉ. यादव ने एनवीएस-02 की सफल लॉन्चिंग पर दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जीएसएलवी-एफ-15 रॉकेट के जरिए नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-02 को सफलतापूर्वक लॉन्च कर 100वें मिशन को पूर्ण करने पर इसरो के सभी वैज्ञानिकों और देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उपलब्धि को इसरो के कीर्तिमान का शतक निरूपित करते कहा कि यह मिशन देश की नेविगेशनल क्षमताओं को मजबूती और निजी तथा रक्षा क्षेत्रों में नेविगेशन सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### जीएडी ने जारी किया नई तबादला नीति के आदेश

**भोपाल।** महेश्वर में हुई कैबिनेट बैठक में मंत्रियों को तबादले के अधिकार दिए जाने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने नई तबादला नीति के आदेश जारी कर दिए हैं। सभी विभागों, विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों, कलेक्टरों और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि संशोधित तबादला नीति 2025 के तहत राज्य स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादलों पर प्रतिबंध लागू रहेगा। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रतिबंध अवधि के दौरान या नीति से हटकर केवल अपवाद स्वरूप परिस्थितियों में ही प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शासकीय सेवकों के तबादले किए जा सकेंगे। इसके लिए संबंधित विभागीय मंत्री से प्रशासकीय अनुमोदन आवश्यक होगा।

### 30 को मनाया जाएगा मद्य निषेध संकल्प दिवस

**भोपाल।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी को मध्यप्रदेश में मद्य निषेध संकल्प दिवस मनाया जाएगा। संचालनालय, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, मध्यप्रदेश ने सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को क्रियान्वयन के निर्देश जारी किए हैं। आयुक्त, सामाजिक न्याय डॉ. आरआर भौंसले ने बताया है कि मद्य निषेध संकल्प दिवस का मुख्य उद्देश्य समाज और विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें नशा त्यागने के लिए प्रेरित करना है। इसमें विभिन्न गतिविधियां जैसे सेमिनार, रैली, प्रदर्शनी, वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन, पोस्टर प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों की ई-केवायसी प्रक्रिया हुई आसान : मंत्री कुशवाह

### विशेष अभियान चलाकर की जाएगी हितग्राहियों की पहचान

सत्ता सुधार ■ भोपाल

सामाजिक न्याय दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के ई-केवाइसी प्रक्रिया को आसान बनाया जाएगा। इसके तहत ऐसे हितग्राही जिनके बायोमेट्रिक प्रक्रिया में फिंगर प्रिंट नहीं आ पा रहे हैं उनका आइरिस ऑथेंटिकेशन कराया जाएगा। चलने में असमर्थ हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कराकर पेंशन जारी रखी जाएगी। मंत्री कुशवाह ने निर्देश दिए कि पेंशन हितग्राहियों का ई-केवाइसी का कार्य 15 फरवरी 2025 तक शत-प्रतिशत पूरा कर लिया जाये।

प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सोनाली वायंगणकर ने कलेक्टर्स ओर विभागीय अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 49 लाख 84 हजार पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाइसी किया जा चुका है। शेष हितग्राहियों के ई-केवायसी की प्रक्रिया जारी है। जिन हितग्राहियों का बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन नहीं हो पा रहा है, उनका आइरिस ऑथेंटिकेशन कराया जाएगा। जो वृद्धजन व दिव्यांगजन चलन-फिरने में असमर्थ है उनका भौतिक सत्यापन करा कर पेंशन जारी रखी जाएगी। साथ ही जिन हितग्राहियों को बायोमेट्रिक या आइरिस ऑथेंटिकेशन नहीं हो पा रहा है। उनका फेस-प्रमाणीकरण कराया जाएगा।



श्रीमती वायंगणकर ने बताया कि प्रदेश के ऐसे पेंशन हितग्राही जो रोजगार की तलाश में पलायन कर गए हों, उनके बारे में ग्राम पंचायत सचिव अथवा वार्ड प्रभारी से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जाएगी। हितग्राहियों के बैंक ओर पोस्ट ऑफिस में ट्रान्जेक्शन अथवा मोबाइल नम्बर से सम्पर्क किया जाएगा, सम्पर्क नहीं होने पर ऐसे हितग्राहियों को पलायन कर्ता घोषित कर पेंशन होल्ड कर दी जाएगी। ई-केवाइसी होने पर उनकी पेंशन एरियर सहित जारी कर दी जाएगी। जिन हितग्राहियों के आधार कार्ड पर प्रदेश के बाहर के पते दर्ज हैं उनकी पेंशन होल्ड कर दी जाएगी। जिन हितग्राहियों के आधार कार्ड उपलब्ध नहीं हैं, उनके आधार कार्ड बनवाने की व्यवस्था कर ई-केवाइसी कराई जाएगी। किसी हितग्राही की दो समग्र आईडी जरनेट हो गई हैं, उनका एक समग्र आईडी डिलीट कराया जाएगा। प्रमुख सचिव ने कहा है कि इस अभियान से स्थानीय निकाय, ग्राम पंचायत, महिला बाल विकास विभाग, राजस्व तथा ब्लॉक ई-गर्वनेंस टीम का संयुक्तदल गठित किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से जापान के विदेश उप मंत्री मत्सुमोतो ने की भेंट

# प्रदेश में किया जाने वाला निवेश रणनीतिक दृष्टिकोण से बहुत अहम

### शहरी क्षेत्र विकास में जापान के साथ तकनीकी सहयोग की जरूरत

### निवेशकों की भागीदारी से मध्यप्रदेश में होंगे नए अवसर पैदा

### मप्र-जापान के बीच औद्योगिक भागीदारी को बढ़ाने पर चर्चा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जापान दौरे के दूसरे दिन जापान के विदेश मंत्रालय के संसदीय उपमंत्री हिसाशी मत्सुमोतो ने मुलाकात की। यह बैठक भारत-जापान द्विपक्षीय संबंधों को और सशक्त बनाने मध्यप्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने और मध्यप्रदेश में निवेशकों के लिए उपलब्ध अवसरों की जानकारी देने पर केंद्रित रही। मुख्यमंत्री ने भारत और जापान के बढ़ते सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जापान का भारत विशेष रूप से मध्यप्रदेश में किये जाने वाला निवेश, रणनीतिक दृष्टिकोण से बहुत अहम है।

उन्होंने चर्चा में जापान के विदेश मंत्रालय के उपमंत्री मत्सुमोतो से आगे भी इस दिशा में और गति कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में जापानी निवेशकों के लिए बहुत अच्छे अवसर हैं, खासकर शहरी परिवहन, जल प्रबंधन और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में निवेश की अपार संभावनाएं है। मध्यप्रदेश में मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, कुशल मानव संसाधन और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा है, जो विदेशी निवेशकों के लिए लाभकारी हो सकता है। मुख्यमंत्री ने जलवायु परिवर्तन, जल प्रबंधन, और शहरी क्षेत्र विकास में जापान के साथ तकनीकी सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इन क्षेत्रों में जापानी विशेषज्ञता को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए हमें जापान के सहयोग की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में व्यापार और औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने निवेश को आकर्षित करने के लिए नीति-निर्माण और निवेश की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया है। उन्होंने कहा कि जापानी कंपनियों के लिये मध्यप्रदेश में निवेश और एक दीर्घकालिक साझेदारी का बेहतरीन अवसर हो सकता है, जो हमारे राज्य और जापान के बीच रिश्तों को और अधिक सशक्त करेगा। मुख्यमंत्री ने उप मंत्री मत्सुमोतो को 24-25 फरवरी 2025 को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित किया। यह समिट मध्यप्रदेश में औद्योगिक और व्यापारिक निवेश को बढ़ावा देने का एक बड़ा अवसर होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस समिट में जापान के निवेशकों की भागीदारी से मध्यप्रदेश में नए अवसर पैदा होंगे।

**'फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक' पर चर्चा-** उप मंत्री मत्सुमोतो ने भारत को जापान का महत्वपूर्ण सहयोगी बताते हुए कहा कि भारत जापान की 'फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक' स्थिरता और विकास की विदेशी नीतियों की संकल्पना को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जापान भारतीय राज्यों, विशेष रूप से मध्यप्रदेश में निवेश और आर्थिक सहयोग को और बढ़ाने के प्रयासों को तेज करेगा।



### जल विद्युत परियोजनाओं में निवेश के लिए आमंत्रित

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि जिका के साथ राज्य में नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की मंशा से यह मुलाकात अति महत्वपूर्ण है। भोपाल, इंदौर और ग्वालियर जैसे प्रमुख शहरो में शहरी परिवहन, जल प्रबंधन और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्टस में तकनीकी और जापानी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए स्थाई शहर मॉडल बनाया जा सकता है। सीएम ने जिका के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शोहेई हारा ने डॉ. यादव के साथ हुई बैठक को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इसमें मध्यप्रदेश में बिजली, स्वास्थ्य के साथ कृषि जैसे क्षेत्रों की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की हैं। उन्होंने कहा कि जिका के सहयोग से औद्योगिक क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन और लॉजिस्टिक्स हब्स का विकास, नर्मदा और चंबल जैसी प्रमुख नदियों के जलग्रहण क्षेत्र के संरक्षण और पुर्नस्थापन तथा राज्य में युवाओं के कौशल विकास के लिए जापानी ट्रेनिंग मॉडल अपनाने की बात कही।

### मुख्यमंत्री ने ब्रिजस्टोन मुख्यालय का किया दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टोक्यो में ब्रिजस्टोन मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान ब्रिजस्टोन कॉर्पोरेशन के ग्लोबल सीईओ शुइची इशिबारी के साथ मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने फरवरी 2024-25 में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आमंत्रण देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में यात्री वाहनों और ट्रकों के टायर उत्पादन के अलावा अन्य विविध क्षेत्रों में विस्तार की अपार संभावनाएं है। मध्यप्रदेश में स्मार्ट और उन्नत विर्निमाण प्रौद्योगिकियों पर आधारित अनुसंधान और विकास केन्द्र स्थापित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ब्रिजस्टोन को राज्य में हर प्रकार का सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मुख्यमंत्री और जेट्रो अध्यक्ष ने की निवेश पर चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष सुसुमु काताओका और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ टोक्यो के मिनाटो-कू में विस्तृत चर्चा की। बैठक में जापानी कंपनियों के मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर संभावनाओं और सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में जेट्रो के 5 कार्यालय नई दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई और अहमदाबाद हैं, लेकिन मध्यप्रदेश में इसका कोई कार्यालय नहीं है। उन्होंने जेट्रो को राज्य में एक कार्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव दिया ताकि जापानी कंपनियों और राज्य सरकार के बीच संवाद और सहयोग को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश, अपनी रणनीतिक स्थिति, मजबूत बुनियादी ढांचे और अनुकूल औद्योगिक वातावरण के कारण, जापानी निवेशकों के लिए एक आदर्श स्थान है। उन्होंने बताया कि राज्य लो सेस्मिक जोन में आता है, जिससे यहां निवेश की सुरक्षा और स्थिरता बनी रहती है।

### जापान के पर्यटकों को आकर्षित करने पर की चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान के राज्य मंत्री यासुशी फुरुकावा से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं ने बुनियादी ढांचे, स्मार्ट सिटी, परिवहन प्रणाली के आधुनिकीकरण और पर्यटन विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने जापानी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए मध्यप्रदेश में मेट्रो रेल और इलेक्ट्रिक बसों के विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा की। भोपाल और इंदौर जैसे स्मार्ट शहरों में जापानी तकनीक और निवेश से अत्याधुनिक शहरी सुविधाओं के विकास पर भी बातचीत हुई। मुख्यमंत्री ने जापान के श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए खजुराहो, सांची और अन्य विश्व धरोहर स्थलों को और अधिक विकसित करने की योजना पर चर्चा की। पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कान्हा और बांधवगढ़ जैसे राष्ट्रीय उद्यानों को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने के उपायों पर भी बात हुई।

# भारत विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में से एकः मंत्री लोधी

### मध्य प्रदेश प्राकृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से समृद्धशाली

सत्ता सुधार ■ भोपाल



पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास और प्रगति में पर्यटन एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारा महान देश भारत पर्यटन की दृष्टि से दुनिया का एक अहम स्थान है। हमारे देश में सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक और पुरातात्विक दृष्टि से वह सब कुछ है जो एक पर्यटक को चाहिए होता है। राज्य मंत्री लोधी बर्सिलोना स्पेन में पर्यटन के रोडशो कार्यक्रम में टूर ऑपरेटर, ट्रैवल एजेंट्स, पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों और मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारत के मध्य में स्थित प्रांत हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश से आता हूं। जिस तरह हृदय सम्पूर्ण शरीर में ऊर्जा का प्रवाह करता है, उसी तरह भारत की आध्यात्मिक और दार्शनिक संस्कृति का मार्ग भी मध्य प्रदेश से होकर गुजरता है। मध्य प्रदेश प्राकृतिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से समृद्धशाली प्रदेश है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पर्यटन के क्षेत्र में हमारा देश और मध्यप्रदेश लगातार उच्च मापदंडों को स्पर्श कर रहा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से भारत के काउंसल जनरल सुंदरामूर्ति और मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक टी इलैयाराजा भी मौजूद थे।

लोधी ने कहा कि भारत विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में से एक है। हमारी संस्कृति दुनिया की एक मात्र संस्कृति है, जो वसुधैव कुटुंबकम् की बात करती है और सम्पूर्ण विश्व को अपना परिवार मानती है। हमारी संस्कृति ना केवल मानव जाति के कल्याण की बात करती है, बल्कि सम्पूर्ण जीवित जगत के कल्याण की बात भी करती है। हमने आज भी अपने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और दार्शनिक मूल्यों को न केवल अक्षुण बनाये रखा है, बल्कि उसे सम्पूर्ण विश्व में प्रसारित भी किया है। राज्य मंत्री लोधी ने स्पेन के सभी नागरिकों को मध्यप्रदेश आने के लिए आमंत्रित किया।

# 'मेक इन इंडिया के मिशन को साकार करने में अधिकारी अपनी ऊर्जा लगाएं'

सत्ता सुधार ■ भोपाल

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने बुधवार को एमएसएमई विभाग के नवनियुक्त सहायक संचालक, प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधकों से कहा है कि वे राज्य सरकार की मंशा अनुरूप मेक इन इंडिया के मिशन को साकार करने में अपनी ऊर्जा लगाएं। मंत्री काश्यप विभागीय परिचयात्मक प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को उद्योग आयुक्त दिलीप कुमार और सेडमैप के कार्यकारी निदेशक अम्बरीष अधिकारी ने भी संबोधित किया।

मंत्री काश्यप ने सभी नवनियुक्त सहायक संचालकों एवं प्रबंधकों को बधाई देते हुए अपने नए दायित्व के साथ विभाग एवं स्वयं की प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए सकारात्मक रूप से योजनाबद्ध कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण आपके ज्ञान में वृद्धि कर सकता है लेकिन अपने व्यवहार को हमें स्वयं ही उत्कृष्ट बनाना होगा।नव उद्यमियों के प्रति हमारा व्यवहार सदैव उदार एवं सहायक हो और उन्हें सरकार की हर नीतियों का लाभ सुनिश्चित रूप से मिल सके।

# हजीरा अस्पताल के सशक्तिकरण के लिए करें जरूरी व्यवस्थाएंः डिप्टी सीएम शुक्ल

### उप मुख्यमंत्री से ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न तोमर ने की सौजन्य भेंट

सत्ता सुधार ■ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ग्वालियर के सिविल अस्पताल हजीरा के सशक्तिकरण और उन्नयन के लिए जरूरी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नियमानुसार समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र सुनिश्चित की जाएं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिविल अस्पताल हजीरा में स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। शुक्ल ने रोगी कल्याण समिति के दानदाताओं को समयबद्ध रूप से 80जी सर्टिफिकेट उपलब्ध कराए जाने के भी निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल से ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंत्रालय वल्लभ भवन में सौजन्य भेंट की।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने ग्वालियर के सिविल अस्पताल हजीरा के उन्नयन से संबंधित विभिन्न विषयों के संबंध में अनुरोध किया। उन्होंने सिविल अस्पताल हजीरा में ट्रॉमा सेंटर, आईसीयू, कैथ लैब की स्थापना तथा अतिरिक्त चिकित्सकीय स्टॉफ की उपलब्धता का अनुरोध किया।

# पं. गयाप्रसाद एलिया का पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित रहा

### शिक्षा के क्षेत्र में अलग जगाकर लोगों का जीवन संवारने का काम किया : आशीष अग्रवाल

सत्ता सुधार ■ भोपाल



पं. गयाप्रसाद एलिया के देवलोकगमन उपरांत बुधवार को श्रद्धांजलि सभा में शोक संवेदना व्यक्त कर पं. गयाप्रसाद एलिया के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया गया। मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि पं. गयाप्रसाद एलिया ने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित कर दिया। वे शिक्षा के क्षेत्र में जो अलख जगाई, उससे गंजबासौदा और आसपास के क्षेत्र के सैकड़ों घर आज रोशन हो रहे हैं। एलिया का पूरा जीवन एक आदर्श पिता, आदर्श शिक्षक व समाजसेवी का रहा है। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर कार्य जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। उनके बताए मार्ग पर चलकर आज उनके पुत्र व छात्र आज समाज में अपनी आभा बिखेर रहे हैं। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने कहा कि गयाप्रसाद एलिया ने शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाकर लोगों का जीवन संवारने का काम किया। उनकी धार्मिक, सामाजिक और शैक्षिक सेवा ने कई जीवनों को प्रेरित किया और उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। पं. गया प्रसाद एलिया एक शिक्षा एवं समाजसेवी थे, जिन्होंने समाज के उत्थान के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। उनका जीवन विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय रहा, और वे समाज में जागरूकता फैलाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। उन्होंने अपने जीवन में कई ऐसे कार्य किए जिनसे समाज में शिक्षा का स्तर ऊंचा हुआ और अनेक गरीब और पिछड़े वर्ग के लोग भी शिक्षा से जुड़ सके। स्व. गयाप्रसाद ने न सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक सुधार के लिए भी कार्य किए हैं।

## सियासत

### ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग वाली याचिका खारिज

# ये कांग्रेस सरकार की नीतियों को जीतः कमलनाथ

सत्ता सुधार ■ भोपाल



मध्य प्रदेश के जबलपुर उच्च न्यायालय द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण को लेकर दायर की गई याचिका खारिज करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मोहन सरकार से ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देने की मांग की है।

मध्य प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि जबलपुर हाई कोर्ट ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें राज्य शासन द्वारा प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण देने के फैसले का विरोध किया था। यह कांग्रेस पार्टी की नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि मार्च 2019 में जब वे मुख्यमंत्री थे, तब मध्य प्रदेश के ओबीसी समुदाय को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया था। हाई कोर्ट के फैसले ने तत्कालीन सरकार के निर्णय को फिर सही साबित किया है। अब प्रदेश सरकार को तत्काल सभी स्तर पर 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण देना सुनिश्चित करना चाहिए। कमलनाथ ने भाजपा पर ओबीसी विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि ओबीसी आरक्षण को लेकर भाजपा ने हमेशा षड्यंत्रकारी रवैया अपनाया है। उन्होंने कहा, मार्च 2019 में मेरी तत्कालीन सरकार ने मप्र में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया था। तभी साल 19 मार्च को हाईकोर्ट ने पोस्टग्रेजुएट मेडिकल कोर्स के लिए 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर स्थगन दिया। यहां उल्लेखनीय है कि स्थगन सिर्फ कुछ नौकरियों के लिए था। इतना ही नहीं ओबीसी के 27 प्रतिशत रिजर्वेशन की सभी बाधाओं को दूर करने के लिए जुलाई 2019 में मेरी सरकार ने विधानसभा से 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का कानून भी पास कर दिया था। कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा कि मार्च 2020 में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद ओबीसी के खिलाफ षड्यंत्र शुरू किया गया। हाई कोर्ट का आदेश सिर्फ कुछ पदों पर लागू होना था, लेकिन भाजपा सरकार ने पूरे राज्य में सभी जगह यह आदेश लागू कर 27 प्रतिशत आरक्षण की हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में 27 प्रतिशत आरक्षण के खिलाफ दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया है।

### साइन लैंग्वेज के इंटरप्रेटर नि :शुल्क ऑनलाइन उपलब्ध होंगे

# मूक-बधिर के लिए क्यूआर कोड जारी ऑफिस व अदालतों में मिलेगी सुविधा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रदेश के मूक-बधिर दिव्यांगजन अब अपनी बात साइन लैंग्वेज से शासकीय कार्यालयों, पुलिस थानों, न्यायालयों में आसानी से समझा सकेंगे। इसके लिए सामाजिक न्याय दिव्यांगजन कल्याण विभाग द्वारा भारतीय सांकेतिक भाषा में साइन लैंग्वेज पर आधारित एक क्यू आर कोड जारी किया गया है। इसके माध्यम से डेफ्थ कैन फाउंडेशन प्रत्येक मूक-बधिर आवेदक को एक साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर ऑनलाइन उपलब्ध कराएगी। जो उनकी बात संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को सामान्य भाषा में समझा सकेंगे।



आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन-कल्याण डॉ. आरआर भोंसले ने साइन-लैंग्वेज क्यूआर कोड का विमोचन किया। आयुक्त भौंसले ने बताया कि भारत सरकार द्वारा एक्सेसिबल इंडिया प्रोग्राम के तहत समाज में दिव्यांगों को आसान माहौल उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सभी कार्यालय में व्यक्तियों के लिए क्यूआर कोड तैयार कराया गया है। डेफ्थ कैन फाउंडेशन साइनेबल कंपनी के माध्यम से यह सुविधा उपलब्ध कराएगी। डेफ्थ कैन फाउंडेशन की फाउंडर एसोसिएट सुश्री प्रीति ने बताया के साइन लेवल कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले लाइव इंटर प्रिटेशन आरसीआई (रिहेल्विशन कौसिल ऑफ इंडिया) से रजिस्टर्ड व्यक्ति होंगे। जिनके द्वारा किए गए इंटरप्रिटेशन को न्यायिक प्रक्रिया में भी मान्यता दी जाएगी। रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा तैयार किए गए इंटरप्रेटर के लिए सुविधा शुल्क राशि सामाजिक न्याय विभाग मध्यप्रदेश शासन एक साथ उपलब्ध कराएगी दी गई है। दिव्यांगों को यह सुविधा निःशुल्क प्राप्त होगी।

## ब्रीफ न्यूज

### इन फीडरों पर आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**शिवपुरी।** आवश्यक रखरखाव का कार्य किए जाने हेतु 33 के.व्ही.लुकवासा, चंदौरिया, बदरवास एवं खरैह फीडर पर 30 जनवरी को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। 30 जनवरी को 33 के.व्ही.खरई फीडर के बंद रहने से प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक 33/11 के.व्ही.उपकेन्द्र देहरदा सड़क, लुकवासा एवं केलधार से जुड़े समस्त क्षेत्र एवं एच.टी. उपभोक्ता, चंदौरिया एवं रमतला, बदरवास, एवं श्रीपुर, जुड़े समस्त क्षेत्र एवं एच.टी. उपभोक्ता तथा खरैह, देहरदा गणेश, पचावली एवं ऐजवारा से जुड़े समस्त क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

### ट्रैक्टर पलटा, ड्राइवर की मौके पर मौत, शव की शिनाख्त में जुटी पुलिस

**शिवपुरी।** शिवपुरी में एक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। घटना मंगलवार की रात करैरा थाना क्षेत्र के सिरसौद-चंदेरी मार्ग पर सिद्धपुरा गांव के पास हुई, जहां सरियों से भरा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर में घसाराई गांव में निर्माणाधीन पानी की टंकी के लिए सरिया ले जाया जा रहा था। ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलटने से चालक की जान चली गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय सरपंच अतर सिंह लोधी ने तुरंत अमोला थाने में सूचना दी। इसके बाद अमोला और करैरा थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रैक्टर के नीचे दबे शव को निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी भेज दिया।

**शव की शिनाख्त में जुटी पुलिस :** फिलहाल मृतक चालक की पहचान नहीं हो पाई है। करैरा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत लाभ लेने जनजातीय वर्ग के आवेदन आमंत्रित

**शिवपुरी।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान् के अंतर्गत विभागीय गतिविधियों में जनजाति वर्ग के विकास के लिए एक्शन प्लान तैयार करने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के जनजातीय वर्ग के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मछुआ कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत जिले के इच्छित हितग्राहियों से 7 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित है। योजना अंतर्गत प्रमुख रूप से तालाब निर्माण, बायो फ्लोक पोण्ड, फिश फीड मिल, फिश कियोस्क, पुनः संचरणीय जलीय संवर्धन तंत्र, मोटर सायकल विथ आइस बॉक्स आदि योजनाये शामिल है। योजना हेतु केवल जनजातीय वर्ग के हितग्राहियों को पात्रता है। योजनान्तर्गत अनु.जनजाति वर्ग को हितग्राहीमूलक योजनाओं पर 90 प्रतिशत अनुदान एवं समुदाय आधारित गतिविधि के लिए 100 प्रतिशत अनुदान की पात्रता है। इच्छित मत्स्य पालक अथवा समिति सदस्य एवं अन्य मत्स्य पालन में रूचि रखने वाले जनजातीय वर्ग के कृषक कार्यालयीन समय में कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजो सहित उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला शिवपुरी में संपर्क कर सकते हैं।

# अस्पताल की लापरवाही से गई गर्भवती की जान

## रेफर पर्चा नहीं दिया, एक घंटे की देरी से शुरू हुआ इलाज; गर्भ में पल रहे बच्चे की भी मौत

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी



शिवपुरी में चिकित्सकीय लापरवाही की वजह से एक गर्भवती की प्रसव के दौरान मौत हो गई, वहीं गर्भ में पल रहे बच्चे को भी नहीं बचाया जा सका। पारागढ़ की 30 वर्षीय सोमवती को मंगलवार रात 9 बजे प्रसव पीड़ा के कारण उन्हें कोलारस स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था।

गंभीर स्थिति देखते हुए डॉक्टरों ने मरीज को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन चिकित्सकों ने रेफर पर्चा जारी नहीं किया। एम्बुलेंस कर्मचारी भी बिना आवश्यक दस्तावेजों के मरीज को लेकर चल दिए। रात करीब 12 बजे जब मरीज जिला अस्पताल पहुंची, तो नर्सिंग स्टाफ ने भर्ती और रेफर पर्चे की मांग की। इसके बाद कोलारस अस्पताल से व्हाट्सएप पर पर्चे की कॉपी मंगवाने में करीब एक घंटे का समय लग गया। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. बीएल यादव के मुताबिक, प्रसूता का ओपीडी पर्चा रात डेढ़ बजे बना और मात्र 35 मिनट बाद यानी 2ः05 बजे उनकी मौत हो गई। महिला के परिजनों ने कोलारस स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

### सांसद कप खेल प्रतियोगिता का आयोजन आज से होगा

**जिले के समस्त विकास खण्डों एवं जिला मुख्यालय स्तर के लिए कार्यक्रम जारी**

**शिवपुरी।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा संसदीय क्षेत्र गुना के सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशानुसार जिले में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इस सांसद कप खेल प्रतियोगिता का आयोजन 30 जनवरी से शुरू होगा और 9 फरवरी तक यह प्रतियोगिता होगी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विकास-खंड स्तर से लेकर जिला स्तर तक आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिता के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है।सांसद कप खेल प्रतियोगिता ग्रामीण अंचल में प्रातः 09 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसमें 30 और 31 जनवरी को कॉलेज मैदान, इंडोर स्टेडियम मनीपुरा कोलारस, 31 जनवरी और 1 फरवरी को सिकन्दपुर पॉवर हाउस के पास नरवर, 2 और 3 फरवरी को छत्रसाल स्टेडियम पिछोर में एवं आउट डोर स्टेडियम खनियाधाना, 4 और 5 फरवरी को इंडोर स्टेडियम मनीपुरा एवं सी.एम.राईस स्कूल बदरवास तथा 6 और 7 फरवरी को पोलाग्राउण्ड शिवपुरी में आयोजित की जाएगी। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता 8 और 9 फरवरी को पोलोग्राउण्ड शिवपुरी में आयोजित की जाएगी।

# गाय को बचाने में पलटा कबाड़ से भरा ट्रक



### शिवपुरी के NH-46 पर हादसा, एक लेन बाधित; क्रेन भी नहीं हटा पाई वाहन

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

जिले के कोलारस थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 46 पर मोहराई गांव के पास बुधवार देर रात एक बड़ा हादसा हुआ। झांसी से इंदौर जा रहा कबाड़ से भरा एक ट्रक अचानक सड़क पर आई गाय को बचाने के कोशिश में पलट गया।

ट्रक चालक सुलेमान के अनुसार, वाहन तेज गति से चल रहा था जब अचानक एक गाय सड़क पर आ गई। गाय को बचाने के प्रयास में ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। सौभाग्य से इस दुर्घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

हादसे के बाद से हाईवे की एक लेन पूरी तरह बाधित हो गई है। प्रशासन ने क्रेन बुलाकर ट्रक को हटाने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक में लदे भारी कबाड़ के कारण क्रेन भी उसे हिला नहीं पाई। अब अधिकारियों ने मजदूरों को बुलाया है जो पहले ट्रक से कबाड़ को खाली करेंगे, उसके बाद ही ट्रक को हटाया जा सकेगा। इस बीच पुलिस हाईवे की दूसरी लेन से यातायात को सुचारू रूप से संचालित कर रही है।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया लगाएंगे जनता दरबार

## 8 और 9 फरवरी को कोलारस, शिवपुरी और पिछोर में करेंगे जनसुनवाई

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने संसदीय क्षेत्र में आम जनता की समस्याएं सुनने के लिए जनता दरबार लगाने जा रहे हैं। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर स्थानीय प्रशासन और नेता सक्रिय हो गए हैं। सिंधिया 8 फरवरी को कोलारस विधानसभा क्षेत्र में और 9 फरवरी को शिवपुरी और पिछोर विधानसभा में जनता की समस्याएं सुनेंगे।

कोलारस में वे रेस्ट हाउस में शाम 4ः30 से 7ः30 बजे तक उपस्थित रहेंगे। अगले दिन शिवपुरी के मानस भवन में सुबह 11ः45 से दोपहर 2ः45 तक और पिछोर के छत्रसाल महाविद्यालय में शाम 4ः15 से 7ः15 बजे तक जनसुनवाई करेंगे।

#### कलेक्टर और एसपी ने किया स्थानों का निरीक्षण

कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी और एसपी अमन सिंह राठौड़ ने तीनों स्थलों का निरीक्षण किया है। इस जनता दरबार के माध्यम से केंद्रीय मंत्री सिंधिया क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद स्थापित करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे।

### ट्रैक्टर पलटा, ड्राइवर की मौके पर मौतःशव की शिनाख्त में जुटी पुलिस; पानी की टंकी के लिए सरिया ले जा रहा था

**शिवपुरी।** शिवपुरी में एक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। घटना मंगलवार की रात करैरा थाना क्षेत्र के सिरसौद-चंदेरी मार्ग पर सिद्धपुरा गांव के पास हुई, जहां सरियों से भरा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर में घसाराई गांव में निर्माणाधीन पानी की टंकी के लिए सरिया ले जाया जा रहा था। ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलटने से चालक की जान चली गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय सरपंच अतर सिंह लोधी ने तुरंत अमोला थाने में सूचना दी। इसके बाद अमोला और करैरा थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रैक्टर के नीचे दबे शव को निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्चुयुरी भेज दिया।

# स्वदेशी उत्पाद और शासकीय योजनाओं की जानकारी के लिए स्वदेशी मेले में लगेंगे स्टॉल




सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

स्वदेशी जागरण मंच, जिला इकाई शिवपुरी द्वारा जिला मुख्यालय स्थित पोलो ग्राउण्ड शिवपुरी में 31 जनवरी से 09 फरवरी तक लोकल फॉर वॉकल नारे को मूर्त रूप प्रदान किये जाने के उद्देश्य से स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। स्वदेशी मेले में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। जिसमें स्वदेशी उत्पाद, स्वदेशी तकनीकों और संरचनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है। विभाग से संबंधित उत्पाद एवं जनहितैषी योजनाओं को आमजन के प्रदर्शन के लिए मेले में स्टॉल लगाने के निर्देश दिए हैं। व्यवस्थाओं को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

# चोरी की 10 बाइकों के साथ तीन शातिर चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी



करैरा थाना पुलिस को तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पकड़े गए चोरों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की 10 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों से चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने एवं बेचने वालों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

करैरा थाना प्रभारी विनोद सिंह छावई ने बताया कि पुलिस टीम को इलाका भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि तीन व्यक्ति खैराकोटिया व आंडर के बीच खाती बाबा की झांडी जंगल मे मोटरसाइकिल रखे हुए है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंची तो जंगल मे 3 व्यक्ति मिले जो 10 मोटरसाइकिल रखे हुए थे जिनके नाम पता पूछने पर पहले ने मंगल परिहार पुत्र छुन्ना परिहार उम्र 30 साल नि0 ग्राम करही थाना करैरा एंव दूसरे ने अनिल पुत्र धनमेश परिहार उम्र 20 साल नि0 ग्राम खरग थाना जिगना दतिया एंव तीसरे ने अपना नाम सुमित पुत्र परशूराम यादव उम्र 22 साल नि, ग्राम खरग थाना जिगना दतिया का होना बताया। तीनों व्यक्तियों से 10 मोटरसाइकिलों के संबंध में कागजात चाहे तो उन्होने कोई कागजात न होना बताया और पुलिस को गोल मोल जबाव देते रहे पुलिस को संदेह पक्का हो गया पुलिस ने तीनों से सख्ती से पूछताछ की तो मोटरसाइकिलें दतिया एव शिवपुरी से चोरी करना बताया। उक्त आरोपीगण के कब्जे से 10 मोटरसाइकिल को विविधत जप्त की गई। जिनमें हीरो पेशन प्रो. क्र. एमपी 33 एमए 9842, सीटी 100 काले नीले रंग क्रमांक एमपी 32 एमजी 8504, बजाज प्लेटीना सिलवर ग्रे रंग क्रमांक एमपी 33 एमए 5513, वहीं बिना नंबर की बाइकों में हीरो स्पलेण्डर प्लस काले रंग, कावासा की 4 एस चैम्पियन लाल रंग, हीरो एचएफ डिलेक्स काले रंग, हीरो स्पलेण्डर काले रंग, टीव्हीएस स्पोर्ट लाल रंग, हीरो स्पलेण्डर काले सिल्वर रंग, टीव्हीएस स्पोर्ट काले हरे रंग शामिल हैं।आरोपीगणों को गिरफ्तार कर आरोपीगणों के विरूद्ध थाना करैरा पर अपराध क्रमांक 77/25 धारा 303(2), 317(4), 354 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरी. विनोद सिंह छावई, सउनि पुष्पेन्द्र सिह चौहान, प्रआर रवि मांझी, आर. हरेन्द्र गुर्जर, राधेश्याम, सुरेन्द्र रावत, संदीप चौहान, मत्स्येन्द्र गुर्जर, सोनू श्रीवास्तव की अहम भूमिका रही।

### मूक-बधिर दिव्यांगजनों के लिए क्यूआर कोड जारी

**शिवपुरी।** प्रदेश के मूक-बधिर दिव्यांगजन अब अपनी बात साइन लैंग्वेज से शासकीय कार्यालयों, पुलिस थानों, न्यायालयों में आसानी से समझा सकेंगे। इसके लिए सामाजिक न्याय दिव्यांगजन कल्याण विभाग द्वारा भारतीय सांकेतिक भाषा में साइन लैंग्वेज पर आधारित एक क्यू आर कोड जारी किया गया है। इसके माध्यम से डेफ्थ कैन फाउंडेशन प्रत्येक मूक-बधिर आवेदक को एक साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर ऑनलाइन उपलब्ध कराएगी। जो उनकी बात संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को सामान्य भाषा में समझा सकेंगे। आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन-कल्याण डॉ. आर.आर. भोंसले ने साइन-लैंग्वेज क्यूआर कोड का विमोचन किया। भारत सरकार द्वारा एक्सेसिबल इंडिया प्रोग्राम के तहत समाज में दिव्यांगों को आसान माहौल उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सभी कार्यालय में व्यक्तियों के लिए क्यूआर कोड तैयार कराया गया है। डेफ्थ कैन फाउंडेशन साइनेबल कंपनी के माध्यम से यह सुविधा उपलब्ध कराएगी। ÷डेफ्थ कैन फाउंडेशन÷ की फाउंडर एसोसिएट ने बताया कि साइन लेवल कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले लाइव इंटर प्रिटेशन आरसीआई (रिहेल्बिशन कौसिल ऑफ इंडिया) से रजिस्टर्ड व्यक्ति होंगे। जिनके द्वारा किए गए इंटरप्रिटेशन को न्यायिक प्रक्रिया में भी मान्यता दी जाएगी। रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा तैयार किए गए इंटरप्रेटर के लिए सुविधा शुल्क राशि सामाजिक न्याय विभाग मध्यप्रदेश शासन एक साथ उपलब्ध कराएगी। दिव्यांगों को यह सुविधा निःशुल्क प्राप्त होगी।

### नवीन परिसीमन के अंतर्गत सीमाओं में होने वाले परिवर्तन के संबंध में सुझाव देने के लिये बैठक आज

**शिवपुरी।** नवीन परिसीमन के अंतर्गत जिला, अनुभाग, तहसील, जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों की सीमाओं में होने वाले परिवर्तन के संबंध में सुझाव देने के लिए बैठक 30 जनवरी को आयोजित की जाएगी। यह बैठक प्रातः 11 बजे से होगी। बैठक में नवीन परिसीमन को लेकर जनप्रतिनिधियों से चर्चा की जाएगी।

### हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2025 के प्रवेश पत्र जारी

**शिवपुरी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मप्र. द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एस.ई) परीक्षा वर्ष 2025 के प्रवेश पत्र जारी कर दिये है। प्रवेश पत्र mpbse.mponline.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते।

**जरूरी सूचना**

शिवपुरी जिले में पिछोर, खनियाधाना, कोलारस, बदरवास, पोहरी, बैराड़, करेरा, नरवर, रन्नौद, लुकवासा में सत्ता सुधार की एजेंसी एवं रिपोर्टरों की नियुक्ति करना है।

संपर्क करें : दीपक अरोरा
मोबाइल नंबर: +918959194646

**हड़ताल** निजी स्कूलों की नई मान्यता नियमों में बदलाव की मांग

# शिवपुरी में 30 जनवरी को प्राइवेट स्कूलों की हड़ताल

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

मध्य प्रदेश में निजी स्कूलों की नई मान्यता नीतियों के विरोध में प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन ने 30 जनवरी को प्रदेशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। शिवपुरी जिले के पिछोर ब्लॉक सहित कई प्राइवेट स्कूल इस हड़ताल में शामिल होंगे।

#### इन नीतियों का विरोध

प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन ब्लॉक पिछोर के अध्यक्ष नीरज गुप्ता के अनुसार सरकार की ओर से लागू की गई नई नीतियां स्कूलों के हित में नहीं हैं। विरोध के मुख्य मुद्दों में रजिस्टर्ड किरायानामा 40,000 रुपए की एफडी जमा करने का प्रावधान, आरटीई के तहत निशुल्क शिक्षा देने के बावजूद हर



साल 4,000 रुपए का अतिरिक्त शुल्क और शिक्षकों के आधार सत्यापन की अनिवार्यता शामिल हैं।

एसोसिएशन का कहना है कि सालों से सीमित संसाधनों में बेहतर शिक्षा और रोजगार प्रदान करने वाले निजी विद्यालयों पर ये नियम अव्यवहारिक और तर्कहीन हैं। इससे न केवल स्कूलों पर बल्कि अभिभावकों पर भी अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ेगा। हालांकि, जिन स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं, वे गतिविधियां यथावत जारी रहेंगी।

एसोसिएशन ने इस संबंध में शिक्षा विभाग के बीआरसीसी और बीईओ को पहले ही लिखित सूचना दे दी है। यह हड़ताल प्रदेश के सभी निजी स्कूल संगठनों के समर्थन से की जा रही है।

दैनिक
सत्ता सुधार
विज्ञापन, एजेंसी, समाचार के लिए संपर्क करें
दीपक अरोरा, ब्यूरोचीफ शिवपुरी
मो. 8959194646
कपिल उपाध्याय, जिला संवाददाता
मो. 9893099934

## संबंध तोड़ने की धमकी से डिप्रेशन में आई युवती ने गटक लिया था जहर

# शादी से पहले दहेज की डिमांड करने वाले पिता- पुत्र पर एफआईआर

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

शादी से पहले दहेज की डिमांड करने वाले पिता- पुत्र के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपियों द्वारा दी जा रही संबंध तोड़ने की धमकी से डिप्रेशन में आई युवती ने जहर गटक लिया था, हालांकि समय पर उपचार मिल जाने से उसकी जान बच गई।

यहां बता दें कि ग्वालियर थाना क्षेत्रांतर्गत जहांगीर कटरा निवासी धर्मेंद्र कुशवाह की 26 वर्षीय बिटिया नेहा कुशवाह की सगाई 12 मई 2024 को गोल पहाड़िया पर रहने वाले घनश्याम कुशवाह के बेटे विनोद के साथ हुई थी। जिनका विवाह आगामी छह मार्च को होना तय हुआ था। सगाई के बाद युवक- युवती के बीच बातचीत भी होने लगी थी। इसी दौरान बीती एक जनवरी को अचानक विनोद ने कॉल कर नेहा को मिलने के लिए बुलाया। जब वह उससे मिलने के लिए पहुंची तो विनोद उससे शादी में कार और पांच लाख रुपए कैश की डिमांड करने लगा। इस पर युवती ने अपने परिवार की फाइनेंशियल स्थिति का हवाला देते हुए उसे समझाने का प्रयास किया, तो उसने उससे बातचीत बंद कर दी। इसके बाद विनोद ने अपने छोटे पिता को युवती के घर पहुंचाया था,



उन्होंने भी पांच लाख रुपए कैश व कार की मांग युवती के परिजनों के समक्ष रखी। जब उन्होंने यह डिमांड पूरी कर पाने में असमर्थता जताई, तो वह रिश्ता तोड़ने की धमकी देने लगे। इससे युवती बेहद डिप्रेशन में आ गई, जिसके चलते बीते शनिवार को उसने गेहूं में रखने वाली सल्फास की गोलियां खा लीं। हालत बिगड़ती देख परिजन तत्काल उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां समय से उपचार मिल जाने से उसकी जान बच गई। इसके बाद पुलिस ने युवती की शिकायत पर विनोद कुशवाह व उसके पिता घनश्याम कुशवाह को आरोपी बनाते हुए उनके खिलाफ 3/4 दहेज एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### कॉन्फ्रेंस पर टीआई के नाम पर किसने दी धमकी

यहां बताना गौरतलब होगा कि विनोद द्वारा किसी टीआई को कॉन्फ्रेंस पर लेकर नेहा व उसके भाई को धमकी दी जा रही थी। बात करने वाला व्यक्ति खुद को टीआई बता रहा था। वह युवती और उसके भाई को घर से उठा ले जाने की धमकी दे रहा था। जबकि युवती का भाई उसे समझाने का प्रयास कर रहा था कि वह दहेज मांग रहा है और 8 माह से रिलेशनशिप में हैं। इसके बाद भी बात करने वाला उन्हें धमका रहा था। इससे घबराकर ही युवती ने जहर खाकर खुदकुशी का प्रयास किया था, किंतु पुलिस द्वारा अब तक यह भी पता नहीं लगाया जा सका है, कि आखिर कॉल पर धमकाने वाला व्यक्ति कौन है, वह सचमुच टीआई है, अथवा यूं ही धमकी दे रहा था।

### घर में चल रही थीं शादी की तैयारियां

शादी का समय नजदीक आता देख युवती के घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। परिजनों ने मैरिज गार्डन सहित अन्य ऑर्डर बुक कर दिए थे, वहीं शादी के कार्ड भी छपवा कर बांटना शुरू कर दिए थे। इसी बीच उक्त घटना हो गई। जिससे युवती व उसके परिजन बेहद दुखी हैं।

**इनका कहना है**

रिश्ता तोड़ने की धमकी देकर दहेज की डिमांड करने से डिप्रेशन में आकर युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया था, फिलहाल वह सुरक्षित है। आरोपी पिता- पुत्र के खिलाफ दहेज एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

**मिर्जा आसिफ बेग**
**टीआई, ग्वालियर**

## आस्था की डुबकी

# मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में उमड़ा जनसैलाब भगदड़ में कुछ लोगों की मौत तो कई घायल

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर





मौनी अमावस्या पर प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के लिए पहुंची भीड़ में मची भगदड़ में मृतकों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। वहीं ग्वालियर जिले के तीन श्रद्धालुओं के कुंभ से लापता होने की खबर आ रही है तथा इस भगदड़ में छतरपुर की एक महिला की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार संगम तट पर मंगलवार-बुधवार की रात 1.30 बजे के आसपास दूसरे शाही स्नान के लिए काफी संख्या में लोग संगम नोज पर पहुंच गए थे। इसी बीच कुछ शरारती तत्वों ने हादसे की अफवाह उड़ा दी जिससे लोगों के बीच भगदड़ मच गई। जिसके कारण महिला-पुरुष समेत तमाम लोग जमीन पर गिर गए और भारी जनसैलाब के बीच उन्हें उठने का मौका नहीं मिला। जमीन में गिरे लोगों कुचलते हुए भीड़ आगे बढ़ने लगी जिससे स्थिति बिगड़ गई। इसी हादसे में कुंभ में अमृत स्नान करने गए ग्वालियर जिले के तीन श्रद्धालु लापता हो गए। जानकारी के अनुसार, डबरा के टेकनपुर के कामता सिंह बघेल के अलावा भितरवार के हरि साहू और पत्नी शकुंतला साहू लापता हैं ,इन लोगों से परिजनों का संपर्क नहीं हो पा रहा है। साहू की मंगलवार शाम को परिजनों से आखिरी बार बात हुई थी।

### महिला की हुई मौत

महाकुंभ में मची भगदड़ में महिला श्रद्धालु की भी मौत हो गई। मृतक महिला का नाम हुकुम वाई लोधी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार महिला बक्सवाहा तहसील के ग्राम सुनवाहा की रहने बाली बताई जा रही है। जो अपने परिवार सहित 15 लोगों के साथ कुंभ में स्नान करने प्रयागराज गई थी। कुछ लोगों के लापता होने और घायल होने की भी सूचना है। घटना के बाद पीड़ित साथी जन प्रयागराज में अपनों की तलाश में जुटे है। जिला प्रशासन भी प्रयागराज प्रशासन से संपर्क कर जिले के श्रद्धालुओं की जानकारी जुटा रहा है।

## अग्रसेन मंडल ने निकाली रैली



**ग्वालियर।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में अग्रसेन मण्डल में निकाली गई यात्रा की शुरुआत घासमंडी चौराहे से की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला मंत्री शैली शर्मा थे। अध्यक्षता पूर्व सभापति राकेश माहौर ने की। यात्रा मंडल अध्यक्ष महेश भदौरिया ने यात्रा की शुरुआत घासमंडी चौराहे से जहांगीर कटरा, घासमंडी, रानीपुर, मच्छी का बाजार, फोर्ट रोड, किला गेट, बाबा कपूर होते हुए घासमंडी पहुंची। यहां सभा को संबोधित करते हुए शैली शर्मा ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के रूप में देश को एक बहुत बड़ी सौगात दी।

## मौनी अमावस्या पर निकाली हरिनाम प्रभात फेरी



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

संत आशाराम बापू आश्रम के तत्वाधान में मौनी अमावस्या पर हमेशा की भांति हरिनाम प्रभात फेरी विनय नगर में आयोजित की गई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बलबीर सिंह परमार ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी। सुमधुर साउंड के हरिनाम मस्ती में झूमते भक्तों ने संपूर्ण विनय नगर को भक्ति रस से सराबोर कर दिया।भाव नृत्य करते अमावस की हरिनाम प्रभात फेरी में भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त गण झूमते दिखाई पड़ रहे थे। रथ युक्त वाहन पर व्यास पीठ पर संत आशाराम बापू की अलौकिक छबि भव्य मनोहारी प्रतीत हो रही थी। जगह-साधक भक्तों ने माल्यार्पण पुष्प वर्षा कर मिष्ठान फल इत्यादि का भोग लगा कर भव्य स्वागत कर अगवानी की। दृढ़ श्रद्धा के धनी साधकों ने हजारों ऋषि प्रसाद सत्साहित्य और नव वर्ष कैलेंडर के साथ गलियों में विचरण करती प्रभात फेरी में निरंतर फल मिष्ठान का प्रसाद वितरित किया गया।जनसाधारण भी सड़कों पर बापू जी की सेवाओं से प्रभावित जयकारे लगाते दिखाई पड़ रहे थे। भक्तों ने मंगल आरती कर व्यास पीठ से सामूहिक आशीर्वाद ग्रहण किया। विशेष रूप से शामिल होने वालों में आश्रम संचालक अर्जुन भाई, सतराम भाई के अलावा एचके सिंह, सुदामा अग्रवाल, डीके शर्मा, अखिलेश शर्मा, सीबी शर्मा, ओमप्रकाश अरोरा, रामवीर, हिमांशु नागपाल, गोविंद राठौर, रामू रामानी, दिलीप हूंदवानी, बलवीर सिंह परमार, गीता भार्गव, सावित्री मिश्रा, विमला भदौरिया, कल्पना शर्मा, कुसुम चंदेल, गुड्डी प्रजापति इत्यादि समेत सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

### जबलपुर में हो रहा है शहर का सबसे बड़ा एमबीए एडमिशन इवेंट

**जबलपुर।** अगर आप एमबीए करना चाहते हैं और एक सही कॉलेज के चयन को लेकर कन्फ्यूज है तो आपको एक ऐसे माध्यम की जरूरत है जिसमें आपको निष्पक्ष और सही जानकारी मिल सके और आपको एक सही एमबीए कॉलेज चयन करने में मदद कर सके। ज्यादातर अच्छे कॉलेज जहां से एमबीए करने के बाद आपको अच्छी कंपनी में प्लेसमेंट हो जाती है और आपका करियर श्योर हो जाता है। ऐसे कॉलेज मुंबई पुणे बैंगलोर, देहली, हैदराबाद अहमदाबाद एनसीआर जैसे बड़े शहरों में है। लेकिन एक छात्र के लिए यह संभव नहीं है कि वह इन सभी शहरों में जाकर तमाम कॉलेज विजिट करें और सही कॉलेज का चयन करें। तो आपकी इस समस्या का समाधान लेकर आ रहा है करियर विस्टा एजुकेशन। जो छात्र देश के विभिन्न शहरों में एक अच्छे एमबीए कॉलेज का चयन कर रहे हैं। उनके लिए ग्वालियर में एक सुनहरा मौका एमबीए फेस्ट लेकर करियर विस्टा एजुकेशन आ रहा है। ग्वालियर में होने जा इस सबसे बड़े एमबीए एडमिशन इवेंट में तमाम बड़े शहरों के कॉलेज आ रहे हैं। यहां पर एमबीए करने वाले छात्रों को अलग अलग स्पेशलाइजेशन और कॉलेजों के बारे में जानकारी एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो जाएगी।

# डिजिटल अरेस्ट बीएसएफ के रिटायर्ड अफसर को पुलिस ने कराया मुक्त

■ **ठगों ने पॉर्न देखने का झांसा देकर पीड़ित को लिया था झांसे में**

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

डिजिटल अरेस्ट बीएसएफ के रिटायर्ड अफसर को टेकनपुर चौकी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुक्त करवाया। ठगों ने उन्हें पॉर्न वीडियो देखने की बात कहते हुए कार्रवाई का डर दिखाकर अपने झांसे में लिया था।

एसपी धर्मवीर सिंह द्वारा साइबर क्राइम के प्रकरणों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने एवं त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके चलते एएसपी निरंजन शर्मा के निर्देशन एवं डबरा एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में डबरा थाने की पुलिस टीमें साइबर अपराधों



की रोकथाम एवं जगरूकता फैलाने में लगाई गई हैं। इसी तारतम्य में टेकनपुर चौकी में बुधवार को बीएसएफ के रिटायर्ड एसआई राजेंद्र सिंह कुशवाह निवासी टेकनपुर अपने परिवार के साथ घबराए हुए पहुंचे, जिन्होंने बताया कि मुझे सीबीआई अधिकारी कॉल कर कह रहा है कि मुझे पैसे भेजो सेटलमेंट करने के लिए, नहीं तो आपके ऊपर मामला दर्ज हो जाएगा, क्योंकि आप लड़कियों को गंदे मैसेज भेजते हो एवं गंदे वीडियो देखते हो इसलिए आपको डिजिटल अरेस्ट किया जाता है। पुलिस टीम ने उनको समझाया और तसल्ली से उनकी बात को सुना।

### पहले पुलिस को हड़काया, फिर कॉल काट दिया

पुलिस टीम ने घबराए हुए बीएसएफ के रिटायर्ड अफसर से उन्हें कॉल करने वाले ठग का नंबर लेकर उस पर कॉल किया, तो वह कहने लगा कि मैं काली भवन भोपाल से सीबीआई ऑफिसर बोल रहा हूं। पुलिस द्वारा अपना परिचय देकर उससे पूछा गया कि आप किस प्रावधान के तहत इन्हें डिजिटल अरेस्ट कर रहे हैं, तो उसने कॉल काट दिया। जिसके बाद पुलिस टीम ने फरियादी को समझाया कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं है, इससे उनका डर खत्म हुआ। इस तरह थाना डबरा की टेकनपुर चौकी की पुलिस टीम की तत्परता व त्वरित कार्रवाई से फरियादी के साथ होने वाली ठगी को रोका गया। जिस पर फरियादी एवं उनके परिजनों द्वारा पुलिस का आभार जताया गया है।

## ट्रक चालक को बातों में उलझा केबिन से उड़ा ले गए 20 हजार रुपए

**आरोपियों ने टमटम का साइड ग्लास फोड़ना बताकर रुकवाई थी गाड़ी**

**ग्वालियर।** ट्रक चालक को बातों में उलझा दो जालसाज केबिन से 20 हजार रुपए उड़ा ले गए। आरोपियों ने टमटम का साइड ग्लास फोड़ना बताते हुए गाड़ी रुकवाई थी। घटना बहोड़ापुर थाना क्षेत्र की है, जिसमें पीड़ित चालक की शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तस्दीक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। चीनोर निवासी मिथुन सिंह परमार वर्तमान में मोतीझील स्थित कृष्णा नगर में रहते हुए ट्रक चलाता है। जो बीते सोमवार की रात 11.30 बजे के लगभग ट्रक लेकर बहोड़ापुर थाना क्षेत्रांतर्गत रामाजी का पुरा से गुजर रहा था, तभी दो लोग चिल्लाते हुए आए, कि ट्रक रोक, तूने हमारी टमटम में टक्कर मारकर उसका साइड ग्लास तोड़ दिया है। इस पर उसने ट्रक साइड में लगा नीचे उतरकर देखा, तो रोकने वाले लोगों की टमटम क्रमांक एमपी07 जेडपी 7695 का कोई ग्लास नहीं टूटा था, जिससे वह उनसे पूछने लगा कि कौनसा कांच टूटा है। दोनों जालसाज उसे इसी तरह बातों में उलझाकर ट्रक के केबिन में रखे 20 हजार रुपए पार कर ले गए। उन्हें समझाने के बाद मिथुन जब दोबार ट्रक में चढ़ा, तब उसे पता लगा कि उसे रोकने वाले जालसाज उसे झांसा देकर 20 हजार रुपए उड़ा ले गए हैं। इस पर उसने थाने पहुंचकर इसकी शिकायत की, जहां पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर उनका पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## 16 वर्षीय किशोरी घर से संदिग्ध परिस्थिति में लापता

**ग्वालियर।** 16 वर्षीय किशोरी घर से संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई। घटना डबरा देहात इलाके की है। जिसमें तमाम प्रयास के बाद भी परिजनों को जब उसका कुछ पता नहीं लगा, तो उन्होंने थाने पहुंचकर इसकी सूचना दी। जहां पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण की एफआईआर दर्ज कर गायब हुई किशोरी की तलाश शुरू कर दी गई है। डबरा देहात थाना क्षेत्रांतर्गत लाल पहाड़िया निवासी सुरेश बाथम की 16 वर्षीय बिटिया जयवंती बाथम बीती 24 फरवरी की दोपहर एक बजे के लगभग अचानक घर से गायब हो गई। जब काफी देर तक वह नजर नहीं आई, तो परिजनों ने आस- पड़ोस में उसकी खोजबीन की, किंतु कुछ पता नहीं लगा। इसके बाद वह चार- पांच दिन तक उसकी अपने रिश्तेदारों व परिचितों के यहां तलाश करते रहे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा, तो चिंतित परिजनों ने बीते रोज थाने पहुंचकर पुलिस को इसकी सूचना दी। चूंकि मामला नाबालिग से जुड़ा था, जिससे पुलिस ने नियमानुसार अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस द्वारा लापता किशोरी का पता लगाने के लिए घटनास्थल सहित रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड आदि पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे हैं।

# लोडेड कट्टा लेकर घूम रहा शातिर बदमाश घेराबंदी कर दबोचा

**आरोपी के खिलाफ पूर्व से 17 अपराध हैं पंजीबद्ध**



**ग्वालियर।** किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नीयत से अवैध हथियार लेकर घूम रहे शातिर बदमाश को मुरार थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए धरदबोचा, जिसके कब्जे से 315 बोर का लोडेड कट्टा बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पूर्व से शहर के विभिन्न थानों में 17 अपराध पंजीबद्ध हैं।

एसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अवैध हथियारों की खरीद- फरोख्त व इन्हें रखने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि ईसाई कब्रिस्तान के पास एक बदमाश अवैध हथियार लिए कोई वारदात करने की नीयत से खड़ा है। उक्त जानकारी जब एएसपी अखिलेश रेनवाल को लगी, तो उन्होंने मुरार सर्किल सीएसपी राजीव जंगले के मार्गदर्शन में मुरार थाने की टीम को बताए गए स्थान पर पहुंचाया, तो वहां मौजूद एक संदिग्ध युवक ने पुलिस को देखते ही दौड़ लगा दी। शंका होने पर पुलिस टीम भी उसके पीछे लग गई, जिसने कुछ दूरी पर घेराबंदी करते हुए उसे धरदबोचा। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का लोडेड कट्टा बरामद हुआ। इस पर आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया, जहां की गई पूछताछ में उसने अपना नाम निष्कर्ष करन पुत्र राजेश करन (22 वर्ष) निवासी जेएएच कैंपस बताया है। जिसके खिलाफ पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने में मुरार टीआई मदन मोहन मालवीय, प्रधान आरक्षक विष्णुकांत शर्मा, आरक्षक सुनील शर्मा, राजवीर गुर्जर व जयहिन्द जादौन की भूमिका सराहनीय रही।

**सोशल मीडिया पर मिले अवैध हथियार के साथ फोटोः** पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी बेहद शातिर बदमाश है। जिसके खिलाफ पूर्व से इंदरगंज, कंपू, झांसी रोड, गिरवाई व विश्वविद्यालय थानों में लूट, चोरी व मारपीट के कुल 17 अपराध पंजीबद्ध हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी उसके कट्टा और अधिया लिए हुए फोटो मिले हैं। पुलिस द्वारा उससे पूछताछ की जा रही है, कि वह किस मकसद से यह अवैध हथियार लेकर घूम रहा था।

## घने बाजार में खड़ी स्कूटी की डिग्गी से 80 हजार रुपए चोरी

**ग्वालियर।** घने बाजार में खड़ी स्कूटी की डिग्गी से दिनदहाड़े 80 हजार रुपए चोरी हो गए। घटना जनकगंज थाना इलाके की है, जिसमें अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस उनकी तस्दीक करने के प्रयास में जुट गई है। महलगांव निवासी 71 वर्षीय चिरोंजीलाल साहू कारोबारी हैं, जो बीती दोपहर स्कूटी से मार्केट आए थे। वह किसी काम से जनकगंज थाना क्षेत्रांतर्गत मोर बाजार स्थित आटे वाले की दुकान पर पहुंचे, उन्होंने स्कूटी साइड में लगाई और दुकानदार से बातचीत करने लगे। कुछ देर में वापस स्कूटी उठाई, तो उसकी डिग्गी खुली देखकर चौंक गए। उन्होंने सीटी उठाकर देखा, तो उसमें रखे 80 हजार रुपए गायब थे। इस पर उन्होंने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की, जब रुपयों का कुछ पता नहीं लगा, तो थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी।

**सत्ता न्यूज**

## आदर्श कॉलोनी पंचायत 52वां वार्षिक उत्सव

# रामायण पाठ व कलश यात्रा के साथ बसंत पंचमी उत्सव प्रारंभ

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

पिछले 52 वर्षों से आदर्श कॉलोनी पंचायत द्वारा मनाया जा रहा बसंत पंचमी उत्सव इस वर्ष भी 27 जनवरी को गणेश मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर प्रभात फेरी के साथ संकीर्तन हुआ। तत्पश्चात कलश यात्रा सर पर रामचरित मानस रामायण को धारण करते हुए हरिहर मंदिर पहुंची, जहां पर रामायण का पाठ रखा गया जिसका समापन गत दिवस हुआ। इस अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई, जो शंकर भगवान के मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। आदर्श युवा समिति द्वारा संकीर्तन हुआ। बुधवार को प्रभात फेरी निकाल कर शंकर परिवार मंदिर पहुंचे, जहां संकीर्तन हुआ। शाम को हरिहर मंदिर में



छप्पन भोग लगाकर महिला मंडल द्वारा भजन संध्या की गई। 30 जनवरी को प्रभात फेरी माता के मंदिर पहुंचेगी तथा शाम को गुंजन वशिष्ठ द्वारा हरिहर मंदिर आदर्श कॉलोनी में भजन संध्या का आयोजन होगा। 31 जनवरी को प्रभात फेरी राधाकृष्ण के मंदिर पर पहुंचेगी, जहां राधा माधव मंडल द्वारा संकीर्तन होगा। 1 फरवरी को प्रभात फेरी हनुमान के पहुंचेगी, 2 फरवरी बसंत पंचमी को प्रभात फेरी तिलकराज बेरी के निवास पर पहुंचेगी। तत्पश्चात दोपहर में हरिहर मंदिर में झंडा पूजन मां सरस्वती का पूजन आरती सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन होगा एवं रात्रि में माता की चौकी शक्ति भजन मंडल द्वारा की जाएगी। 3 फरवरी को कन्या भोज ब्राह्मण भोज एवं भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें आदर्श कॉलोनी पंचायत के अध्यक्ष बलवंत मदान, सचिव योगेश शर्मा, उपाध्यक्ष किशन लाल नागपाल, सुभाष पसरिचा, कोषाध्यक्ष नरेश अरोड़ा, सोमनाथ अनेजा, मनोहर लाल मदान, देवराज भटियाणी, कश्मीरी लाल खुराना, प्रवीण घई, जितेंद्र खुराना, मनोज भुटियाणी, हरिओम अरोड़ा, हरीश बत्रा, भीम अनेजा, अनिल अनेजा एवं सभी पदाधिकारी, रहवासी महिला मंडल एवं पंजाबी समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

# निर्माण कार्य में गुणवत्ता से न करें समझौता एवं अपने आस-पास रखें स्वच्छताः निगमायुक्त संघ प्रिय

**निगमायुक्त संघ प्रिय ने अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर ली विभागों की जानकारी**

**ग्वालियर।** नवागत निगमायुक्त संघ प्रिय ने नगर निगम के सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर परिचय प्राप्त किया तथा विभिन्न विभागों की जानकारी प्राप्त की। बैठक में अपर आयुक्त विजय राज, मुनीश सिंह सिकरवार, अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त रजनी शुक्ला, अधीक्षण यंत्री जेपी पारा, उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य सभी विभाग अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में निगमायुक्त संघ प्रिय ने अधिकारियों से कहा कि हम सभी एक परिवार के रुप में मिलकर ईमानदारी, पूर्ण निष्ठा, मेहनत एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें। जिसे जो कार्य दिया जाए समय पर पूर्ण करें। निगमायुक्त संघ प्रिय ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि शहर की स्वच्छता के लिए सभी मिलकर कार्य करें। इसके साथ ही निगमायुक्त संघ प्रिय ने निर्देशित किया कि हितग्राही मूलक योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और आम नागरिक किसी कार्य के लिए परेशान न हो। साथ ही आमजन से विनम्र होकर बात करें और उनकी समस्याओं का उचित निराकरण भी करायें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया जहां भी निर्माण कार्य किए जा रहे हैं वहां गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। संबंधित अधिकारी प्रोपर मॉनिटरिंग करे। साथ ही जहां निर्माण कार्य होता है उस स्थल का चयन सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर करें। जिससे आमजन को उसका लाभ मिल सके।

## ब्रीफ न्यूज

### हिल गया अमेरिका: चीनी स्टार्टअप डीपसीक को ट्रंप ने बताया बड़ा खतरा

**वाशिंगटन।** डीपसीक एक चीनी टेक स्टार्टअप है जिसकी स्थापना लिआंग वेनफेंग ने की है। इसने पिछले एक साल में कई प्रतिस्पर्धी एआई मॉडल विकसित किए हैं। इसका मुख्यालय हांग्जो में है। डीपसीक का वर्जन 3 केवल 5.6 मिलियन डॉलर में डेवलप किया गया। इसका वी3 मॉडल कंपनी को सुर्खियों में ले आया। यहां तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कम लागत वाले चीनी एआई टूल डीपसीक को अमेरिका के लिए चेतावनी बताया है। इसने सोमवार को वॉल स्ट्रीट पर तकनीकी शेयरों को बड़ा झटका दिया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने रिपब्लिकन कांग्रेस के एक कार्यक्रम में कहा, उम्मीद है कि एक चीनी कंपनी से डीपसीक एआई का आना हमारी इंडस्ट्री के लिए एक चेतावनी होगी कि हमें जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा पर ध्यान देने की जरुरत है।

### अमेरिकी का खुलासा- पुतिन की हत्या कराना चाहते थे बाइडेन, रची थी साजिश

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश और एक्शन ने पूरी दुनिया में हलचल मचा दी है। कई देश अमेरिकी आदेशों को लेकर परेशान है तो कुछ टैरिफ को लेकर हैरानी जता रहे हैं। इसी बीच अब पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन को लेकर एक सनसनीखेज दावा किया है। इस दावे के मुताबिक बाइडेन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को जान से मारने की साजिश रची थी। यह दावा किया है टकर कार्लसन ने। अमेरिका की राजनीति में जाना माना नाम रहे दक्षिणपंथी अमेरिकी पंडित टकर कार्लसन ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की सरकार पर यह सनसनीखेज आरोप लगाया है कि उन्होंने पुतिन की जान लेने की साजिश रची थी।

### लीबिया अधिकारी को रिहा करने का मामला: इटली पीएम के खिलाफ हो रही जांच

**रोम।** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के खिलाफ जांच शुरू की हो गई है। मेलोनी पर आरोप है कि उन्होंने लीबिया के एक पुलिस अधिकारी को रिहा किया है, जिसे आईसीसी के अरेस्ट वारंट के बाद गिरफ्तार किया गया था। मेलोनी पर इस्तीफा देने का दबाव नहीं है। बता दें इटली में जांच का सामना करना दोषी होने का प्रमाण नहीं है और यह भी नहीं कि कोई औपचारिक चार्ज इसके पीछे लगेगा। दावा किया जा रहा है कि ओसामा अलमासरी नजीम नाम के लीबियाई पुलिस अधिकारी को रिहा किया गया है, जिस पर मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप है।

### द. कोरिया में एयर बसान के विमान में लगी आग, सभी यात्रियों को बचाया

**गिम्हे।** दक्षिण कोरिया के गिम्हे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर बसान का एक विमान आग की चपेट में आ गया। जब विमान हांगकांग उड़ान के लिए तैयार था, उसी समय उसमें आग लग गई। आग लगने के बाद विमान में सवार सभी 169 यात्री और सात क्रू मेंबर सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। हादसे में एक व्यक्ति को मामूली चोट आई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आग विमान के अंदर से शुरू हुई।

### कई देशों की सरकारें अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर भारत को तोड़ने की विचारधारा को मौन रहते हुए खूब समर्थन कर रही हैं...

# खालिस्तानी चरमपंथी बीज, कनाडा ही नहीं बल्कि ब्रिटेन में भी ऊगने लगे




एजेंसी ■ लंदन

खालिस्तान चरमपंथ का बीज केवल कनाडा ही नहीं बल्कि ब्रिटेन जैसे देश में भी उगने लगे है। यह बीमारी आज से नहीं, कई दशकों से चली आ रही है। इन देशों की सरकारें अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर भारत को तोड़ने की खतरनाक विचारधारा को मौन रहते हुए खूब समर्थन कर रही हैं। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर से खालिस्तानी तो संभल नहीं रहा। इसी बीच ब्रिटेन के गृह मंत्रालय की एक ताजा रिपोर्ट सामने आई है। इस लीक हुई रिपोर्ट में यह दावा किया जा रहा है कि ब्रिटेन को खालिस्तानी ही नहीं बल्कि हिन्दू राष्ट्रवादियों से भी बड़ा खतरा है। ब्रिटेन के होम ऑफिस की यह रिपोर्ट अभी तक ब्रिटिश सरकार की नीति का हिस्सा नहीं है। थिंकटैंक पॉलिसी एक्सचेंज के लीक हुए दस्तावेज़ में कुल 9 नए प्रकार के चरमपंथ के प्रति सतर्क किया गया है। कहा गया कि आने वाले वक्त में इन विचारधाराओं से ब्रिटेन को निपटना होगा। इसमें हिन्दू राष्ट्रवाद को भी शामिल किया गया है। इन 9 प्रकार के चरमपंथ की सूची में इस्लामवादी, महिलाओं के प्रति द्वेष, खालिस्तान समर्थक चरमपंथ, पर्यावरण चरमपंथ, वामपंथी, अराजकतावादियों को शामिल किया गया है।

यह दस्तावेज गृह सचिव यवेट कूपर द्वारा पिछले साल गर्मियों में हुए दंगों के बाद चरमपंथ पर यूके सरकार की नीति निर्धारित करने के लिए कमीशन किए गए विश्लेषणात्मक स्प्रिंट का हिस्सा था। ब्रिटेन की इस रिपोर्ट में दो ऐसे चरमपंथ हैं जिनकी शुरुआत भारत से हुई है। पहला खालिस्तानी और दूसरा हिन्दू राष्ट्रवाद। कहा गया कि सितंबर 2022 में ब्रिटेन के लीसेस्टर में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच हुई हिंसा को देखते हुए यह फैसला लिया गया। गृह कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि उग्रवाद विरोधी स्प्रिंट रिपोर्ट ने हमारे देश के सामने चुनौती का व्यापक रूप से आकलन करने और चरमपंथ से निपटने के लिए एक नए दृष्टिकोण की नींव रखी। निष्कर्षों पर मंत्रियों द्वारा औपचारिक रूप से सहमति नहीं दी गई है और हम उस कार्य से उत्पन्न होने वाले संभावित अगले कदमों की एक विस्तृत श्रृंखला पर विचार कर रहे हैं।

हिन्दुओं को दुनिया में सबसे शांत और सोहार्दपूर्ण समाज के रूप में देखा जाता है। ब्रिटेन सरकार ने हिन्दू राष्ट्रवाद को आतंकियों के साथ एक सूची में खड़ाकर बेवजह बखेड़ा खड़ा कर दिया है। हिन्दू एक ऐसा समाज है जो दुनिया भर में अपनी काबिलियत और शिक्षा के दम पर झंडा गाढ़े हुए हैं। हिन्दुओं पर कभी किसी आतंकी घटना में शामिल होने के आरोप नहीं लगे हैं। हिन्दू राष्ट्रवाद की भावना भी कभी किसी के लिए खतरा पैदा करने वाली नहीं रही है। ऐसे में कीर स्टार्मर सरकार की मंशा पर ही सवाल उठने लगे हैं।

# दुनिया की 10 सबसे ताकतवर वायु सेनाओं में अमेरिका टॉप पर तो भारत चौथे नंबर पर

### रुस दूसरे पर, रैंकिंग सूची में भारत के दुश्मन चीन और पाकिस्तान भी हैं शामिल

एजेंसी ■ वॉशिंगटन

दुनिया की 10 सबसे ताकतवर वायु सेनाओं की रैंकिंग जारी हो गई है। एक रिपोर्ट में मौजूद लड़ाकू जेट, हेलीकॉप्टर और सहायक विमानों समेत उनके एयरक्राफ्ट की सूची के आधार रैंकिंग दी गई है। खास बात है कि भारत की वायु सेना का नाम दुनिया की टॉप-5 एयरफोर्स में है। इसके साथ ही पाकिस्तान की एयर फोर्स भी रैंकिंग में शामिल है।



रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की एयर फोर्स को वैश्विक रैंकिंग में दुनिया की सबसे मजबूत वायु सेना का खिताब हासिल हुआ है। इसके बाद रूस दूसरे और चीन तीसरे स्थान पर है। भारत की वायु सेना चौथे और दक्षिण कोरिया पांचवें स्थान पर है। रिपोर्ट में अमेरिकी सेना को बेजोड़ बताया है, जिसके बेड़ा रूस, चीन, भारत, दक्षिण कोरिया और जापान की संयुक्त वायु क्षमता से ज्यादा है। जापान की वायु सेना छठें नंबर पर है। अमेरिका वायु सेना में 5737 हेलीकॉप्टर, 1854 फाइटर जेट और 3722 सहायक विमान हैं। इसका वार्षिक बजट 800 अरब डॉलर है, जो वैश्विक सैन्य खर्च का करीब 40 फीसदी है। रूस की वायु सेना अमेरिकी वायु शक्ति की एक तिहाई है। रूस के पास 4292 विमान हैं, जिसमें 809 फाइटर जेट, 1554 हेलीकॉप्टर और 610 सहायक विमान शामिल हैं। तीसरे स्थान पर मौजूद चीन अपनी वायु से आधुनिकीकरण में भारी निवेश कर रहा है। भारतीय वायु सेना 2229 विमानों के साथ दुनिया में चौथे नंबर पर है।

भारतीय वायु सेना के पास 53 फाइटर जेट, 899 हेलीकॉप्टर और 831 सहायक विमान हैं। पांचवें स्थान पर दक्षिण कोरिया की वायु सेना में कुल 1592 विमान हैं। वहीं, रैंकिंग में छठें स्थान पर जापान है उसके पास कुल 1443 विमान हैं। वहीं भारत का दुश्मन देश पाकिस्तान रैंकिंग में सातवें नंबर पर है। पाकिस्तान के पास 1399 विमान हैं, जिसमें 328 फाइटर जेट, 373 हेलीकॉप्टर और 750 सहायक विमान शामिल हैं। इसके बाद 1099 विमानों के साथ मिस्र आठवें, 1083 विमानों के साथ तुर्की नौवें और 976 विमानों के साथ फ्रांस 10वें स्थान पर हैं।

### अमेरिका के पास भारत की तुलना में आधा हुआ विदेशी मुद्रा भंडार!

आम धारणा है कि जिस देश के पास जितना अधिक विदेशी मुद्रा भंडार होगा उसकी आर्थिक सेहत उतनी ही अच्छी होगी। वह दुनिया में आर्थिक महाशक्ति कहलाएगा। इसमें काफी हद तक सच्चाई भी है। इस वक्त दुनिया में चीन एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति है। वह अपने इशारों पर दुनिया को घुमाने की ताकत रखता है। उसके पास इस वक्त कुल 3.2 ट्रिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है। यह राशि भारत की इकोनॉमी के बराबर है। भारत की अर्थव्यवस्था करीब 3.5 ट्रिलियन डॉलर की है और इसे मोदी सरकार पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। इधर, 17 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के पास कुल विदेशी मुद्रा भंडार 623.9 अरब डॉलर रिकॉर्ड किया गया। इस हिसाब से देखें तो चीन के पास हमारी तुलना में पांच गुना से भी अधिक विदेशी मुद्रा भंडार है।

# इटली की पीएम मेलोनी के खिलाफ जांच, एक शख्स को रिहा कराने का आरोप

एजेंसी ■ रोम



इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के खिलाफ जांच का मामला सामने आया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने लीबिया के एक पुलिस अधिकारी को रिहा कर दिया है, जिन पर आईसीसी के अरेस्ट वॉरंट के बाद गिरफ्तार किया गया था। हालंकि यह समय बताएगा कि इस आरोप के कारण वह इस्तीफा देंगी या नहीं। लेकिन मेलोनी को इस्तीफा देने की कोई बाध्यता नहीं है और इटली में जांच का सामना करना दोष का प्रमाण नहीं है और यह भी नहीं कि कोई औपचारिक चार्ज इसके पीछे लगेगा। मेलोनी ने मंगलवार को कहा कि उन्हें न्यायिक जांच के तहत रखा गया है। मेलोनी ने अपने फेसबुक प्रोफाइल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मैं ब्लैकमेल नहीं होऊंगी, मैं डरने वाली नहीं हूं, शायद यही कारण है कि मुझे उन लोगों द्वारा नापसंद किया जाता है जो नहीं चाहते कि इटली बदले और बेहतर बने। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि यह जांच लुइगी ली गोटी द्वारा शुरू की गई है, जो एक वकील हैं और जिन्होंने पिछले हफ्ते नजीम की रिहाई और उन्हें त्रिपोली वापस भेजने के लिए सरकारी विमान के उपयोग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। आईसीसी ने कहा कि उस पर हत्या, यातना, बलात्कार और यौन हिंसा का आरोप है। आईसीसी ने आगे कहा कि वारंट 18 जनवरी को इटली सहित सदस्य देशों को भेजा गया था, और अदालत ने वास्तविक समय की जानकारी भी दी थी कि वह यूरोप में प्रवेश कर चुका है। अदालत ने कहा कि उसने उस समय इटली को याद दिलाया था कि अगर उसे वारंट के साथ सहयोग करने में कोई समस्या आती है तो वह बिना देरी किए उससे संपर्क करे। ओसामा एलमसरी नजीम को पिछले हफ्ते रिहा किया गया और इटली के सरकारी विमान से घर भेजा गया। यह घटना ट्यूरिन शहर में उनकी गिरफ्तारी के कुछ दिनों बाद हुई थी। आईसीसी ने इस फैसले पर स्पष्टीकरण मांगा है, यह कहते हुए कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई थी।

### रेलवे स्टेशन की छत गिरी, 15 की मौत...

# घटना के बाद विरोध के चलते पीएम ने दिया इस्तीफा

एजेंसी ■ बेलग्रेड

सर्बिया के लोकप्रिय प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। इसकी वजह ये है कि एक रेलवे स्टेशन पर कंक्रीट की छत गिरने से हुई 15 लोगों की मौत के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। यह कदम उन्होंने राजनीतिक तनाव को कम करने और हफ्तों से चल रहे बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के दबाव को शांत करने के लिए उठाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नवंबर में नोवी सैड शहर के एक रेलवे स्टेशन पर छत गिरने की घटना ने सर्बिया के लोकप्रिय राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुचिच के बढ़ते तानाशाही शासन के खिलाफ व्यापक असंतोष को उजागर किया है। वुचिच पर सर्बिया में लोकतांत्रिक स्वतंत्रताओं को सीमित करने के आरोप लगे हैं, जबकि वे औपचारिक रूप से



यूरोपीय संघ की सदस्यता की मांग कर रहे हैं। वुसेविक ने अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह मेरा अनुरोध है कि सभी लोग अपनी भावनाओं को शांत करें और संवाद पर लौटें। नोवी सैड के मेयर मिलान जुरिक ने भी मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। वुसेविक का इस्तीफा जल्दी संसदीय चुनाव की संभावना को जन्म दे सकता है। इस्तीफे की पुष्टि सर्बिया की संसद द्वारा की जानी चाहिए, जिसके पास नई सरकार चुनने या त्वरित चुनाव कराने के लिए 30 दिन का समय है। विपक्षी दलों ने कहा है कि वे एक अंतरिम सरकार पर जोर देंगे जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की स्थिति बनाएगी। वुचिच के लोकप्रिय दलों पर पिछले चुनावों के दौरान अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। नोवी सैड का मुख्य रेलवे स्टेशन हाल के वर्षों में चीनी राज्य कंपनियों के साथ एक व्यापक बुनियादी ढांचा सौदे के हिस्से के रूप में दो बार पुनर्निर्मित किया गया था।

### टीमोथी ऑस्कर पुरस्कारों में बेस्ट एक्टर श्रेणी में नामांकित

**मुंबई।** फिल्म ए कंप्लीट अनौन में शानदार अभिनय के लिए हॉलीवुड अभिनेता टिमोथी शालमेट को ऑस्कर पुरस्कारों में बेस्ट एक्टर श्रेणी के लिए नामांकित किया गया है। उन्होंने जेम्स डीन के बाद सबसे युवा मल्टीपल बेस्ट एक्टर नॉमिनी बनने का गौरव हासिल कर लिया है। जेम्स डीन को 1955 की फिल्म ईस्ट ऑफ इडेन और 1956 की ज्वाइंट के लिए मरणोपरांत नामांकित किया गया था। डीन की 24 वर्ष की आयु में एक कार दुर्घटना में असामयिक मृत्यु हो गई थी, लेकिन उनकी विरासत आज भी जीवित है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर टीमोथी चालमेट के प्रशंसक और उनके करीबी बेहद उत्साहित हैं। उनकी गर्लफ्रेंड, केली जैनर, ने इस खबर पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि जब लाइव टीवी पर टीमोथी का नाम आया, तो वह खुशी से चिल्ला उठीं। उन्होंने कहा कि उन्हें पहले से ही विश्वास था कि टीमोथी को यह नामांकन मिलेगा, लेकिन इसे होते देखना एक गर्व का क्षण था।

# दुनिया का सबसे बड़ा डैम अधर में, चीन ने खींचे कदम

एजेंसी ■ बीजिंग

चीन की सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी थ्री गॉर्जेस कॉर्पोरेशन ने डैमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआर कांगो) में ग्रैंड इंगा डैम निर्माण परियोजना से खुद को अलग कर लिया है। बता दें कि ग्रैंड इंगा डैम का निर्माण कांगो नदी पर प्रस्तावित है और इसे विश्व के सबसे बड़े जलविद्युत संयंत्र के रूप में विकसित किया जा रहा था। इस परियोजना से अनुमानित 40,000 मेगावॉट बिजली उत्पादन की क्षमता की उम्मीद थी, जो कि पूरे अफ्रीका को ऊर्जा आपूर्ति कर सकती है। हालांकि, पिछले कुछ दशकों में इस परियोजना में लगातार देरी हो रही है और निर्माण कार्य कभी शुरू नहीं हुआ।

यह परियोजना दुनिया का सबसे बड़ा जलविद्युत संयंत्र बनने का दावा करती है, जो अफ्रीका के ऊर्जा संकट को हल करने में मदद कर सकती है। चीन का यह कदम



परियोजना की प्रगति को एक बड़ा झटका दे सकता है। थ्री गॉर्जेस कॉर्पोरेशन ने अपनी भागीदारी से पीछे हटने का फैसला किया। हालांकि इस फैसले के पीछे के कारणों को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। विशेषज्ञों का मानना है कि परियोजना की लागत, सरकारी शासकीय अस्थिरता और पर्यावरण को लेकर हो रही चिंताएं इस निर्णय के मुख्य कारण हो सकते हैं। साथ ही चीन की अन्य परियोजनाओं और निवेशों के लिए प्राथमिकता बदलने का भी प्रभाव हो सकता है। चीन की कंपनी का इस परियोजना से बाहर निकलना एक बड़े संकेत के रूप में देखा जा रहा है कि परियोजना का भविष्य अब और भी अनिश्चित हो सकता है। कांगो सरकार और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के बीच यह परियोजना एक प्रमुख विवाद का कारण बन सकती है, खासकर जब परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 80 बिलियन डॉलर है।

### डिफेंस सिस्टम | एक्सपर्ट्स बोले- यह सिस्टम सिर्फ कम दूरी के मिसाइलों के लिए हैं

# अमेरिका बनाएगा आयरन डोम, इजराइल की तर्ज पर करेगा तैयार

एजेंसी ■ वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब अमेरिका को दुश्मनों से बचाने के लिए आयरन डोम बनवाने की तैयारी कर रहे हैं। खास बात यह है कि इजराइल का यह एयर डिफेंस सिस्टम पिछले कुछ सालों से विवाद का केंद्र रहा है और इस सिस्टम की क्षमता पर सवाल भी उठे हैं। ट्रंप ने कहा है कि वे जल्द ही अमेरिका के लिए आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम तैयार करवाएंगे।

ट्रंप ने यह भी कहा है कि इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए



वह जल्द ही एक आदेश पर हस्ताक्षर भी करेंगे। ट्रंप के मुताबिक यह आयरन डोम इजराइल की तर्ज पर तैयार होगा जिसकी मदद से इजराइल ने अब तक हजारों रॉकेटों और मिसाइलों को अपनी सीमा में घुसने से पहले ही नष्ट कर दिया है। ट्रंप ने मियामी में रिपब्लिकन कांग्रेस के एक समारोह में कहा कि हमें अत्याधुनिक आयरन डोम मिसाइल डिफेंस शील्ड का निर्माण तुरंत शुरू करने की जरूरत है। यह अमेरिकियों को खतरों से बचाने में सक्षम होगी।

ट्रंप ने कहा कि यह प्रणाली अमेरिका में ही बनाई जाएगी। ट्रंप ने कहा कि वह चार आदेशों पर हस्ताक्षर करेंगे। इनमें से एक आदेश के जरिए वह अमेरिकी सेना में ट्रांसजेंडर्स की भर्ती पर रोक लगाने की तैयारी में हैं। गौरतलब है कि अपने चुनावी अभियान के दौरान ट्रंप ने कई बार अमेरिका के लिए आयरन डोम सिस्टम बनाने का वादा किया था। हालांकि उनके इस कदम को लेकर एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है। ट्रंप इस तथ्य को नजरअंदाज कर रहे हैं कि यह सिस्टम सिर्फ कम दूरी के मिसाइलों के लिए डिजाइन की गई है।

वहीं अमेरिका को सबसे ज्यादा खतरा इंटर कांटिनेंटल मिसाइलों से हैं, जिसे आयरन डोम नष्ट नहीं कर सकता है। बीते कुछ सालों से इस सिस्टम की क्षमता पर सवाल भी उठे हैं। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले ने आयरन डोम को नष्ट कर दिया था और हजार से ज्यादा लोगों की जान ले ली थी। वहीं हिजबुल्लाह के पावरफुल मिसाइल भी इस सिस्टम का तोड़ निकाल चुके हैं। ट्रंप ने एक बार फिर इजराइली सिस्टम की तारीफ की। ट्रंप ने कहा कि इजराइल का आयरन डोम करीब हर एक मिसाइल को मार गिराता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका भी इसका हकदार है।

# फ्लाइट अटेंडेंट की नौकरी छोड पाले सूअर, कमा रही लाखों

एजेंसी ■ बीजिंग



चीन की फ्लाइट अटेंडेंट यांग याग्सी ने अपनी ग्लैमरस और आरामदायक जिंदगी को छोड़कर एक कठिन और मेहनत से भरे काम को अपनाया। यांग याग्सी, जो पहले शंघाई एयरलाइंस में फ्लाइट अटेंडेंट के रूप में काम करती थी, ने अपनी सैलरी के बावजूद महसूस किया कि वह अपने माता-पिता से दूर रहकर उनके लिए कुछ नहीं कर पा रही थी। वह अक्सर अपने शौक पूरे करने के लिए पैसे मांगती थी, लेकिन जब उसे यह पता चला कि उसकी मां की तबीयत खराब रहती है और उन्हें कई सर्जरी का सामना करना पड़ा है, तो उसने अपना जीवन बदलने का निर्णय लिया। अप्रैल 2023 में यांग ने अपने रिश्तेदार के पिग फार्म को ले लिया और सूअरों को पालना शुरू कर दिया। इस कठिन काम को चुनने के बावजूद यांग ने हार नहीं मानी। उसने सोशल मीडिया पर अपने काम से जुड़े वीडियो भी शेयर किए, जिसमें वह सूअरों को खिलाती-पिलाती और उनकी सफाई करती नजर आ रही थी।

# वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट से मिल सकती हैं कई सौगातें

वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रेल-सितम्बर 2024) में भारत की आर्थिक विकास दर कुछ कमजोर रही है। प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2024) में तो सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी। इसी प्रकार द्वितीय तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2024) में भी सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इससे वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही में आर्थिक विकास दर के कम होने के कारणों में मुख्य रूप से देश में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव है और आचार संहिता के लागू होने के चलते केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों एवं अन्य खर्चों में भारी भरकम कमी दृष्टिगोचर हुई है। साथ ही, देश में मानसून की स्थिति भी ठीक नहीं रही है। केंद्र सरकार ने हालांकि मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाने में सफलता तो अर्जित कर ली है परंतु उच्च स्तर पर बनी रही मुद्रा स्फीति के कारण कुल मिलाकर आम नागरिकों, विशेष रूप से मध्यमवर्गीय परिवारों, की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभात जरूर पड़ा है और कुछ मध्यमवर्गीय परिवारों के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों की श्रेणी में जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। किसी भी देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की जितनी अधिक संख्या रहती है, उस देश की आर्थिक विकास दर ऊंचे स्तर पर बनी रहती है क्योंकि मध्यमवर्गीय परिवार ही विभिन्न प्रकार के उत्पादों (दोपहिया वाहन, चारपहिया वाहन, फ्रिज, एयर कंडीशनर जैसे उत्पादों एवं नए फ्लेट्स एवं भवनों आदि) को खरीदने पर अपनी आय के अधिकतम भाग का उपयोग करता है। इससे आर्थिक चक्र में तीव्रता आती है और इन उत्पादों की बाजार में मांग के बढ़ने के चलते इनके उत्पादन को विभिन्न कम्पनियों द्वारा बढ़ाया जाता है, इससे इन कम्पनियों की आय एवं लाभप्रदता में वृद्धि होती है एवं देश में रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं। भारत में पिछले कुछ समय से मध्यमवर्गीय परिवारों की व्यय करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है अतः दिनांक




1 फरवरी 2025 को केंद्र सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्र सरकार के बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए विशेष रूप से आय कर में छूट की घोषणा करेंगी। देश के कई अर्थशास्त्रियों का तो यह भी कहना है कि न केवल आय कर में बल्कि कारपोरेट कर में भी कमी की घोषणा की जानी चाहिए।




डॉ. श्रीगोपाल नारसन

# कभी मर नहीं सकते मोहनदास करमचंद गांधी!

**दुनिया को अहिंसा का संदेश देने वाले उस मोहनदास कर्मचन्द गांधी को एक सिरफिरे नाथूराम गोडसे ने मार डाला था,जिससे भारत ही नही पूरी दुनिया प्रभावित थी और आज भी जिसका प्रभाव बरकरार है।एक ऐसा गांधी जिसने कभी अपने बारे में नही सोचा।एक ऐसा गांधी जिसने कभी अपने परिवार के बारे में नही सोचा, एक ऐसा गांधी जिसने कभी किसी पद या कुर्सी की चाहत नही की।**

जिसे पूरी दुनिया आज भी बापू के रूप में सम्मान दे रही है,उस महान शख्सियत की गोलियों से भून कर हत्या हो जाना ,यह प्रमाणित जरूर करता है कि उस समय भी और आज भी हिंसा ने अहिंसा को बर्दाश्त नही किया है।ये दो धारायें आज भी एक दूसरे से समय समय पर टकराती है तो गांधी याद आते है।


आने वाली पीढ़ियों को इस बात पर विश्वास करना मुश्किल होगा कि गांधी जैसा कोई व्यक्ति इस धरती पर चला करता था। अल्बर्ट आइंस्टीन के ये शब्द भावी पीढ़ी के मन मे गांधी की अहमियत का प्रमाण है। डॉक्टर मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने भी कहा था कि अगर मानवता को आगे बढ़ाना है तो गांधी बहुत ही जरूरी हैं। दुनिया में शांति और सद्भाव के लिए ही वह जीते, सोचते और काम करते हैं। हम अपने जोखिम पर ही उन्हें नजरअंदाज कर सकते हैं। गांधी जी एक ऐसे महान व्यक्ति थे, जिन्हें मानवता की समझ थी। उनकी जिंदगी ने मुझे बचपन से ही प्रेरित किया है। दलाई लामा के ये शब्द आज भी गांधी के प्रेरक व्यक्तित्व का दर्पण है। अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति बराकओबामा के शब्दों में, अपनी जिंदगी में प्रेरणा के लिए मैं हमेशा गांधी की तरफ देखता हूं क्योंकि वह बताते हैं कि खुद में बदलाव कर साधारण व्यक्ति भी असाधारण काम कर सकता है। वही रबिंद्रनाथ टैगोर का विचार रहा कि महात्मा गांधी लाखों बेसहारा लोगों के दरवाजे पर पहुंच जाते हैं, उनसे उन्हीं की भाषा में बात करते हैं। आखिर और कौन है, जो इतनी सहजता से इस बड़े वर्ग को अपना रहा है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की सोच रही कि इस देश में जो लौ महात्मा गांधी के रूप में रोशन हुई, वह साधारण नहीं थी। यह लौ आने वाले हजारों सालों तक भी राह दिखाती रहेगी। लॉर्ड माउंटबेटन कहते थे कि इतिहास में महात्मा गांधी को गौतम बुद्ध और ईसा मसीह के बराबर देखा जाएगा।वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दो में,दो अक्तूबर को पोरबंदर में एक व्यक्ति ने जन्म नहीं लिया था बल्कि एक युग की शुरुआत हुई थी। मुझे इस बात पर पूरा विश्वास है कि वह आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने अपने समय में थे। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी कहती है ,महात्मा गांधी ने दुनिया को अहिंसा,सत्यता,राष्ट्रभक्ति की राह दिखाई,सचमुच वे एक महान आत्मा थे।आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी की गिनती नरम नेता के रूप में होती थी।लेकिन उक्त आन्दोलन के गरम दल के नेता भी उनका उतना ही सम्मान करते थे जितना नरम दल के लोग उनका आदर भाव करते थे। गरम दल के नेता के रूप में चर्चित रहे नेताजी सुभाष चन्द्र बोश भी उन्हे अपना नेता



मानते थे। यही गांधी जी की अहिंसा की सबसे बडी कामयाबी थी। बैरिस्टर सम्मानजनक व्यवसाय को छोडकर देश के लिए वे आजादी के आन्दोलन में कूद पडे थे। उनका एक ही नारा था कि जैसे भी हो हम हथियार नही उठायेगे और बिना हथियार ही भारत मां को आजादी दिलायेगें। इसके लिए उन्होने स्वयं भी अंग्रेजो की लाठिया खायी और उन्हे बहुत सी यातना भी सहन करनी पडी। लेकिन देश की खातिर उन्होने कभी पीछे मुड़कर कर नही देखा। अहिंसा के पुजारी मोहन दास कर्मचन्द गांधी जिन्हे सम्मान से बापू या फिर महात्मा गांधी कहते है,का दुनियाभर में आज भी उनकी विचारधारा रूप में नाम है और हमेशा रहेगा। देदी हमें आजादी बिना खडग बिना ढाल साबरमती के सन्त तूने कर दिया कमाल पंक्तिया चरितार्थ कर दिखाने वाले बापू के प्रति दुनियाभर के लोगों ने भरपूर सम्मान प्रकट किया है। करोडों देशवासी उन्हे महान सन्त मानते थे। लक्ष्य साधन में उनकी सच्चाई और निष्ठा पर उंगली नहीं उठाई जा सकती थी। महात्मा गांधी के जीवित रहने से सारा संसार सम्पन्न था और उनके निधन से दुनिया भर को लगा कि पूरा संसार ही विपन्न हो गया है। गांधी के परामर्श देश के लिए सदा सहायक सिद्ध हुए।जिनके बल पर देश को आजादी प्राप्त हुई। महात्मा गांधी एक ऐसे योद्धा थे जिन्होंने बल प्रयोग का सदा विरोध किया। वे बुद्धिमान नम्र, द्रढसंकल्पी और निश्चय के धनी थे।सच तो यह है कि आधुनिक इतिहास में किसी भी एक व्यक्ति ने अपनी चरित्र की वैयक्तिक शक्ति, ध्येय की पावनता और अंगीकृत उद्देश्य के प्रति निस्वार्थ निष्ठा से लोगों के दिमागों पर इतना असर नहीं डाला, जितना महात्मा गांधी का असर दुनिया पर हुआ था। देश और दुनिया के लिए महात्मा गांधी उन महान व्यक्तित्वों में से एक थें जो अपने विश्वास पर हिमालय की तरह अटल और द्रढ रहते थे ससांर का प्रत्येक व्यक्ति सोचता है कि गांधी जी एक उत्तम व्यक्ति थें तो उन्हे क्यों मार डाला गया यह सवाल अनेक लोगों ने उठाया लेकिन इसका जवाब है कि कुछ लोग नही चाहते कि देश दुनिया में भले लोगो का वजूद कायम रहे इसी कारण कुछ सिरफिरे ऐसे महानतम लोगो के भी दुश्मन बन जाते है। महात्मा गांधी की यह भी विषेशता थी कि वह चाहे कही भी रहे और चाहे जिस तरह के काम व्यस्त हो लेकिन हर रोज सुबह सबसे पहले प्रार्थना जरूर करते थे। अपने देश के लोगों में भी महात्मा गांधी शीर्ष स्तर पर छाये रहे। वास्तव में यदि कोई सार रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने में योग्य था तो वह सिर्फ और सिर्फ महात्मा गांधी थे। बहुत सी बातों में लोगों का गांधी जी से मतभेद हो सकता है और बहुत से लोग उनसे अधिक विद्वान हो सकते है परन्तु उनमें चरित्र व राष्ट्रभक्ति की जो महतता है उसके कारण वह सब लोगों के आदर्श बन गये थे। गांधी जी निसंदेह उस धातु के बने हुए है जिस धातु से शुरमा और बलिदानी लोगों का निर्माण होता हैं आत्मिक शक्ति के बल पर महात्मा गांधी विश्व भर में छाये रहे।लेकिन दुर्भाग्य है कि देश को आजाद कराने का प्रबल आधार स्तभ बने महात्मा गांधी के प्रति कृज्ञता अभिव्यक्त करने के बजाए कुछ लोग उनके हत्यारे को महिमा मंडित करने का निदंनीय प्रयास कर रहे है। ऐसे लोगो को देश कभी माफ नही करेगा। गांधी के जीवन, धर्म, राजनीति, चिंतन में, स्वतंत्रता संघर्ष में या कह लें कहीं भी, उनका हर क्षण धर्म से प्रच्छन्न था. उसी से प्रेरित-निर्देशित था. उनके पास धर्मविहीन या धर्म से परे कुछ भी नहीं था. गांधी का यह धर्म, उनके व्यक्तिगत जीवन में असंदिग्ध रूप से हिंदू था और अन्य दूसरे धर्मों के प्रति पूरी तरह सहिष्णु और विनीत था. इस धर्म का ईश्वर, इसकी आध्यात्मिकता, आत्मा और नैतिकता उनकी अपनी गढ़ी हुई या चुनी गई परिभाषाओं से तय होती थी।

# अब बनने लगा है गांधी के सपनों का भारत

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस जब हम नये भारत-सशक्त भारत को विकसित होते हुए देखते है तो प्रतीत होता है कि यह गांधी के ही सपनों का भारत बन रहा है। कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने गांधी की केवल मूर्तियां स्थापित की, लेकिन भाजपा सरकार अपनी नीतियों में गांधी दर्शन को लागू कर रही है। गांधी के अहिंसा दर्शन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश में बल्कि दुनिया में स्थापित कर रहे हैं। गांधी की अहिंसा ने भारत को गौरवान्वित किया है, भारत ही नहीं, दुनियाभर में अब उनकी जयन्ती को बड़े पैमाने पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी महानायक के रूप में ही नहीं, देवनायक के रूप में लोकतंत्र के मजबूत आधार एवं संकटमोचक है। संसद से लेकर सड़क तक, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और व्यक्ति से लेकर विचार बनने तक जीवन के हर नीति में, हर दृष्टिकोण में, हर मोड़ पर गांधी की व्याप्ति है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम हो या फिर नये भारत की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियां हमारी हर सोच में, हर क्रियाएं में, हर नीति में गांधी का होना यह दर्शा रहा है कि आज गांधी पूर्व सरकारों की तुलना में ज्यादा जीवंत बने हैं।



महात्मा गांधी के विचार एवं दर्शन पर ही मोदी सरकार की योजनाएं एवं नीतियां आगे बढ़ रही है। इस बात का खुलासा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा है कि उनके सबका साथ, सबका विकास के विचार की प्रेरणा 1980 के दशक की है। मोदी ने अपने हाथ से लिखे एक नोट्स में इस विचार के बारे में काफी पहले ही लिख दिया था। मोदी द्वारा लिखे गए नोट्स से पता चलता है कि महात्मा गांधी के आदर्शों ने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा है, जो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। जिसमें युवा मोदी ने महात्मा गांधी के विचारों उद्धरत करके लिखा था, मैं सबसे बड़ी संख्या की सबसे बड़ी भलाई के सिद्धांत में विश्वास नहीं करता। यह 51 प्रतिशत की अच्छाई के लिए 49 प्रतिशत की भलाई का त्याग करना है। यह सिद्धांत एक क्रूर सिद्धांत है। इसके माध्यम से मानवता को काफी नुकसान हुआ है। मानवता के लिए एक मात्र सिद्धांत है कि सभी के लिए भलाई के काम में विश्वास करना।' मोदी सरकार सभी की भलाई के लिये काम करते हुए गांधी दर्शन को ही आगे बढ़ा रही है।

ललित गर्ग

मोदी का स्वच्छता मिशन गांधी की स्वच्छता सोच को ही आगे बढ़ाने का उपक्रम है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भी गांधी के नाम पर चल रही योजना है। भारतीय मुद्रा से लेकर शासन-प्रशासन के हर कार्यस्थल पर गांधी है। हम गांधी के संवाद और सहिष्णुता के सिद्धान्तों को अपनाते हुए युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को निस्तेज बना रहे हैं। दलित-आदिवासियों को न्याय और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त कर रहे हैं तो भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान में जुटे हैं। भारत माता, गौ माता और गंगा माता के सांस्कृतिक एवं धार्मिक चिन्तन को आगे बढ़ाते हुए गांधी की मूल अवधारणा को ही आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। आज गांव, गरीब और स्वराज में गांधी की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक-आचरण का अभाव अखरता है। गांधीजी ने इन स्थितियों को गहराई से समझा और अहिंसा को अपने जीवन का मूल सूत्र बनाया। यदि अहिंसा, शांति और समता की व्यापक प्रतिष्ठा नहीं होगी तो भौतिक सुख-साधनों का विस्तार होने पर भी मानव शांति की नींद नहीं सो सकेगा। महात्मा गांधी के सच्चे उत्तराधिकारी के रूप में नरेन्द्र मोदी हमारे सामने हैं, उनके प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हम अब वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थो के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम गांधी को जीवंत बनाये हुए है, यही कारण है कि कभी हम स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाडू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए मोदी को देखते हैं। मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी ÷मेक इन इंडिया÷ का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों गांधी के सपनों को आकार देकर सचमुच लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दिये जा रहे हैं। हम देशवासियों के लिये अपूर्व प्रसन्नता की बात है कि गांधी की प्रासंगिकता चमत्कारिक ढंग से बढ़ रही है। देश एवं दुनिया उन्हें नए सिरे से खोज रही है। उनको खोजने का अर्थ है अपनी समस्याओं के समाधान खोजना, युद्ध, हिंसा एवं आतंकवाद की बढ़ती समस्या का समाधान खोजना।

## राजकाज



### मुंह बंद करने की नसीहत दी, अटल जी ने

प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन चल रहा है। राजनेता बढ़-चढ़कर बोल रहे हैं। सब बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं। महाकुंभ के आयोजन के दौरान राजनेताओं के बोलने पर अटल बिहारी वाजपेई ने एक किताब लिखी थी। संसद मे तीन दशक नामक इस किताब में अटल जी ने लिखा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू उन्हें बोलने के लिए संसद में उकसाते थे। उस समय अटल उनकी उम्र 31 वर्ष की थी। उन्होंने नेहरू जी से कहा था, चुप रहने में वाणी और विवेक दोनों की आवश्यकता होती है।उस समय संसद में बड़े-बड़े नेता थे। तब अटल जी उनको सुनते थे।बोलते कम थे। सुनकर गुनते थे। फिर बोलना शुरू किया तो देश के सबसे अच्छे वक्ता बने। प्रयागराज में जिस तरह से राजनेता बिगड़े बोल बोल रहे हैं। उससे वह अपनी मूर्खता को बता रहे हैं। कुंभ धार्मिक आयोजन है। शंकराचार्य और साधु संत बोलें,यह समझ में आता है। जिस तरह से योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव लगातार बोल रहे हैं।

### 6 घंटे में ट्रम्प ने बदले सरकार के 78 नियम

अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बने हैं।उन्होंने राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के 6 घंटे के अंदर सरकार के 78 नियम बदल दिए। कुछ ऐसे फैसले उन्होंने बदले हैं। जिसकी सारी दुनिया के देशों में आलोचना हो रही है। अमेरिका की कोर्ट ने एक निर्णय पर स्टे लगा दिया है। चीन की कंपनी टिकटोक को लेकर उन्होंने 75 दिन का समय चीन की कंपनी को दिया है। 50 फ़ीसदी हिस्सेदारी यदि वह मस्क की कंपनी को दे दें, तो टिकटोक अमेरिका में काम कर सकती है। इस निर्णय की भी सारी दुनिया के देशों में आलोचना हो रही है। एलन मस्क ट्रंप कैबिनेट में शामिल हैं। चुनाव में उन्होंने ट्रंप को बड़ा चंदा दिया है। उनके लिए चुनाव प्रचार भी किया है।अमेरिका के राष्ट्रपति सीधे-सीधे चीन की कंपनी को धमकी दे रहे हैं। 50 फीसदी हिस्सेदारी एलन मस्क को सौंप दें।इसके बाद अमेरिका में कारोबार करें। एक खबर यह भी आ रही है। एआई को लेकर ट्रंप ने जो फैसला किया है। उससे एलन मस्क नाराज हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा कार्यकाल कैसा होगा। इसको लेकर सारी दुनिया में चर्चा हो रही है।

### भाजपा का टुकड़ों टुकड़ों में संकल्प पत्र

भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव में दो संकल्प पत्र जारी किए हैं। तीसरा संकल्प पत्र जल्द ही जारी किया जाएगा। टुकुड़ों-टुकड़ों में जो संकल्प पत्र जारी किए जा रहे हैं।उसको लेकर दिल्ली के मतदाता चर्चा करते हुए नजर आ रहे हैं। भाजपा पहले मुफ्त की रेवड़ी का विरोध करती थी। अब जो रेवड़ी केजरीवाल बांट रहे हैं। उससे बड़ी रेवड़ी बीजेपी बांट रही है।केजरीवाल जो विशात चुनाव में बिछा रहे हैं। भाजपा उसमें चल रही है। जिसके कारण भाजपा को खंड-खंड में संकल्प पत्र लाना पड़ रहे हैं। मतदाताओं को भाजपा को इस संकल्प पत्र पर विश्वास नहीं हो पा रहा है। 2015 और 2020 में जो वादे किए थे। वह भाजपा ने पूरे नहीं किये ।

## फीचर



# लिप सर्जरी करा रही हैं तो ध्यान रखें ये बातें

**सुंदर होंठ सभी लड़कियों की पहली पसंद होती है । इससे चेहरे की सुंदरता और भी बढ़ जाती है पर कुछ लड़कियों के होंठ बहुत पतले होते हैं जिसके लिए वे प्लास्टिक सर्जरी का सहारा लेती हैं ।**

सर्जरी से होंठों को बेहतर लुक दिया जा सकता है पर ध्यान रहे कि लिप सर्जरी (होंठ को सर्जरी से निखारना) बहुत ही दर्दभरा होता है और अगर सर्जरी के बाद सावधानियां न बरती जाएं तो इससे नुकसान भी हो सकता है। ऐसे में सब लोगों को लिप सर्जरी के बारे में पूरी जानकारी होना बहुत जरूरी है।

**सर्जरी के प्रकार:** लिप सर्जरी दो तरह की होती है- स्थायी और अस्थायी। अस्थायी सर्जरी में इंजैक्शन की मदद से होंठों में आर्टिफिशियल फिलर भरकर उभार लाया जाता है जो 5-6 महीनों तक ही रहता है और उसके बाद होंठ अपनी पहले वाली शेप में आ जाते हैं। वहीं स्थायी सर्जरी में इम्प्लांट, लिप लिफ्ट और वेरमिलीअन एंडवांसमेंट करवाया जाता है।

सर्जरी के तरीके

**फैट ट्रांसफर इंजैक्ट:** इसमें शरीर के किसी हिस्स से वसा लेकर होंठों में इंजैक्ट की जाती है जिससे होंठ भरे हुए लगते हैं।

**वेरमिल्लियन एडवांसमेंट सर्जरी:** इस सर्जरी में होंठों के किनारों को ऊपर की तरफ खींच कर उन्हें चौड़ा किया जाता है। इससे लिप्स ज्यादा पाउटी नजर आते हैं और इससे चेहरे की लुक भी बदल जाती है।


**लिप इम्प्लांट सर्जरी:** यह मुंह के अंदर से की जाने वाली सर्जरी है और यह स्थायी-अस्थायी दोनों तरीकों से होती है। इसमें मुंह के अंदर से इंप्लांटेशन की जाती है जिससे एक खूबसूरत मुस्कान मिलती है।

**लिप लिफ्ट सर्जरी:** लटके हुए और ढीले होंठों को सही शेप देने के लिए यह सर्जरी करवाई जाती है। इसमें होंठों के किनारों को ऊपर उठाने के लिए सर्जरी की जाती है। होंठों में उभार लाने के लिए लड़कियां सर्जरी तो करा लेती हैं लेकिन इनसे होने वाले नुकसान के बारे में नहीं जानती। सर्जरी के दौरान अगर थोड़ी-सी भी लापरवाही बरती जाए तो सूरत खराब हो जाती है।

## प्रेरणा

# जीना और मरना

जिस भांति हम जीते हैं, उसे जीवन नाममात्र को ही कहा जा सकता है। हमे न जीवन का पता है; न जीवन के रहस्य का द्वार खुलता है। न जीवन के आनंद की वष्रा होती है; न हम यह जान पाते हैं कि हम क्यों जी रहे हैं, किसलिए जी रहे हैं? हमारा होना करीब-करीब न होने के बराबर होता है। किसी भांति अस्तित्व ढो लेते हैं, जीवित रहते हुए मुर्दे की भांति। लेकिन ऐसा भी होता है कि मरते क्षण में भी कोई जीवंत होता है कि उसकी मृत्यु को भी हम मृत्यु नहीं कहते। बुद्ध की मृत्यु को हम मृत्यु नहीं कह सकते हैं और अपने जीवन को हम जीवन नहीं कह पाते हैं। कृष्ण की मृत्यु को मृत्यु कहना भूल होगी। उनकी मृत्यु को हम मुक्ति कहते हैं। उनकी मृत्यु को हम जीवन से और महाजीवन में प्रवेश कहते हैं। उनकी मृत्यु के क्षण में कौन-सी प्रांति घटित होती है, जो हमारे जीवन के क्षण में भी घटित नहीं हो पाती। किस मार्ग से वे मरते हैं कि परम जीवन को पाते हैं। और किस मार्ग से हम जीते हैं कि जीवत रहते हुए भी हमें जीवन की कोई सुगंध का भी पता नहीं पड़ता है। जिसे हम शरीर कहें, वह हमारे लिए कब्र से ज्यादा नहीं है, एक चलती-फिरती कब्र। और यह लंबा विस्तार जन्म से लेकर मृत्यु तक, बस आहिस्ता-आहिस्ता मरते जाने का ही काम करता है। ऐसे रोज-रोज और मौत के करीब पहुंचते हैं। हमारी सारी यात्रा मरघट पर पूरी हो जाती है। जीने का सब कुछ निर्भर है जीने के ढंग पर और मरने का भी सब कुछ निर्भर है मरने के ढंग पर। हमें जीने का ढंग भी नहीं आता। बुद्ध जैसे व्यक्ति को मरने का ढंग भी आता है। कृष्ण ने कहा है, हे अजरुन, जिस काल में शरीर त्यागकर गए योगीजन, पीछे न आने वाली गति और पीछे आने वाली गति को भी प्राप्त होते हैं, उस काल को, उस मार्ग को मैं तुमसे कहूंगा।



## अपनी बात



केंद्रीय मंत्री रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी महाकुंभ में हुए हादसे पर दुख जताया । उन्होंने पोस्ट में लिखा, महाकुंभ में हुई दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है । इस हादसे में जिन्होंने अपनों को खोया है, उन शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं । इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने फिल्म छावा के मेकर्स को रिलीज से पहले सलाह दी है। मुख्यमंत्री ने मेकर्स को कहा कि वे इतिहास से किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें। संभाजी महाराज के इतिहास को सही तरीके से पेश करना चाहिए । इतिहास से किसी भी तरह का छेड़छाड़ करना बिल्कुल भी सही नहीं है । हर किसी के दिल में संभाजी महाराज के प्रति बहुत सम्मान और प्यार है, इसलिए उस सम्मान और प्रतिष्ठा को किसी भी तरह से ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए ।

## ब्रीफ न्यूज

### जेठ और देवर ने बिजली डीपी से कटवाने को लेकर महिला से की मारपीट, मामला दर्ज

**गुना।** चांचौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम उबापान में पारिवारिक विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें एक महिला और उसके पति को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादिया धापूबाई गुर्जर (35) निवासी ग्राम उबापान ने अपने घायल पति हरिसिंह गुर्जर के साथ थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम करीब 4 बजे वह अपने पति के साथ खेत पर बने कुएं के पास काम कर रही थी। इसी दौरान उनका जेठ जगदीश गुर्जर और देवर प्रहलाद गुर्जर वहां पहुंचे और कुएं की बिजली डीपी से कटवाने की बात कहने लगे। धापूबाई और उनके पति ने बताया कि उन्होंने बिजली बिल भर दिया है और उन्हें पानी की जरूरत है, इसलिए बिजली न काटी जाए। इस बात पर दोनों आरोपियों ने गाली-गलौच शुरू कर दी। जब दंपति ने इसका विरोध किया तो जगदीश गुर्जर ने पत्थर उठाकर धापूबाई के माथे पर मारा, जिससे खून निकल आया। बीच-बचाव करने आए उनके पति हरिसिंह गुर्जर को दोनों आरोपियों ने पकड़कर जमीन पर पटक दिया और पत्थरों से हमला कर दिया। इस दौरान हरिसिंह के घुटने, कोहनी और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। झगड़े के दौरान प्रहलाद गुर्जर ने धापूबाई को भी लात मारी, जिससे उसकी पीठ में चोट आई। मारपीट के दौरान गांव के भगवानसिंह गुर्जर मौके पर पहुंचे और झगड़े को शांत कराया। आरोपियों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

### बच्चों के झगड़े ने लिया गंभीर रूप, बड़ों के बीच हुई मारपीट, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

**गुना।** जिले के जामनेर थाना अंतर्गत ग्राम भैरूगढ़ में बच्चों के खेल के दौरान हुआ विवाद बड़ों के बीच हिंसक झगड़े में बदल गया, जिससे कई लोग घायल हो गए। इस घटना में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुयसा गत सुबह जब सुशीला बाई भील के बेटे लोकेश भील और गजराज सिंह भील के बेटे अनिल भील खेल रहे थे। खेल-खेल में हुए झगड़े को लेकर गजराज सिंह, उसका भाई सुल्तान भील, भतीजा मिलन भील और अरविंद भील मौके पर पहुंचे और कहासुनी के बाद गालियां देने लगे। सुशीला बाई के अनुसार, जब उन्होंने विरोध किया तो गजराज सिंह ने उन्हें डंडे से मारा, जिससे उनके हाथ और पैर में चोटें आईं। इस दौरान उनका बेटा संदीप, लोकेश और बेटियां अफसाना व अनसुईया बीच-बचाव करने आए, लेकिन उन पर भी हमला किया गया। झगड़े के दौरान गांव के पप्पू बैरागी ने बचाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें भी चोट पहुंची। वहीं, गजराज सिंह भील ने अपनी शिकायत में बताया कि जब वे बच्चों के झगड़े को शांत कराने गए तो सुशीला बाई के बेटे संदीप ने गाली-गलौज करते हुए उन पर लाठी से हमला कर दिया, जिससे उनके माथे में चोट आई और खून बहने लगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सुशीला बाई ने भी उन पर ईंट से हमला किया, जिससे उनके गाल पर चोट आई। इस झगड़े में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं।

# कस्तूरबा की छात्राओं ने माधव राष्ट्रीय उद्यान का किया प्रकृति भ्रमण

सत्ता सुधार ■ गुना

पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण हितैषी जीवन शैली को जानने एवं प्रकृति के साथ जुड़ाव रखने के लिए शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय गुना की ईको क्लब द्वारा छात्राओं को माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी का प्रकृति भ्रमण कराया गया।

यह आयोजन प्राचार्य विनीता जैन के निर्देशन में ईको क्लब प्रभारी रूपाली रावत के मार्गदर्शन एवं समन्वय से किया गया। प्रातः 06:30 बजे प्राचार्य विनीता जैन ने छात्राओं को भ्रमण हेतु रवाना किया। माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी में महेन्द्र अटेरिया, इंटरप्रिटेशन सेंटर, आस्था एवं अनिल आदिवासी ने पार्क एरिया, स्थापना वर्ष, भ्रमण एरिया, गेट संख्या, बाघों की संख्या, जानवरों की प्रजाति एवं वृक्षों की प्रजातियों की जानकारी दी। सन् 1911 में बनाए गए जार्ज कैसल, 110 वर्ष पुराना पुल, चांदपाठा एवं सांख्य सागर झील आदि की विस्तृत जानकारी दी साथ ही जंगली जीवों एवं पक्षियों के लिए वनों की आवश्यकता एवं पारिस्थितिकी तंत्र की भी जानकारी दीं उन्होंने छात्राओं को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने भ्रमण के दौरान विभिन्न प्रकार के पक्षी, मगर, जंगली, सुअर, हिरण, बाहरसिंघा, चिंकारा, बंदर, नीलगाय आदि जानवर देखे।




भ्रमण का मुख्य उद्देश्य जैव विविधता जंगलों के कटने से होने वाले नुकसान, जीवों के व्यवहार आदि से विद्यार्थियों को अवगत कराना, पर्यावरण सरंक्षण एवं सकारात्मक व्यवहार एवं संदेनशीलता रखने, जीवन कौशल क्षमता विकसित करना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। प्राचार्य डॉ. विनीता जैन ने बताया कि इस प्रकृति भ्रमण से छात्राओं में वन्य जीवों के प्रति सकारात्मक सोच बढ़ेंगी तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति स्वयं जागरूक होंगे। पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत प्राचार्य विनीता जैन, ईको क्लब प्रभारी रूपाली रावत, पूनम पारीक, आशा बाथम, प्रशांत आर्य, जावेद अली, मिथुन धाकड़ सहित 25 छात्राओं ने प्रकृति भ्रमण किया।

## कोतवाली और चंचौड़ा थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं, पुलिस में शिकायत दर्ज

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के कोतवाली और चांचौड़ा थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की दो घटनाएं सामने आई हैं। अज्ञात चोरों ने मौका पाकर लोगों की गई मोटरसाइकिलें चुरा लीं। चोरी की इन घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। फरियादियों ने पुलिस थानों में शिकायत दर्ज कराई है और जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने तथा उनकी गाड़ियाँ बरामद करने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के कांजी हाउस, बसोरों की पुलिया के पास, पुरानी छावनी निवासी राजेश विश्वकर्मा की हीरो होंडा सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 08-0371 को अज्ञात चोरों ने घर के बाहर से चुरा लिया। राजेश विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि गत रात करीब 9 बजे उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी की थी और अंदर चले गए थे। कुछ समय बाद बाहर आकर देखा तो गाड़ी गायब थी। आसपास तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद सुबह चोरी की शिकायत दर्ज कराई। दूसरी चोरी की घटना चंचौड़ा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 09, चाचौड़ा रोड, बीनागंज में हुई। मनोज कुमार गुप्ता की हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 08-2624 को अज्ञात चोरों ने उनके घर के बाहर से चुरा लिया। मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि गत रात करीब 10 बजे, वे बाजार से सामान खरीदकर लौटे और अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर ताला लगाकर खड़ी कर दी। जब वे कुछ देर बाद बाहर आए तो गाड़ी गायब मिली। उन्होंने खुद ही कई दिनों तक अपनी गाड़ी की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। आखिरकार, उन्हें ने चंचौड़ा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

## जिले के आरोन थाना क्षेत्र में 60 लीटर कच्ची शराब जब्त, आरोपी फरार

**गुना।** आरोन थाना अंतर्गत पुलिस चौकी पनवाड़ी हाट की टीम ने अवैध रूप से बेची जा रही हाथ भट्टी की कच्ची शराब पर बड़ी कार्रवाई की।

पुलिस ने 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की, हालांकि आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले की जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी सउनि. दिलीप सिंह रघुवंशी ने बताया कि गत दिवस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम पिपरिया जागीर निवासी सुखलाल बंजारा अपने घर के पीछे गेहूं के खेत में अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, सुखलाल बंजारा पुलिस को देखकर भाग निकला। पुलिस ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह खेतों में गायब हो गया। मौके पर जांच करने पर दो सफेद प्लास्टिक की केन में कुल 60 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब पाई गई। पुलिस ने मौके पर पंचनामा तैयार कर शराब जब्त कर ली। आरोपी सुखलाल बंजारा के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## युवक के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**गुना।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में मारपीट का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें विशाल कुशवाह उर्फ बिट्टू नामक युवक के साथ लाठी-डंडों से हमला किया गया।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पीड़ित विशाल कुशवाह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि गत शाम करीब 7 बजे उसे अर्जुन लोधा ने फोन कर पुट्टी का काम दिलाने के बहाने बुढ़े बालाजी मंदिर के पास बुलाया। वहां से अर्जुन उसे ईदगाह बाड़ी के पीछे ले गया, जहां पहले से कुछ लोग खड़े थे। विशाल के पहुंचते ही उनमें से एक युवक ने उसका नाम-पता पूछा और अचानक गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में मां-बेटे घायल

**गुना।** जिले के जामनेर थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा ढाढोन्या पठार, जामनेर-मक्सूदनगढ़ रोड पर हुआ, जब एक अज्ञात वाहन चालक ने तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी। मोहन पुत्र गुलाब सिंह रजक निवासी पीपलखेड़ी ने पुलिस को बताया कि वे अपनी मां ऊकारी बाई रजक को ग्राम नलखेड़ा से कथा समाप्त होने के बाद अपनी मोटरसाइकिल एमपी 08- 4601 से अपने गांव वापस ला रहे थे। शाम करीब 5 बजे, जब वे ढाढोन्या पठार पहुंचे, तभी एक अज्ञात वाहन ने तेज गति से आकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वे और उनकी मां सड़क पर गिर पड़े। इस दुर्घटना में मोहन के दाहिने पैर के टखने, दाहिनी आंख के पास और दाहिने पंजे में चोटें आईं, जबकि उनकी मां ऊकारी बाई को सिर, दाहिने पंजे और नाक में गंभीर चोटें आईं, जिससे खून बहने लगा। सूचना मिलते ही 100 नंबर पुलिस वाहन मौके पर पहुंची और घायलों को सरकारी अस्पताल पीएचसी जामनेर में भर्ती कराया गया।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और शक्कर कारखाने जैसे मुद्दों पर नागरिक रैली का आयोजन

सत्ता सुधार ■ गुना

नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के अवसर पर विभिन्न जन समस्याओं को लेकर नागरिक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शास्त्री पार्क से कलेक्ट्रेट तक निकाली गई। जिसमें छात्र संगठन एआईडीएसओ, युवा संगठन एआईडीवायओ, महिला सांस्कृतिक संगठन, आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन एआईकेकेएमएस और ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी सहित कई संघर्ष समितियों ने भाग लिया। रैली में सैकड़ों छात्र, नौजवान, महिलाएं, किसान और मजदूर शामिल हुए।

### रैली की प्रमुख मांगें

रैली का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, शक्कर कारखाने और बांध निर्माण से जुड़ी जनसमस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाना था। रैली की शुरुआत नेताजी सुभाषचंद्र बोस जिंदाबाद के गगनभेदी नारों और जनगीतों के साथ हुई। रैली को संबोधित करते हुए ट्रेड यूनियन नेता नरेंद्र भदौरिया ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस का राष्ट्रवाद शोषित-पीड़ित जनता के संघर्ष से जुड़ा था। उन्होंने जाति-धर्म से ऊपर उठकर साम्राज्यवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी।




### जनसमस्याओं पर वक्ताओं के विचार

एआईकेकेएमएस के राज्य सचिव मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान सरकारें नेताजी सुभाषचंद्र बोस के सपनों को धूमिल कर रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को मुनाफा कमाने का साधन बनाया जा रहा है। सरकारी अस्पतालों के निजीकरण की योजना बन रही है, 94,000 सरकारी स्कूल बंद किए जा रहे हैं और प्रीपेड स्मार्ट मीटर के जरिए बिजली उपभोक्ताओं से अधिक शुल्क वसूला जा रहा है। उन्होंने विरोध करने वालों पर फर्जी मुकदमे दर्ज करने और दमनात्मक कार्रवाई करने का भी आरोप लगाया। ट्रेड यूनियन नेता लोकेश शर्मा ने जिले की स्थानीय समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कई बस्तियों को अवैध बताकर नोटिस दिए जा रहे हैं। नारायणपुरा शक्कर कारखाने के लिए किसान संघर्ष कर रहे हैं, वहीं पार्वती-चंबल लिंक परियोजना के तहत एक बड़े बांध के निर्माण से 70-80 गांवों के डूबने का खतरा है। किसानों की मांग है कि बड़े बांध की बजाय छोटे-छोटे डेम बनाए जाएं। रैली शास्त्री पार्क से लक्ष्मीगंज, सदर बाजार होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। रैली का संचालन मनोज रजक और राधेश्याम चंदेल ने किया, जबकि आभार महेंद्र नायक ने व्यक्त किया।

# बायपास रोड के नवनिर्मित मंदिर में 2 फरवरी को होगी प्राण प्रतिष्ठा



### कलश यात्रा के साथ धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के ग्राम सिंघाड़ी गढ़ा बायपास रोड पर स्थित नवनिर्मित मंदिर में भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत सुबह कलश यात्रा के साथ हुई। मिली जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय पशु चिकित्सालय परिसर में स्थित मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद भक्तों ने बैंड-बाजों की धुन पर निकली कलश यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा हाट रोड और सदर बाजार होते हुए जयस्तंभ चौराहा स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंची। रास्तेभर श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा का स्वागत किया। वहां से सभी श्रद्धालु वाहनों द्वारा बायपास रोड स्थित आयोजन स्थल पहुंचे, जहां धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। महोत्सव का समापन 2 फरवरी को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर होगा, जब भगवान श्री गणेश और शिव पंचायत की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान से संपन्न कराई जाएगी। गणेश स्टोर परिवार द्वारा निर्मित इस मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से सहभागिता की अपील की है।

### महिला के बैग से लाखों के आभूषण और नगदी चोरी, मामला दर्ज

**गुना।** थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र में एक महिला के बैग से लाखों के आभूषण और नगदी चोरी होने का मामला सामने आया है। फरियादिया शिवा रघुवंशी पत्नि गजेन्द्र सिंह रघुवंशी निवासी ग्राम अनंतपुर, थाना कोलारस, जिला शिवपुरी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि गत सुबह 8 बजे वह अपने पुत्र नीलेश के साथ गुना से रन्नौद जाने वाली रघुवंशी बस में रिलायंस ट्रेंड मॉल के सामने जज्जी बस स्टैंड से बैठी थीं। महिला के अनुसार, उनके बैग में पहनने के कपड़े, दो एक-एक तौले की सोने की चेन, एक तौला वजन की एक जोड़ी सोने की झुमकी और 38,000 रुपये नगद रखे थे। जब उनका बेटा बैग को सीट के ऊपर की रैक में रखने लगा, तो महिला ने सुरक्षा की दृष्टि से बैग गोद में रखने को कहा। शिकायत के मुताबिक, बस में उनके पीछे बैठे एक व्यक्ति ने बैग सीट के नीचे रखने की सलाह दी, जिसे महिला ने मान लिया। इसके बाद, हनुमान चौराहा के पास वह व्यक्ति और उसका एक अन्य साथी बस से उतर गए। जब महिला दोपहर 11:30 बजे अनंतपुर पहुंची और बैग खोला, तो उसमें से सारा कीमती सामान और नगदी गायब थे। घटना की सूचना मिलने पर फरियादिया थाना सिटी कोतवाली पहुंचीं और मामला दर्ज कराया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है ।

# बे सहारा गोवंश को बचाने के लिए युवाओं की पहल, सड़क दुर्घटनाओं से ऐसे कर रहे रक्षा

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले में सनातन धर्म ग्रुप के युवा इन दिनों बे सहारा गायों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए एक अनूठी पहल कर रहे हैं। बीते एक माह से यह युवा रात के समय घरों से निकलकर न केवल सड़कों पर घूम रही गायों को सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहे हैं, बल्कि उनके गले में रेडियम युक्त बेल्ट भी बांध रहे हैं, जिससे वाहन चालकों को दूर से ही गाय नजर आ सके और दुर्घटनाएं रोकी जा सकें। इसके अलावा, यह ग्रुप गायों को हरा चारा खिलाकर उनकी सेवा भी कर रहा है। दरअसल अक्सर सड़कों पर घूम रही गायों के कारण दुर्घटनाएं हो जाती हैं, क्योंकि रात के अंधेरे में वाहन चालक इन्हें देख नहीं पाते। सनातन धर्म ग्रुप द्वारा बांधी जा रही रेडियम युक्त बेल्ट अंधेरे में चमकती है, जिससे दूर से ही सड़क पर बैठी गाय वाहन चालकों को दिखाई देने लगती है। इससे न केवल वाहन चालक सतर्क हो जाते हैं, बल्कि गायें भी सुरक्षित रह पाती हैं। इस पहल से अब तक कई गोवंश को सड़क दुर्घटनाओं से बचाया जा चुका है।



गोसेवा में जुटे युवाओं की टोली

इस पुनीत कार्य में शिवम गोस्वामी, नीरज ओझा, विनोद शर्मा, शिवराज किरार, सतीश किरार, दिलीप किरार, मनजीत ओझा, आनंद ओझा, सागर धाकड़ और प्रकाश किरार सहित कई युवा सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। यह टोली हर रात सड़कों पर निकलती है और बे सहारा गायों को सुरक्षित करने का कार्य करती है। युवाओं की यह पहल समाज में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ गोसेवा और सड़क सुरक्षा दोनों के लिए एक मिसाल बन रही है। यह ग्रुप लोगों से भी अपील कर रहा है कि वे बे सहारा गायों की रक्षा के लिए आगे आएं और इस मुहिम को सफल बनाएं।

**विदाई** फेयरवेल पार्टी में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ दी गई शुभकामनाएं

# हायर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई

सत्ता सुधार ■ गुना

स्थानीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया, जहां स्टाफ और जूनियर विद्यार्थियों ने उन्हें भावनात्मक विदाई दी। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही और विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। फेयरवेल पार्टी के दौरान 12वीं के विद्यार्थियों का स्वागत ढोल-नगाड़ों की गूंज और पुष्प वर्षा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एच.एन. जाटव और शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद जूनियर विद्यार्थियों ने रंगारंग नृत्य और गीत प्रस्तुत किए। शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत एक मधुर गीत ने माहौल को संगीतमय बना दिया।




इस अवसर पर प्राचार्य एच.एन. जाटव और शिक्षक हर्षकृष्ण गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रेरक संदेश दिए और परीक्षा में सफलता के टिप्स साझा किए। जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वीं के छात्र पीयूष जाटव ने किया। फेयरवेल पार्टी के अंत में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए परीक्षा की तैयारी में पूरी मेहनत और लगन से जुटने के लिए प्रेरित किया।

## जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र में दो पक्षों में विवाद, क्रॉस मामला दर्ज

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र में बीती रात जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष के फरियादी किशोर कुशवाह निवासी वार्ड नंबर 02, चांचौड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी माँ फूलवती बाई कुशवाह के साथ अपने गणेश मंदिर के पास स्थित खेत पर था, तभी पड़ोसी विजय कुशवाह और दशरथ कुशवाह शराब के नशे में वहां पहुंचे और पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर विजय कुशवाह ने डंडे से किशोर कुशवाह के हाथ और पैर पर वार किया। बीच-बचाव करने आई उसकी माँ फूलवती बाई को भी डंडे और मुक्कों से चोट पहुंचाई गई, जिससे उनके मुंह और माथे पर चोट आई।

दूसरे पक्ष के फरियादी विजय कुशवाह निवासी गोया मोहल्ला, चाचौड़ा ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह अपने खेत पर जा रहा था, तभी पड़ोसी किशोर कुशवाह और उसके पिता लेखराम कुशवाह ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर किशोर और लेखराम ने डंडों से मारपीट की, जिससे विजय कुशवाह के माथे, सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। उसे बचाने आए दशरथ कुशवाह पर भी हमला किया गया, जिससे उसकी आंख, पसली और कोहनी में चोट आई। घटना के दौरान दोनों पक्षों के परिवार के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ धमकी देने के आरोप भी लगाए हैं। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर क्रॉस मामला कायम कर लिया है ।

## यहां किराए पर स्मार्टफोन-गैजेट...



**अक्सर** आप स्मार्टफोन या गैजेट खरीदने पर 50 हजार रुपए खर्च केवल इसलिए नहीं कर पाते हैं क्योंकि आपको डर होता है कि अगर पसंद नहीं आएगा तो मेरे पैसे का क्या होगा। इसके अलावा गैजेट खरीदने जा रहे हर यूजर की दिली तमन्ना होती है कि किसी भी महंगे गैजेट को खरीदने के लिए मोटी रकम खर्च करने से पहले वह उसे कुछ समय तक आजमाए और परखे कि वह उसके लिए मुफीद है भी या नहीं। लेकिन अफसोस ऐसा हो नहीं पाता और मरता क्या न करता वाली तर्ज पर यूजर को केवल काउंटर पर ही देखकर महंगा गैजेट खरीदना पड़ता है। लेकिन अब चिंता वाली कोई बात नहीं है क्योंकि भारत में अब ऐसी कंपनियां काम करने लगी हैं जो आपको किराए पर स्मार्टफोन और अन्य गैजेट उपलब्ध करवा देती हैं। इनसे आप सीमित समय के लिए मनचाहा स्मार्टफोन या कोई अन्य गैजेट किराए पर लेकर उसे परख सकते हैं। स्नीजो नामक स्मार्टफोन और टेबलेट रेंटिंग एप के संस्थापक विदित कालरा के मुताबिक वे हमेशा से किसी भी गैजेट को खरीदने से पहले उसे कुछ समय परखना चाहते थे। खुद की और उन जैसे अन्य यूजर्स की जरूरत पूरी करने के लिए किया गया यह प्रयास आज एक पूरा बिजनेस बन चुका है। यह कंपनी केवल कॉर्पोरेट्स को ही किराए पर गैजेट उपलब्ध करवाती है। मुंबई स्थित इजी लैजी पिछले महीने ही लॉन्च की गई है। यहां किसी भी यूजर को किराए पर लेने के लिए हर प्रकार का महंगे से महंगा गैजेट उपलब्ध करवाया जाता है। गारबीट नामक कंपनी पिछले काफी समय से काम कर रही है। यह कंपनी यूजर्स को किराए पर गेम उपलब्ध करवाती है।

## कौनसा माउस बेहतर?



**चाहे** टच स्क्रीन वाला सबसे बढ़िया टैबलेट हो या लैपटॉप, कई बार जब आप माउस इस्तेमाल करते हैं तो काम आसान हो जाता है। माउस दो तरह के होते हैं-ऑप्टिकल और लेजर। ऑप्टिकल माउस एलईडी का इस्तेमाल करते हुए यह समझता है कि आप क्या करना चाह रहे हैं। इसके मुकाबले लेजर माउस, जैसा कि उसका नाम है, लेजर का इस्तेमाल करके माउस की दिशा को समझता है। इसीलिए ऑप्टिकल माउस को सिर्फ सॉफ्ट सतह पर इस्तेमाल किया जा सकता है जबकि लेजर माउस को आप शीशे जैसी सतह पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। जो लोग गेमिंग के लिए माउस का इस्तेमाल करते हैं वो तार वाले माउस पर ज्यादा भरोसा करते हैं। लेकिन अगर आप घर या ऑफिस के लिए माउस का इस्तेमाल करते हैं तो वायरलेस माउस का आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप बढ़िया वायरलेस माउस खरीदते हैं तो बैटरी काफी दिनों तक चलेगी और लम्बे समय तक आपको माउस भी बदलने की जरूरत नहीं होगी। वायरलेस माउस इस्तेमाल करना बहुत आसान होता है। अगर आपने ब्लूटूथ वाला माउस खरीदा है तो आपका स्क्रपोर्ट भी इस्तेमाल नहीं होगा। वायरलेस माउस में आपको आरएफ या रेडियो फ्रीक्वेंसी वाले माउस भी मिलते हैं। जब आप ब्लूटूथ और आरएफ दोनों को इस्तेमाल करके देखेंगे तो आरएफ माउस आपको बेहतर लगेगा, लेकिन आरएफ माउस जब आप इस्तेमाल करेंगे तो एक यूएसबी पोर्ट उसके नाम करना पड़ेगा। और अगर आपने वो डोंगल खो दिया तो माउस बेकार हो जाएगा। जब भी आप माउस खरीद रहे हैं तो पहले अपनी जरुरत को समझ लीजिए। अगर आपको ज्यादातर ऑफिस के इस्तेमाल के लिए माउस चाहिए तो स्क्रपोर्ट के जरिए काम करने वाला टच पैड भी खरीद सकते हैं। गेमिंग के शौकीनों के लिए तार से जुड़ा माउस सबसे बढ़िया होता है और जो लोग डिजाइन का काम करते हैं उनके लिए लेजर माउस बेहतर होता है।

## नकली स्मार्टफोन को पहचानें...




**आजकल** सस्ते स्मार्टफोन की धूम है। हर ब्रांड का अपना मॉडल मौजूद है और जो ब्रांड बाजार में पसंद किया जाता है उसके नकली फोन भी मिलते हैं। कभी-कभी तो ओरिजिनल पैकिंग में भी नकली स्मार्टफोन निकल सकते हैं। इसीलिए आपको सावधान रहना जरूरी है। जब भी नया स्मार्टफोन खरीदें, उसे एक बार चेक जरूर कर लें ताकि कहीं गलती से आपके हाथ नकली स्मार्टफोन न आ जाए। इसे चेक करने के तरीका बहुत आसान है। सबसे पहले जीएसएम एरीना पर जाकर मॉडल का सही नंबर लिख लें। बाजार जाने से पहले अगर आप यह काम कर लेंगे, तो आपके लिए बढ़िया होगा। फोन खरीदने से पहले आप जितनी रिसर्च करेंगे, उतना बढ़िया होगा। जिस स्मार्टफोन के मॉडल पर आपकी नजर है, उसके फीचर के बारे में सब कुछ जानने की कोशिश करें। जब आप स्मार्टफोन खरीद रहे हैं, तो उसके मॉडल नंबर, ऑपरेटिंग सिस्टम का वर्जन और ब्रॉडबैंड वर्जन पर नजर रखें। एंड्रायड स्मार्टफोन की सेटिंग में जाने के बाद अबाउट फोन में जाकर आप यह पता कर सकते हैं कि ऑपरेटिंग सिस्टम कौन सा इस्तेमाल हो रहा है। आईफोन पर आप सेटिंग में जाकर जनरल में जाएं और अबाउट चुनकर यह पता कर सकते हैं। जब आप उस मेन्यू पर हैं, तो आपको डिवाइस नंबर और ब्रॉडबैंड नंबर भी दिखेगा। जो मॉडल नंबर, ऑपरेटिंग सिस्टम और ब्रॉडबैंड नंबर आपने शुरू में नोट किया था, अब उसे एक बार देख लें। स्मार्टफोन का आईएमईआई नंबर भी आपको अबाउट या अबाउट फोन में मिल जाएगा। हर मोबाइल फोन का एक यूनीक आईएमईआई नंबर होता है।

# अनदेखी होगी खतरनाक...

इंटरनेट इस्तेमाल करने के लिए बने नियम कायदों की अनदेखी खतरनाक साबित हो सकती है। इसलिए ऑनलाइन होते हुए इन नियमों को जरुर ध्यान में रखना चाहिए। वरना 'लेने के देने' पड़ सकते हैं।





### ऑनलाइन गैम्बलिंग

हालांकि देश के कई राज्यों में इस पर कोई कानून नहीं है और मामला कोर्ट में भी है लेकिन महाराष्ट्र में इसे प्रतिबंधित माना गया है। कई और देशों में ऑनलाइन गैंबलिंग प्रतिबंधित है। इसमें वो गेम्स भी शामिल हैं जो गैंबलिंग को प्रमोट करते हैं, जैसे पोकर व ब्लैकजैक।

### वाई फाई का पासवर्ड सेट करें

ओपन वाई-फाई कनेक्शन किसी के लिए भी मुसीबत हो सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इससे कई रिस्क होते हैं। जैसे हो सकता है कि कोई टेररिस्ट, प्रिडेटर्स व कोई अन्य किसी अपराध को अंजाम देने कि साजिश कर रहे हों। इसीलिए अपने वाई-फाई में पासवर्ड सेट करना हमेशा ही सेफ माना जाता है।

### सर्च हिस्ट्री को डिलीट करें

सर्च हिस्ट्री को डिलीट न करना भले ही आपको आम बात लगे लेकिन कानूनी कार्रवाई के दौरान यह बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। किसी बड़ी घटना के दौरान आप पर शक गहरा सकता है। यूएस में डेविड कर्नेल को सर्च हिस्ट्री डिलीट करने के लिए अरेस्ट कर लिया गया था। वह तत्कालीन वाइस प्रेसिडेंट कैंडिडेट सारा पालिन के याहू अकाउंट को हैक करने के लिए शक के घेरे में थे।

### कमेंट या लाइक सोच समझकर

इंटरनेट पर कंट्रोवर्शियल कमेंट करना आपके लिए बुरा हो सकता है। लिहाजा सोशल साइट्स पर कमेंट करने से पहले कई बार सोचें। विवाद को जन्म देने वाले पोस्ट को लाइक या कमेंट न करें। कई देशों में सट्रिक्स सेंसरशिप नियम हैं। वहां इंटरनेट पर कमेंट करना ही प्रतिबंधित है। थाईलैंड में एक अमेरिकन सिटीजन ने एक ट्रांसलेशन फेसबुक पोस्ट किया था। जो कि उनके अनुसार थाईलैंड के राजा के खिलाफ था।



# जल्द नजर आएंगे ये टेक ट्रेंड्स...

**भूल** जाइए ड्रोन्स, फिनटेक और एप्स को, क्योंकि अब ट्रेंड बदल रहे हैं और चीजें आगे की दिशा में बढ़ रही हैं। अब यूजर एक्सपीरियंस के मुताबिक टेक्नीक में बदलाव किया जा रहा है। मशीन लर्निंग और न्यूरोमोरफिक कम्प्यूटिंग आर्किटेक्चर की दिशा में काम हो रहा है। हो सकता है कि फिजिकल और वर्चुअल वर्ल्ड आपस में मिल जाएं। डालते हैं महत्वपूर्ण टेक ट्रेंड्स पर एक नजर।

### इंटरनेट ऑफ एवरीथिंग

आने वाले समय में हर चीज की जानकारी आसानी से मुहैया होगी। हर तरह के स्मार्ट डिवाइस जो टेक्स्ट, ऑडियो, वीडियो प्रोड्यूस और सेंड कर रहे हैं, उसे सहेजा जा सकेगा। अलग-अलग डाटा सोर्स से मिलने वाले डाटा को लिंक करने की तकनीक पर तेजी से काम होने लगेगा। कुछ लोग इसे इंटरनेट ऑफ थिंग्स, इंटरनेट ऑफ डाटा या इन्फॉर्मेशन ऑफ एवरीथिंग कहेंगे। एक बात तो तय है कि ज्यादा से ज्यादा बिग डाटा प्रोड्यूस होगा। इससे तकनीक की दुनिया में बड़ा बदलाव आएगा।

### डिवाइस का जाल



स्मार्टफोन सिर्फ एक शुरुआत है। डिवाइस का जाल का अर्थ है कि फोन, घड़ी, वियरेबल्स, स्मार्ट टीवी, घरेलू सेंसर और कार के डैशबोर्ड जैसे हर तरह के डिवाइस से जानकारी मुहैया होने लगेगी। डिवाइस का जाल इंटरनेट ऑफ थिंग्स का जरूरी हिस्सा बन जाएगा। कारें लाइव ट्रैफिक डाटा में बदल जाएंगी। आने वाले समय में इंटरकनेक्टेड विचार इंटरनेट ऑफ थिंग्स के रूप में नजर आएंगे।

### एडवांस मशीन लर्निंग

एडवांस मशीन लर्निंग में कम्प्यूटर्स लर्निंग और एडैप्टिंग के द्वारा ऑटोमेटिक डाटा प्रोसेसिग करते हैं। इसका एंड रिजल्ट आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के रूप में आता है। कॉम्प्लेक्स डाटासेट्स को हैंडल करने के लिए डीप न्यूरल नेट्स (डीएनएन) की जरूरत होती है। इसकी मदद से कम्प्यूटर अपने आप काम कर सकते हैं और खुद दुनिया को समझ सकते हैं। डीएनएन की मदद से हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर आधारित मशीन सभी फीचर्स को खुद ही याद रखने लगती है। इससे मशीन्स कंटेंट से जुड़ी हर तरह की जानकारी निकाल सकती हैं

### व्यापक यूजर एक्सपीरियंस



व्यापक यूजर एक्सपीरियंस के तहत भविष्य के आर्ग्युमेंटेड व वर्चुअल रियलिटी इमर्सिव एनवायर्नमेंट की बात की जा रही है। मौजूदा हालात में इसे डिवाइसेज और लोकेशन के बीच में निरंतरता के रूप में देखना चाहिए। मोबाइल में यूजर इनपुट कम होता जा रहा है और इंटरेक्शन्स की स्पीड बढ़ रही है। यह स्मार्टफोन में मौजूदा साधारण सेंसर आधारित एप्स से अलग बात है। इसके बजाय मशीन आपके सामने क्विक रिजल्ट्स पेश करेंगी। मान लीजिए कि आप होटल तलाश रहे हैं तो डिवाइस को आपकी पुरानी आदतों के आधार पर पहले ही पता लग जाएगा कि आप किस तरह का होटल तलाश कर रहे हैं। ह्यूमन और फिजिकल एलीमेंट्स से संदर्भ मिलने लगेंगे। पहले जहां मानसिक स्थिति, आदतों और रुचियों पर जोर रहता था, भविष्य में यूजर की पोजीशन, लाइट, प्रेशर और नॉइस को आधार बनाया जाएगा।

### आईओटी प्लेटफॉर्म्स

कुछ कंपनियां हर रोज इंटरनेट ऑफ थिंग्स के लिए बेस्ट प्लेटफॉर्म ऑफर करती हैं, लेकिन आईओटी डिवाइसेज को मैनेज करने के लिए काफी बेहतरीन प्लेटफॉर्म्स की जरूरत पड़ेगी। सिक्योरिटी और इंटीग्रेशन जैसे पहलुओं पर भी विचार करना पड़ेगा। वैज्ञानिक ऐसे आईओटी प्लेटफॉर्म्स विकसित करेंगे, जो पर्दे के पीछे सारी आईटी प्रोसेस होती रहेगी और आपको किसी तरह का अहसास भी नहीं होगा। आर्किटेक्चरल और टेक्नोलॉजिकल प्वॉइंट से आईओटी एक वास्तविकता बनकर उभरेगा।

### ब्लूटूथ लाइटहाउस

आजकल ब्लूटूथ पावर्ड लाइटहाउसेज शॉपिंग मॉल्स, म्यूजियम्स, होटल्स, एयरपोर्ट्स और यहां तक कि ऑफिसेज में भी इंस्टॉल किए जा रहे हैं। ये स्मार्टफोन या स्मार्टवॉच की सटीक लोकेशन पता कर सकते हैं और उन्हें रियल टाइम नोटिफिकेशन भेज सकते हैं। इसकी मदद से मोबाइल ई-कॉमर्स को भी एक नई प्रकार की बुद्धिमत्ता मिली है। वायरलेस ब्लूटूथ लाइटहाउस हार्डवेयर से इनडोर मैपिंग भी की जा सकती है। आने वाले समय में एयरपोर्ट पर गेट चेंज, ट्रेन स्टेशन पर ट्रेन देरी



से आने की सूचना नोटिफिकेशन के माध्यम से मिलेगी। पेमेंट्स हैंड-फ्री होंगे, मल्टीरूम म्यूजिक आपको फॉलो करेगा।

### अडैप्टिव सिक्योरिटी

3 डी प्रिंट की जाने वाली चीजों की संख्या एक दो साल में निश्चित रूप से बढ़ेगी। 3 डी प्रिंटर्स के लिए प्रैक्टिकल एप्लीकेशन्स पर जोर बढ़ेगा। एयरोस्पेस, मेडिकल, ऑटोमोटिव, एनर्जी और मिलिट्री के क्षेत्र में 3 डी प्रिंटिंग का फायदा लिया जाएगा। ओपन हार्डवेयर और 3 डी प्रिंटिंग जैसे लोकतांत्रिक प्रोडक्शन तरीकों से औद्योगीकरण के एक नए युग की शुरुआत होगी। फूड प्रिंटिंग भी एक नया ट्रेंड साबित हो सकता है। चोकोबाइट कस्टम 3 डी सॉलिड चॉकलेट्स बार प्रिंट कर सकती है। नेचुरल मशीन की फूडीनी पास्ता और पिज्जा प्रिंट कर सकती है। बायोप्रिंटिंग की दिशा में भी महत्वपूर्ण शोध होंगे, जहां भोजन को डॉट बाई डॉट प्रिंट किया जाएगा, ताकि खाद्य पदार्थ तैयार किए जा सकें।



### एडवांस सिस्टम आर्किटेक्चर

डिजिटल जाल और स्मार्ट मशीन्स से हम सब लेटेस्ट पावरप्ले का हिस्सा बनते चले जाएंगे। फील्ड प्रोग्रामेबल गेट एरे (एफपीजीए) के द्वारा अल्ट्रा एफिशिएंट न्यूरोमोरफिक आर्किटेक्चर तैयार किया जाएगा, जो कम्प्यूटर्स को टेराफ्लॉप की स्पीड पर रन करने की इजाजत देगा। जीपीयू और एफपीजीए पर बने सिस्टम मानव मस्तिष्क की तरह काम करेंगे। इन्हें डीप लर्निंग और पैटर्न मैचिंग एल्गोरिद्म के लिए इस्तेमाल लिया जा सकेगा। एडवांस मशीन लर्निंग हर जगह नजर आएगी, फिर चाहे वो घर हो, कार हो या रिस्टवॉच। लिया जा सकेगा। एडवांस मशीन लर्निंग हर जगह नजर आएगी, फिर चाहे वो घर हो, कार हो या रिस्टवॉच।



### वर्चुअल असिस्टेंट्स

हार्डवेयर पर जोर देने के बजाय अब शोधकर्ता सॉफ्टवेयर को बदलाव का वाहक बना रहे हैं। भविष्य की टेक्नोलॉजी वर्चुअल पर्सनल असिस्टेंट पर आधारित होगी। गूगल नाऊ, कोरटाना, एलेक्सा और सिरी तो अभी सिर्फ शुरुआत हैं। अगले पांच सालों में वैज्ञानिक पोस्ट-एप वर्ल्ड विकसित कर लेंगे। इंटेलीजेंट एजेंट्स की मदद से ये डायनेमिक, कॉन्टेक्सचुअल एक्शन्स और इंटरफेस उपलब्ध करवाते हैं। आईटी लीडर्स विचार करेंगे कि किस तरह से वे ऑटोनोमस थिंग्स और एजेंट्स से ह्यूमन एक्टिविटीज को ऑग्युमेंट कर सकते हैं और लोगों को ऐसे कार्यों से फ्री कर सकते हैं, जो सिर्फ इंसान कर सकते हैं। स्मार्ट एजेंट्स और थिंग्स एक लॉन्ग टर्म फिनोमिना है, जिसका विकास आने वाले सालों में होता रहेगा।

# कंफर्ट के ऊपर न हो स्टाइल...

**आज** के आधुनिक परिवेश में हर कोई फैशन को लेकर काफी सजग हो गया है। खासकर युवा वर्ग। आज के युवा फैशन को लेकर काफी सीरियस हो गए हैं। दूसरे से बेहतर दिखने के चक्कर में वो बिना सोचे समझे फैशन करते हैं जो उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर डालता है। फैशन हमेशा कंफर्ट को देखकर किया जाना चाहिए, लेकिन युवा वर्ग अपने स्टार्स को देखर उन की नकल करने के चक्कर में कंफर्ट को भूल जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी कंफर्ट के ऊपर स्टाइल को तवज्जो देते हैं तो यह जानकारी आपके लिए ही है।

### टाइट बेल्ट पहनना घातक

जो युवा बेल्ट बहुत टाइट पहनते हैं, उनके पेट और भोजन की नली के वॉल्व बीच में दबाव पड़ता है और एसिड ऊपर की ओर आ जाता है। अधिक समय तक इस स्थिति से गले में कैंसर का रिस्क अधिक होता है। हाल में एक स्कॉटिश शोध के अनुसार, जो लोग अधिक टाइट बेल्ट पहनते हैं, उन्हें गले के कैंसर का रिस्क अधिक रहता है। ग्लासगो और स्ट्रैथक्लाइड यूनिवर्सिटी और सदर्न जनरल अस्पताल के शोधकर्ताओं ने अपने शोध में यह माना है। शोधकर्ताओं ने 24 प्रतिभागियों पर किए अपने अध्ययन में पाया कि अधिक वजन वाले लोग, जो बेल्ट टाइट पहनते हैं, एसिड रिफलक्स की समस्या से अधिक परेशान रहते हैं और उनके पेट का एसिड ऑस्फेगल ग्रंथि को प्रभावित करता है जिससे उन्हें गले के कैंसर का रिस्क अधिक होता है। शोधकर्ताओं ने यह भी माना कि अब अन्य प्रकार के कैंसर की अपेक्षा इस कैंसर के मामले अधिक तेजी से बढ़ रहे हैं। एसिड रिफलक्स की वजह से ऊपर पहुंचा एसिड गले की कोशिकाओं को नष्ट करता है जिससे ये कोशिकाएं कैंसर में तब्दील हो सकती हैं।

### स्किनी जींस खतरनाक

लड़कियां और लड़के आज कर स्कीन टाइट जींस पहनना पसंद करते हैं, लेकिन उनकी ये पसंद उनके लिए घातक साबित हो सकती है। ताजा सर्व में इस बात का खुलासा हुआ है टाइट जींस आपके पैरों के नर्व को डैमेंज कर सकता है। इतनी ही नहीं पैर की मसल्स मे ब्लड सप्लाई रुक गई थी। नर्व्स पर दबाव पड़ता है, अंग सुन्न हो जाते हैं। नेकटाई टाइट टाई और छोटी कॉलर से मस्तिष्क तक रक्त का प्रवाह रुक सकता है। जिसके कारण नजर का धुंधलापन, कानों में झनझनाहट और माइग्रेन की शिकायत होती है। टाइट जींस के साथ-साथ पेंसिल स्कर्ट भी लड़कियों की सेहत पर बुरा असर डाल सकती है। लड़कियां स्लिम फिट स्कर्ट से घुटनों को बांधे रखती है।



# वैलेंटाइन डे पर फिर से रिलीज होगी ऑरेंज

**पैन इंडिया स्टार राम चरण इन दिनों अपनी फिल्म गेम चेंजर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। साल 2010 में रिलीज हुई राम की फिल्म ऑरेंज को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है।**

ग्लोबल स्टार राम चरण ने कथित तौर पर कई मौकों पर बताया है कि ऑरेंज उनकी पसंदीदा फिल्मों में से एक है। भले ही यह व्यावसायिक रूप से असफल रही हो। 2010 की रोमांटिक ड्रामा ऑरेंज को इस वैलेंटाइन डे पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में वापस लौट रही है। ऑरेंज 2010 की भारतीय तेलुगु भाषा की एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसे भास्कर ने लिखा और निर्देशित और के. नागा बाबू द्वारा निर्मित है। फिल्म में राम चरण तेजा , जेनेलिया और शाजान पद्मसी ने अहम भूमिका निभाई है जबकि प्रभु और प्रकाश राज सहायक भूमिकाओं में नजर आए। फिल्म, जिसका संगीत हैरिस जयराज ने तैयार किया था और 26 नवंबर 2010 को रिलीज हुई थी। यह फिल्म रिलीज होने पर बॉक्स ऑफिस पर असफल रही, लेकिन समय के साथ एक कल्ट फिल्म बन गई। इसे 2011 में तमिल में राम चरण के रूप में और इसका मलयालम डब संस्करण है, जो 18 अप्रैल 2012 को रिलीज किया गया।

### गेम चेंजर हुई फ्लॉप

राम चरण की गेम चेंजर भी बॉक्स ऑफिस पर फेल होती नजर आ रही है। फिल्म ने पहले दिन 51 करोड़ रुपये के कलेक्शन से शुरुआत की, लेकिन इसके बाद फिल्म की कमाई लगातार घटती गई। पहले हफ्ते फिल्म ने कुल 117 करोड़ 65 लाख रुपये। फिल्म ने 12वें दिन महज 9 लाख रुपये का कलेक्शन किया और बुधवार को 13वें दिन फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सिर्फ 8 लाख रुपये में सिमट कर रह गया। वहीं आज की बात करें तो 14वें दिन फिल्म ने अभी तक 19 लाख रुपये की कमाई की है, जो पूरे दिन के हिसाब से बदल सकता है। कुल मिलाकर गेम चेंजर की अभी तक कमाई 128 करोड़ 29 लाख रुपये हो गई है।



# सामंथा ने बताया इस ट्रिक को फॉलो कर बुरे वक्त से निकलीं

साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अपनी कुछ टिप्स शेयर की हैं, जिन्होंने उन्हें जीवन की परेशानियों से निपटने में मदद की। सामंथा अपने तलाक और फिर बीमारी को लेकर काफी चर्चा में रही हैं। हाल ही में सामंथा को सिटाडेल हनी बनी में देखा गया।

### इस टिप को करती हैं फॉलो

सामंथा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इसमें उन्होंने बताया कि पिछले दो साल से एक छोटा सा रिचुअल या ट्रिक जरूर फॉलो करती हैं, जिसने उन्हें कुछ सबसे मुश्किल पलों से बाहर निकाला है।

### दी फैंस को सलाह

सामंथा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि अगर आपको लिखना आता है और आपको लिखना पसंद है, तो हमेशा उन तीन चीजों के बारे में लिखें, जिसने आपको उस दिन खास बने रहने में मदद की। बस आपको ईमानदारी से काम करना चाहिए।

### खुद को कहें धन्यवाद

अपने मन की बातें अपने दोस्त से कहें जो आपको सुनता है। कभी-कभी, अपने दिल में एक शांत धन्यवाद के साथ बैठना भी पर्याप्त होता है। यह छोटा सा अभ्यास आपको बेहतर महसूस करवाने में मदद करेंगे। इसे आजमा के देखें, चीजें जरूर बदलेंगी सामंथा ने अपने फैंस से फीडबैक भी मांगा। उन्होंने कहा कि ऐसा करके देखें और मुझे बताएं कि आपको कैसा महसूस हुआ। साथ ही आज आप किस बात को सोच कर आभारी महसूस कर सकते हैं।

### सिटाडेल में नजर आई सामंथा

सामंथा रुथ प्रभु पिछले साल सिटाडेल हनी बनी में नजर आईं। अभिनेत्री ने अपनी फिल्म को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं। वहीं, सामंथा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी बहुत चर्चा में रहीं। सामंथा की बीमारी को लेकर भी उनके सह कलाकार वरुण धवन ने बात की।



# बिना शादी के अकेले जिंदगी बिताना चाहती हैं शिल्पा शिंदे

बिग बॉस सीजन 11 की विनर रह चुकीं शिल्पा शिंदे ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया वो शादी नहीं करना चाहती और पूरी जिंदगी अकेले बिताना पसंद करेंगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई सही इंसान मिला, तो जरूर शादी कर लेंगी। एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने टेली टॉक को दिए इंटरव्यू के दौरान अपने मैरिज प्लान को लेकर बातचीत की है। एक्ट्रेस ने कहा- मैंने अपने आप को कभी ब्लॉक नहीं किया कि मुझे अकेला ही रहना है। मैंने ये भी नहीं सोचा कि मुझे किसी से शादी ही करनी है। अगर मुझे लगता है कि कोई सही इंसान मिला, तो मैं जरूर शादी कर लूंगी। शिल्पा शिंदे ने आगे बताया- मैं उस तरह की लड़की नहीं हूं जो लिविंग रिलेशनशिप में रहने के बाद भी उसे रिलेशनशिप का नाम ना दे। अगर ऐसा कोई रिश्ता है तो उसे एक नाम देना चाहिए, लेकिन यह नहीं मानती कि शादी सबकुछ है। आज कल लोग शादी का मतलब ही नहीं समझते। पति-पत्नी के बीच काम्पिटिशन शुरू हो गया है। बता दें कि शिल्पा शिंदे की टीवी एक्टर रोमित राज संग सगाई हुई थी, हालांकि कुछ समय बाद दोनों ने अपने-अपने रास्ते अलग कर लिए। शिल्पा और रोमित राज की मुलाकात सीरियल मायका (2007-2009) के दौरान हुई थी। रोमित उम्र में शिल्पा से तीन साल छोटे थे। दोनों में प्यार हुआ और फिर 2009 में दोनों ने शादी करने का फैसला लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों ने 29 नवंबर 2009 को गोवा में शादी करने का फैसला किया था, लेकिन शादी से दो दिन पहले ही शिल्पा ने शादी न करने का फैसला किया था।

### राहिल आजम के साथ भी जुड़ा था नाम

इससे पहले शिल्पा शिंदे का नाम राहिल आजम के साथ जुड़ा था। राहिल और शिल्पा ने सबसे पहले सीरियल भाभी (2002-2008) में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों सीरियल हातिम (2003) में भी नजर आए थे। कुछ दिन साथ रहने के बाद दोनों आपसी सहमति से अलग हो गए थे।



# एक साथ फिल्माई जाएंगी मिर्जापुर फिल्म और सीरीज

## इस दिन से शूटिंग शुरू करेंगे पंकज त्रिपाठी-अली फजल

पिछले साल अक्तूबर में निर्माताओं ने मिर्जापुर- द फिल्म की घोषणा की, जिससे लोकप्रिय क्राइम ड्रामा पहली ओटीटी सीरीज बन गई, जिसे एक फिल्म के रूप में भी बनाया जाएगा। वहीं, अब इस सीरीज की शूटिंग को लेकर नई जानकारियां सामने आई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, गुरमीत सिंह द्वारा निर्देशित फिल्म के साथ-साथ पंकज त्रिपाठी, अली फजल और श्वेता त्रिपाठी शर्मा अभिनीत सीरीज के चौथे सीजन की शूटिंग सितंबर 2025 से एक साथ की जाएगी।

### एक साथ ले ली गई सभी कलाकारों की तारीखें

एक फिल्म और एक सीरीज को एक साथ शूट करना मुश्किल हो सकता है, लेकिन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि निर्माताओं ने यह मानते हुए योजना बनाई कि कथात्मक में निरंतरता होगी। साथ ही तारीखों का भी अच्छी तरह से इस्तेमाल किया जाएगा। दिव्येंदु, अभिषेक बनर्जी, रसिका दुग्गल और विजय वर्मा सहित अभिनेताओं से पहले ही बल्क डेट्स ले ली गई हैं। टीम उनकी तारीखों को सही तरीके से इस्तेमाल करने की योजना बनाने में कामयाब रही है, चूंकि उनसे बार-बार तारीखें लेना समझदारी नहीं है, इसलिए निर्माताओं ने दोनों प्रोजेक्ट्स को एक साथ शूट करने का फैसला किया है।

### उत्तर प्रदेश में होगी शूटिंग

अगर सबकुछ योजना के मुताबिक हुआ तो शूटिंग उत्तर प्रदेश में शुरू होगी। इसका एक हिस्सा मुंबई में भी फिल्माया जाएगा। कलाकारों और क्रू के लिए एक ही समय में दो अलग-अलग प्रारूपों पर काम करना एक रोमांचक चुनौती होगी। गुरमीत इस फिल्म का निर्देशन करेंगे, जिसे पुनीत कृष्णा ने लिखा है, जो शो के निर्माता के रूप में काम करते हैं।

# सैफ अली खान को ट्रोल करने वालों को पूजा भट्ट का जवाब

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। डिस्चार्ज होने के बाद खुद चलकर अपने घर आए। अभिनेता ने व्हील चेयर पर न आकर खुद चलकर आए। इसे लेकर लोग उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं। इस पर अब पूजा भट्ट ने ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है। साथ ही उनके धैर्य की सराहना भी की है।




### सैफ अली खान को किया ट्रोल

इंटरव्यू में पूजा भट्ट ने कहा कि सैफ अली खान को छुट्टी मिलने के बाद उन्हें लगातार ट्रोल किया जा रहा है। अभिनेत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कमजोर स्थिति में मदद मांगने के लिए कितनी ताकत की जरूरत होती है और ठीक होने के लिए उनके दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की।

### दिया साहस का परिचय

पूजा भट्ट ने कहा, लेकिन क्या ये लोग यह नहीं भूलते कि उन्होंने अस्पताल में खुद चलकर जाने के लिए भी उनकी प्रशंसा की थी? एक व्यक्ति जो घायल, दर्दनाक स्थिति में खुद को अस्पताल में भर्ती कराता है, निश्चित रूप से उसके पास खुद अस्पताल से बाहर निकलने का साहस होता है। हमें साजिश रचने वालों का सहारा लेने के बजाय इसकी सराहना करनी चाहिए।





# हॉलीड से लेकर बेबी तक, स्काई फोर्स ने पहले भी अक्षय कई बार दिखा चुके हैं देशभक्ति का जज्बा

अक्षय कुमार ने अपने करियर की शुरुआत एक एक्शन स्टार के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने कॉमेडी में भी अपनी छाप छोड़ी और अब वह देशभक्ति से भरपूर फिल्मों के लिए सबसे प्रमुख अभिनेता बन गए हैं। समय के साथ उन्होंने उन किरदारों को भी निभाया है जो या तो सेना के अधिकारी होते हैं या फिर समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक। उनकी आगामी फिल्म स्काई फोर्स से पहले आज हम अक्षय की उन फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं जो देशभक्ति की भावना पर आधारित हैं।

### हॉलीडे

अक्षय कुमार की यह फिल्म उनके देशभक्ति यात्रा के शुरुआती दिनों में आई थी। फिल्म में वह एक भारतीय सेना के सैनिक के रूप में आतंकवादियों से अपने शहर को बचाते नजर आते हैं। ए आर मुरुगदास के निर्देशन में बनी यह फिल्म लोगों को खूब पसंद आई थी।

### केसरी

केसरी फिल्म सारागढ़ी की ऐतिहासिक लड़ाई पर आधारित है, जिसमें अक्षय कुमार हवलदार ईशर सिंह के किरदार में नजर आए थे। इस फिल्म में अक्षय का किरदार को एक ऐसे नायक के रूप में चित्रित किया गया है, जो न केवल बहादुर है, बल्कि उसके पास मजबूत नैतिक मूल्य और ईमानदारी भी है।

### मिशन मंगल

इस फिल्म में अक्षय कुमार ने इसरो के वैज्ञानिक राकेश धवन का किरदार निभाया है। फिल्म देशभक्ति की भावना से भरपूर है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार किया था। लोगों ने भी फिल्म की कहानी और इसके कलाकारों के अभिनय को काफी ज्यादा सराहा था।

### गोल्ड

यह फिल्म 1948 के ओलंपिक में भारत की हॉकी टीम को लेकर बुनी गई कहानी पर आधारित है। अक्षय कुमार ने एक बंगाली कोच की भूमिका निभाई थी। फिल्म में मौनी रॉय भी नजर आई थीं।

### एयरलिफ्ट

अक्षय कुमार की फिल्म एयरलिफ्ट में वह एक भारतीय व्यापारी में नजर आए थे, जो युद्धग्रस्त कुवैत से अपने देशवासियों को सुरक्षित निकालने की कोशिश करता है। इस फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म सुपरहिट रही थी।

### बेबी

इस फिल्म में अक्षय कुमार  आतंकवाद से लड़ते नजर आते हैं। फिल्म में उनके किरदार को काफी सरहाना मिली थी। नीरज पांडे के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी ठीक-ठाक कारोबार करने में सफल रही थी।

### अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो

अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों में अक्षय कुमार सैनिक के रूप में नजर आए थे। इस फिल्म में उनकी अदाकारी के साथ उनके संवाद भी काफी ज्यादा लोकप्रिय हुए थे। फिल्म में बॉबी देओल और अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिकाओं में थे।

# छावा का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं

रश्मिका मंदाना ने ट्रेलर लॉन्च के दौरान कहा कि मैं इस फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें इस फिल्म का हिस्सा बनने पर बहुत खुश हैं। रश्मिका मंदाना ने कहा मैं बहुत आश्चर्यचकित थी कि लक्ष्मण सर ने कैसे मुझे इस किरदार के लिए चुना। इस किरदार के बारे में मुझे ज्यादा नहीं पता था, इसके लिए बहुत प्रैक्टिस और रिहर्सल किया, ताकि हम अपना बेस्ट दे सकें। रश्मिका ने बताया कि सेट में सभी लोग मुझे महारानी कह कर ही बुलाते हैं निर्देशक लक्ष्मण उतेकर को लेकर रश्मिका ने कहा, वे बहुत अच्छे हैं, इस बीच लक्ष्मण सर बहुत शांति से काम करते हैं। ये फिल्म 14 फरवरी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है ट्रेलर लॉन्च के दौरान रश्मिका मंदाना अपने टूटे पैर के साथ पहुंचे, इस दौरान विक्की ने उनका हाथ थामे लगा रखा।



# देश भक्ति गीतों पर देर रात तक बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुती

## विधायक, नपाध्यक्ष ने किया पुरुस्कृत, भाजपा जिलाध्यक्ष मेवाड़ा श्री मेवाड़ा ने गाये देश भक्ति के तराने

सत्ता सुधार ■ सीहोर

नगर की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने एवं उनकी प्रतिभाओं को निखारने के लिये प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक शाम देश भक्ति के नाम का आयोजन सामाजिक संस्था अग्रसोच सोशल फाउण्डेशन सीहोर द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें नगर की प्रतिभाओं एवं स्कूली बच्चों ने गायन एवं नृत्य के माध्यम से वीर शहिदों को श्रद्धासुमन अर्पित किये। जिसमें देश की विभिन्न संस्कृतियों का रूप देखने को मिला। आयोजित देश भक्ति संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार बसंत दासवानी ने बच्चों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित किया। इसके पूर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, संयोजक प्रदीप नागिया ने अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर व बेच लगाकर स्वागत सम्मान किया। तत्पश्चात बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति के बीच पूर्व नपाध्यक्ष एवं भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने देश भक्ति के रंग में रंगते हुए देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष



राजेश काशिव, सीमा जोशी, सैलेश तिवारी, जयंत शाह, हरिओम दाऊ, अंजली सोनी, अंकिता शर्मा, रूपली सोनी, सुनीता सोनी के दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप नागिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक सुदेश राय द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन वीर शहिदों को नमन करना है, जिन्होने अपना सवज् बलिदान इस देश के लिये दिया, उनकी याद में ऐसे कार्यक्रम में शामिल होना और ऐसे कार्यक्रम होते हैं तो हृदय प्रफुलित हो जाता है और जिस तरह इस आयोजन में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी उसे देख ऐसा लगता है कि आज हमारे देश के बच्चों व युवाओं में भी देश के प्रति समर्पण ओर जोश भी भावना समायोजित है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने अपने सम्बोधन में गणतंत्र दिवस की सभी नगर वासियों को शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि मैं संस्था हृदय से धन्यवाद व्यक्त करता हु, जिनके माध्यम से देश भक्ति से औतप्रोत कायज्क्रम आयोजित कर देश के प्रति बच्चों को प्रेरित किया। अंत में सभी अतिथियों व उपस्थितजनों को आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विशेष रूप से संगीतकार एवं संगीतिका महाविद्यालय के संचालक मांगीलाल ठाकुर का भी अतिथियों द्वारा सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेट किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित हुए।

## ब्रीफ न्यूज

### राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 04 फरवरी को

**अशोकनगर।** कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 04 फरवरी 2025 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में निर्धारित एजेंडा अनुसार राजस्व कार्यो की समीक्षा की जाएंगी।

### कलेक्ट्रेट में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत जनसुनवाई कक्ष तथा ई-दक्ष केन्द्र कलेक्ट्रेट अशोकनगर में जिले के तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों एवं पटवारियों को आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में आपदा प्रतिक्रिया टीमों की क्षमता निर्माण का प्रशिक्षण में मॉकड्रिल एवं जनजागरूकता के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही जिला स्तर पर आपदा संबंधी कार्य को क्रियान्वयन एवं समन्वय के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर श्री बृजविहारी श्रीवास्तव,जिला सलाहकार आपदा प्रबंधन जिला दतिया श्री अनुराग पचौरा,जिला होमगार्ड कमाण्डेंट श्रीराघवेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे।

### आज रहेगा विद्युत प्रदाय बाधित

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरणकंपनी के सहा.प्रबंधक ने बताया कि 30 जनवरी 2025 दिन गुरूवार को 33/11 केव्ही अशोकनगर/पछाडीखेडा उपकेन्द्र से निकलने वाले विभिन्न फीडरों पर अतिआवश्यक रखरखाव कार्य किया जायेगा। जिससे 11 केव्ही विदिशा रोड फीडर से खालसा कॉलोनी, तारासदन स्कूल, विदिशा चुंगीना तथा तुलसी सरोवर फीडर से तायडे कॉलोनी क्षेत्र का विद्युत प्रदाय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगा। विद्युत प्रदाय बंद या चालू करने का समयआवश्यकतानुसार घटाया-बढाया जा सकता है।

### समस्याएं बताना नागरिकों का हक है और उनका समाधान निकालना हमारी ड्यूटी है



**सीहोर।** अपनी शिकायतों समस्याओं से अवगत कराना नागरिकों का हक है और उनका समाधान निकालना हमारी ड्यूटी है। आपके पास आने वाले आमजन की पहले पूरी गंभीरता से शिकायत-समस्याएं सुने, फिर उनका निराकरण कर उन्हें भी अवगत करायाएं। यह बात नवागत कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित पहली टीएल बैठक लेते हुए अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति अपनी समस्या लेकर आपके पास आ रहा है तो उसे केवल शिकायतकर्ता के रूप में नही देखें, बल्कि उसकी समस्या को भली भांति जाने ताकि संतुष्टि पूर्वक समाधान किया जा सके। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी अधिकारियों को पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने तथा लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निदेज़्श दिए।

# मरघट की जमीन पर तत्कालीन पटवारी द्वारा बलपूर्वक कब्जा किए जाने का आरोप

## खंबा जाली गाड़कर की बाउंड्री, ग्रामीणों ने की कलेक्टर से शिकायत

सत्ता सुधार ■ अशोक नगर

जिले में भूमाफिया लगातार सक्रिय है,और सरकारी जमीनों पर कब्जे कर रहे हैं। और तो और पटवारी पर भी सरकारी जमीन पर कब्जे के आरोप लग रहे हैं। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान जिले की नई सराय तहसील से ऐसा ही एक मामला सामने आया जिसमें तत्कालीन पटवारी द्वारा मरघट की भूमि पर जाली खम्बा गाड़कर कब्जा कर बाउंड्री बनाने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है।आवेदक खच्चू पुत्र लालजी राम कुशवाहा निवासी नई सराय के साथ करीब एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर तत्कालीन पटवारी पर आरोप लगाया है। साथ ही मरघट की जमीन से कब्जा हटवाकर खाली कराए जाने की मांग की है।

**यह है पूरा मामला :** आवेदक खच्चू पुत्र लाल जी राम कुशवाहा निवासी ग्राम



आमखेड़ा नई सराय ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि नई सराय की शासकीय मरघट की भूमि सर्वे नंबर 244 डुंगासरा रोड पर स्थित है, जिसको तत्कालीन पटवारी केश सिंह पुत्र मंगलिया कुशवाहा निवासी नई सराय जो पूर्व में नई सराय में पदस्थ थे।जिन्होंने कागजों में हेरा फेरी करके मरघट भूमि को अपने नाम कर लिया गांव वालों को उस समय पता लगा जब नरेंद्र कुशवाह, सुरेन्द्र कुशवाह पुत्र गण केश सिंह कुशवाह ट्रैक्टर में खंबा जाली भरकर बलपूर्वक मरघट भूमि की तार फेंसिंग (बाउंड्री) करने पहुंचे और तार फेंसिंग कर ली। अब मरघट भूमि में केश सिंह और उनके लड़के तीनों का कहना है कि 70 बीघा जमीन है, और करोड़ों रुपए है। जो होगा देखा जाएगा। फसल बोने की साजिश कर रहे हैं। मरघट भूमि पर कब्जा कर लेने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। 05/12/2024 को ग्राम के एक बुजुर्ग की मृत्यु हो गई थी। जिन्हे गेंहू के खेत में जलाया गया था। अभी तक मरघट भूमि के अतिक्रमण को नहीं हटाया गया है। तहसील में हमारी कोई सुनवाई नहीं है। उन्होंने कलेक्टर से उचित कार्रवाई करने और मरघट की भूमि से जागरण किए गए कब्जे को हटाए जाने की मांग की है। इस दौरान ग्रामीण नवल रजक, राजू रजक, आनंद कुशवाहा, रामवती कुशवाहा, मुकेश, पवन रजक, पप्पू रजक, बाबूलाल साहू, दिलीप रजक,बारे लाल रजक मुन्ना रजक, महेंद्र दांगी, दिलीप कुशवाहा, हरवीर रजक आदि मौजूद रहे। वहीं शिकायत के संबंध में तहसीलदार ने मरघट की जमीन को कब्जाधारी की निजी जमीन बताया है उन्होंने खसरा खतौनी से निजी जमीन की पुष्टि करने की बात कही है।

### इनका कहना है-

आमखेड़ा नई सराय में सर्वे नंबर 244 डुंगासरा रोड पर मरघट की भूमि उसकी निजी भूमि है।

**-लक्ष्मी प्रसाद अहिरवार, तहसीलदार नई सराय जिला अशोकनगर।**

हमने शिकायत के साथ मरघट शाला के सभी कागज दिए हैं। रकवा देख लें,हम तहसीलदार साहब को कागज देने गए थे, उन्होंने नहीं लिए तब हमने कलेक्टर को शिकायत की है।

**-खच्चू पुत्र लाल जी राम कुशवाह, शिकायतकर्ता, निवासी ग्राम नई सराय जिला अशोकनगर**



## खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा हटा नगर स्थित विभिन्न दूध डेरियों का किया गया औचक निरीक्षण

### मैजिक बॉक्स से दुग्ध पदार्थों का गुणवत्ता का किया परीक्षण

सत्ता सुधार ■ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा हटा नगर में विभिन्न दूध डेरियों का औचक निरीक्षण किया गया। मंदिर मस्जिद चौराहा स्थित श्री अमृतम दूध डेयरी की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान फूड रजिस्ट्रेशन की प्रति मौके पर परिसर में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित पाई गई। इस दौरान मैजिक बॉक्स की सहायता से दूध, घी, पनीर एवं अन्य दुग्ध पदार्थों की गुणवत्ता का परीक्षण भी किया गया। दूध में पानी, आरारोट, मिल्क पाउडर, यूरिया सहित अन्य मिलावटी पदार्थों की ऑन द स्पॉट जांच की गई। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा सभी दूध डेयरी संचालकों को आम उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित दूध उपलब्ध करवाने के निर्देश मौके पर दिए गए।

# लैंगिक असमानता को दूर करने सामाजिक जागरुकता जरूरी

### लिंग असमानता समस्या एवं समाधान विषय पर पीजी कॉलेज में व्याख्यान संपन्न

सत्ता सुधार ■ दमोह

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आलोक जैन के निर्देशन में यूनिसेफ के अंतर्गत लिंग असमानता समस्या एवं समाधान विषय पर आडिटोरियम में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं पूजन से किया गया। अतिथियों के स्वागत सत्कार के उपरांत विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार विद्यार्थियों से साझा किये।

राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ अनिल



जैन ने कहा कि देश और दुनिया में लैंगिक असमानता को दूर करने के लिए सरकारी और गैर सरकारी तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां और संस्थाएं तभी कारगर सिद्ध हो सकती है जब समाज के उन पिछड़े इलाकों में जहां लैंगिक असमानता की जड़ें गहरी है वहां के परिवार और समाज जब तक जागरूक नहीं होंगे और लैंगिक असमानता को दूर करने के लिए आम जन के प्रयास ही परिणाम दे सकते हैं। समाजशास्त्र विभाग से डॉ. धीरज जॉनसन ने लैंगिक असमानता की समस्या के इतिहास को सामने रखा। उन्होंने ग्रामीण अंचलों में प्रचलित कुरीतियां अज्ञानता और शिक्षा को लैंगिक असमानता का सबसे बड़ा कारण माना और उन्होंने कहा कि यह तभी दूर हो सकती है जब हर परिवार में जागरूकता होगी। बेटा-बेटी में भेदभाव परिवार और समाज दोनों के लिए घातक है। हिंदी विभाग से डॉ नाजनीन खान ने संयुक्त राष्ट्र संघ की एजेंसी यूनिसेफ के संबंध में अपने विचारों को साझा किया। उन्होंने कहा यही एक संस्था है जो देश और दुनिया में लिंग असमानता को दूर करने के लिए सार्थक प्रयास कर रही है। कार्यक्रम की संयोजक एन. पद्मा कुमार ने मंच संचालन किया और विषय पर संक्षिप्त प्रकाश डाला।



### खंगराले ने नवांगत कलेक्टर के.बालागुरु को जिले की ज्वलिंत समस्याओं से अवगत कराया

**सीहोर।** सीहोर जिले के नवांगत कलेक्टर के.बालागुरु को पदभार ग्रहण करने पर पूर्व पार्षद समता साकेत जिला प्रमुख नरेन्द्र खंगराले ने बधाई दी तथा सीहोर जिले की विभिन्न समस्याओं से लिखित रूप में उन्हें अवगत् कराया। इस अवसर पर नवांगत कलेक्टर द्वारा समय सीमा में समस्याओं के निराकरण के लिये जिले के अपर कलेक्टर वृन्दावन सिंह को निर्देशित किया। इस अवसर पर इंजि.जितेन्द्र सिंह भी उपस्थित थे।

# अशोकनगर में 31 जनवरी से सांसद खेल महोत्सव : तीन स्तर पर होंगी प्रतियोगिताएं

## समापन समारोह में केंद्रीय मंत्री सिंधिया होंगे शामिले



सत्ता सुधार ■ अशोक नगर

जिले में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 31 जनवरी से किया जाएगा। खेल महोत्सव के दौरान 31 जनवरी से 02 फरवरी तक ग्राम स्तर पर, 4 फरवरी एवं 06 फरवरी 2025 को ब्लॉक स्तर पर तथा 8,9 एवं 10 फरवरी 2025 को जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। यह बात कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सांसद खेल महोत्सव के आयोजन संबंधी बैठक के दौरान कही। बैठक में मुंगावली विधायक श्री बृजेन्द्र सिंह यादव,पूर्व विधायक अशोकनगर श्री जजपाल सिंह जज्जी,सांसद प्रतिनिधिगण,अपर कलेक्टर श्री मुकेश कुमार शर्मा,जिला शिक्षा अधिकारी श्री नीरज शुक्ला,डीपीसी श्री राहुल शर्मा सहित विद्यालयों के प्राचार्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री द्विवेदी ने कहा कि सांसद खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर खिलाडियों को क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री भारत सरकार श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में 10 फरवरी को आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएंगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय संजय स्टेडियम अशोकनगर में आयोजित किया जाएंगा। उन्होंने ग्राम स्तर से जिला स्तर आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में गोला फेक,भला फेक,खो-खो, कब्डी, दौड, गिल्ली डंडा, रास्सा कस्सी, बैडमिंटन, बॉलीबॉल, सितोलियां, कुरास, लंबी कूंद खेलो में खिलाडियों की भागीदारी कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। सांसद खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रातः 10 बजे से कराया जाएं। साथ ही खेल मैदानों पर विशेष साफ सफाई एवं पेयजल एवं खेल सामग्री की व्यवस्था तथा खिलाडियों को स्वल्पाहार की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएं। बैठक में सांसद खेल महोत्सव के आयोजन हेतु जनप्रतिनिधियों के सुझाव आमंत्रित किये गए। प्राप्त सुझावों को खेल महोत्सव के सफल आयोजन हेतु शामिल किया गया।

# बुंदेली दमोह महोत्सव में आयोजित सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का हुआ समापन

सत्ता सुधार ■ दमोह

बुंदेली दमोह महोत्सव में चल रहे सात दिवसीय जैविक प्राकृतिक खेती पर आधारित किसानों का प्रशिक्षण उपाध्यक्ष जिला पंचायत डॉ. मंजू कटारे के मुख्यआतिथ्य में प्रशिक्षित किसानो के बीच समापन हुआ, जिसमें कृषि विभाग के उपसंचालक जितेन्द्र सिंह राजपूत, सहायक संचालक जे.एल. प्रजापति, कृषि वैज्ञानिक राजेश पवार, एकलव्य विश्वविद्यालय के कृषि के प्रोफेसर डॉ. ओमपाल सिंह राजपूत, भारतीय किसान संघ के सभी सम्माननीय पदाधिकारी, किसान मोर्चा के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। 20 जनवरी



से चल रहे 27 जनवरी 2025 तक के सात दिवसीय प्रशिक्षण में सातों ब्लॉकों का अलग-अलग ब्लॉक के किसानों का प्रशिक्षण हुआ जिसमें सभी किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती क्यों करना चाहिए, आधुनिक पद्धति से किस तरह करनी चाहिए और रसायन मुक्त खेती करते हुए धरती को स्वस्थ और सुरक्षित करना है और आमजन मानस में बढ़ रही बीमारियां न हो इस उद्देश्य को लेकर गौ आधारित प्राकृतिक जैविक खेती करने के लिए किसानों को प्रशिक्षित किया गया। समापन के अवसर पर किसान भाइयों की जैविक प्राकृतिक खेती पर प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता रखी गई जिसमें किसानों ने इन प्रशिक्षणों के दिनों में जो सीखा, उस पर अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेता कृषकों को एवं युवा किसान व एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मयंक श्रीवास्तव और आभार हरिश्चंद्र पटेल (गुड्डू भैया) ने माना।

## आवेदक ने प्रकरण की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

# पटवारी पर 420 सी कर कागजों में दूसरे के नाम जमीन करने का आरोप

सत्ता सुधार ■ अशोक नगर



जिले की शाढ़ौरा तहसील अंतर्गत ग्राम झीला के निवासी आवेदक नरेश सिंह पुत्र गणेश राम रघुवंशी ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर को आवेदन देकर शिकायत की है कि पटवारी प्रीति कलावत द्वारा 420 सी कर वर्ष 2019 में प्रार्थी के नाम की भूमि दिलीप पुत्र अर्जुन सिंह के नाम चढ़ाने का आरोप लगाया है। जकात में बताया है कि प्रार्थी की भूमि का रकबा करीब तीन बीघा है। जिसका सर्वे नंबर 917 है, जिसके तथाकथित प्रमाण भू-ऋण पुस्तका एवं वर्ष 2019 तक के खसरा खतौनी में प्रार्थी का नाम दर्ज है। अचानक अभी प्रार्थी ने जब ऑनलाइन खसरा खतौनी का अध्ययन किया, तो पता चला कि उक्त भूमि दिलीप पुत्र अर्जुन सिंह के नाम दर्ज हो गई है, जिस पर मध्यांचल बैंक द्वारा केसीसी भी जारी कर दिया है। उक्त प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी अशोकनगर के समक्ष प्रकरण दर्ज कराया है। उन्होंने कलेक्टर को आवेदन देकर संपूर्ण प्रकरण का अध्ययन कर पटवारी प्रीति कलावत पर भ्रष्टाचार अधिनियम की कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने की मांग की है।

### इनका कहना है-

- करीब 3 बीघा मेरी जमीन थी, जिसे पटवारी प्रीति कलावत ने दिलीप पुत्र अर्जुन सिंह के नाम चढ़ा दी। मुझे अभी जैसे ही पता लगा मैंने कागज़ निकलवा कर शिकायत की एवं एसडीएम के यहां दावा लगा दिया। मेरी 20 लाख की जमीन है।

**-नरेश सिंह पुत्र गणेशाराम रघुवंशी, निवासी ग्राम झीला तहसील शाढ़ौरा जिला अशोकनगर।**

- उसमें बटवारा हुआ था, बंटवारे में आदेश वगैरह सब सही आ रहा है। उसी टाइम पर हमारा ट्रांसफर हुआ था उधर से, तो अमल किया था कृष्ण भान पटवारी ने, हो सकता है अमल में नाम छूट गया हो। तो उनसे बोल भी दिया था, और उनकी फाइल भी लगवा दी, दुरस्ती वाली, सुधार करवा रहे हैं।

**-प्रीति कलावत, तत्कालीन पटवारी, ग्राम झीला तहसील शाढ़ौरा जिला अशोकनगर।**

# न मंदिर बने और न हीं हो अतिक्रमण, शर्त पर हड़ताल खत्म

### खेड़ापति हनुमानजी के लिए भूख हड़ताल पर बैठे थे ग्रामीण

सत्ता सुधार ■ सीहोर

भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों ने मंगलवार की शाम विवादित स्थल पर न मंदिर का निर्माण हो और न हीं अतिक्रमण हो की शर्त पर हड़ताल खत्म कर दी। हडताल खत्म करने के बाद ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर सात दिनों के अंदर मांग पूरी नहीं करने पर बढ़ा आंदोलन करने की बात भी कहीं। ज्ञापन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद भी रहे। ग्राम बरखेड़ा चौकी के ग्रामीणों ने सोमवार से सुनील जाटव के नेतृत्व में तहसील कार्यालय के सामने पेड़ के नीचे चबुतरे पर बैठकर अश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी थी। हालाकी नायब तहसीलदार अर्पित मेहता और टीआई राजेश सिन्हा ने हड़ताली ग्रामीणों को समझाइश देते हुए टेंट और माइक नही लगाने दिया था। स्थानीय



प्रशासन की सख्ती के बाद भी ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया था। बरखेड़ा चौकी में रहने वाले हिन्दू ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सामाजिक सौहार्द के लिए इमलिया हसन के विवादित स्थल से खेड़ापति हनुमान जी की प्रतिमा को बरखेड़ा चौकी के मंदिर में स्थानांतरित किए जाने की मांग की थी। इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया था। ग्रामीणों ने मांग पर पूरी नहीं होने पर दोराहा में 26 जनवरी के बाद भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी भी प्रशासन को दी थी। जिस के बाद सोमवार से भूख हडुताल शुरू की गई और मंगलवार को हड़ताल समाप्त कर दी गई। तहसीलदार को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा की वर्षो पहले हमारे पूर्वज ग्राम इमलिया हसन छोड़कर परिवार के साथ बरखेड़ा देवा चौकी में रहने लगे थे जबकी आराध्य देव खेड़ापति हनुमान जी का मंदिर इमलिया हसन में ही मौजूद रहा यह से बरखेड़ा चौकी से इमलिया पहुंचकर ग्रामीण हनुमानजी की पूजा अर्चना कर रहे थे लेकिन बीते दिनों किसी संगठन के द्वारा इमलिया हसन में हनुमानजी की प्रतिमा क्षितग्रस्त किए जाने की बात कह कर समाजिक सौहार्द खराब करने की कोशिश की गई थी जिस के बाद विवाद गर्मा गया था। इमलिया हसन के ग्रामीणों ने भी हिन्दुओं के आराध्य देव हनुमानजी महाराज के मंदिर निर्माण में सहर्ष सहयोग करने की इच्छा जताते हुए चौकी में होने वाले मंदिर निर्माण में सहयोग करने की बात कहीं थी। भूख हड़ताल पर बैठे सुनील जाटव, किशनलाल, रतनसिंह कसौटियों, बाबूलाल, अशोक कुमार, हरिसिंह कांसोटिया,संजीव कुमार, राजीव, विनोद ने ज्ञापन दिया।

## ब्रीफ न्यूज

### आयुक्त की स्वच्छता पर पाठशाला, काम अधूरा मिलने पर लगाई फटकार



**इंदौर।** शहर में स्वच्छता की परीक्षा नजदीक है और नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा इस बार कोई कोताही नहीं बरतना चाहते। इसलिए उन्होंने स्वच्छता से जुड़ी टीम की विशेष क्लास लगा दी। लेकिन ये कोई आम क्लास नहीं थी, बल्कि आयुक्त की पाठशाला थी, जहां अधिकारियों को उनके होमवर्क का हिसाब देना था।बैठक के दौरान जब सहायक यंत्री पीआर आरोलिया से सार्वजनिक शौचालयों की बदहाल स्थिति पर सवाल किया तो उन्होंने बहाना कॉपी पेश करते हुए सफाई दी– नोटशीट भेज दी है इस पर आयुक्त ने तगड़ी फटकार लगाई। कहा एक दिन मैं भी आपकी नोटशीट चला दूंगा, इस पर क्लास में सन्नाटा छा गया। इसी तरह, जब स्कूलों के शौचालयों की दुर्दशा पर शाला प्रकोष्ठ के अधीक्षण यंत्री शांतिलाल यादव की प्रगति रिपोर्ट देखी गई, तो वह भी फेल मिले। परिणामस्वरूप, उन्हें भी कड़ी फटकार मिली। आयुक्त ने स्पष्ट कर दिया कि स्वच्छता सर्वेक्षण की इस परीक्षा में कोई नकल नहीं चलेगी और जो लापरवाही करेगा, उसे सजा भुगतनी होगी। अब देखना यह है कि इस स्वच्छता पाठशाला में सीखने वाले अधिकारी फेल होते हैं या टॉप करते हैं!

### बजरंग दल ने मवेशियों से भरा ट्रक पकड़ा

**इंदौर।** चंदन नगर इलाके में बुधवार सुबह बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने धार रोड पर एक ट्रक को पकड़ा, जिसमें ठूंसकर मवेशी भरे हुए थे। कार्यकर्ताओं को देखते ही ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। इसके बाद बजरंग दल के सदस्य ट्रक को थाने ले गए और पुलिस से कार्रवाई की मांग की। बजरंग दल के पदाधिकारी तन्नु शर्मा ने बताया कि उनके कार्यकर्ताओं को राजस्थान की ओर से आ रहे ट्रक में अवैध रूप से मवेशी ले जाए जाने की सूचना मिली थी। जब उन्होंने ट्रक रोकने की कोशिश की, तो चालक ने तेज गति से वाहन भगाने का प्रयास किया। बाद में ट्रक को रास्ते में छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया।

---

### यशवंत रोड वाले वाहन महालक्ष्मी मंदिर होते हुए फ्रूट मार्केट की तरफ जाएंगे

# जनप्रतिनिधियों की सहमती से राजबाड़ा होगा नो व्हीकल जोन

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

शहर की ऐतिहासिक धरोहर राजबाड़ा पर एक बार फिर एक नया प्रयोग होने जा रहा है। इसके तहत क्षेत्र को नो व्हीकल जोन बनाया जाएगा। इस एरिया से कोई भी वाहन आ-जा नहीं सकेगा, लेकिन खास बात यह है कि राजबाड़ा को नो व्हीकल जोन बनाने के लिए यशवंत रोड की ओर जाने वाले वाहनों को फ्रूट मार्केट से ही डायवर्ट कर दिया जाएगा, जबकि यशवंत रोड वाले वाहन राजबाड़ा के सामने की बजाय महालक्ष्मी मंदिर होते हुए फ्रूट मार्केट की तरफ जाएंगे। इसके लिए शहर के जनप्रतिनिधियों ने अपनी सहमति दे दी है।

इसके क्रियान्वयन का फार्मूला तय करने के लिए तीन सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई है। नगर निगम की स्मार्ट सिटी की कोर कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया। जब इंदौर शहर का चयन केंद्र सरकार के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में हुआ था उस समय शुरुआत में जो योजना बनाई गई थी उसमें ही यह प्रावधान किया गया था कि राजबाड़ा क्षेत्र को नो व्हीकल जोन के रूप में विकसित किया जाएगा। राजबाड़ा से सराफा की तरफ जाने वाले गोपाल मंदिर के सामने वाले रास्ते से वाहनों का आना-जाना पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। इस क्षेत्र को पैदल आने-जाने वाले नागरिकों के लिए रखा जाएगा।स्मार्ट सिटी का प्रोजेक्ट तो 5 साल का था। इस प्रोजेक्ट की अवधि पूरी हो गई है। बीच में कोरोना का संक्रमण काल आ जाने के कारण केंद्र सरकार के द्वारा इस प्रोजेक्ट की अवधि 2 साल के लिए बढ़ा दी गई थी। यह बढ़ाई गई अवधि भी पूर्ण हो गई है। ऐसे में अब स्मार्ट सिटी कंपनी के पास अपने कामकाज को समेटने का काम चल रहा है। स्मार्ट सिटी कंपनी को इंदौर के स्मार्ट सिटी के लिए चयनित किए गए क्षेत्र का विकास करने के लिए भारत सरकार के द्वारा 500 करोड रुपए और



मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा 500 करोड़ रुपए दिए गए थे। इस तरह से 1000 करोड़ रुपए की राशि से इस कंपनी के द्वारा स्मार्ट सिटी के लिए चयनित किए गए क्षेत्र में काम कराए गए। स्मार्ट सिटी के कार्यकाल की अवधि समाप्त होने की स्थिति आने तक भी उस प्रस्ताव पर अमल नहीं किया गया जो की सबसे पहले बनाया गया था। राजबाड़ा क्षेत्र को नो व्हीकल जोन के रूप में परिवर्तित करने का प्रस्ताव कागजों पर ही अटका रह गया। इस बारे में निगम के स्मार्ट सिटी कंपनी से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि राजनीतिक सहमति नहीं बन पाने के कारण इस प्रस्ताव का क्रियान्वयन नहीं हो सका। कल स्मार्ट सिटी कंपनी के कोर ग्रुप की बैठक में एक बार फिर यह प्रस्ताव आया। सूत्रों ने बताया कि इस प्रस्ताव पर कल की बैठक में सहमति बन गई है। जन-प्रतिनिधियों के द्वारा इस बात की मंजूरी दे दी गई है कि राजबाड़ा को नो व्हीकल जोन के रूप में परिवर्तित कर दिया जाए। इस कार्य को किस तरह से अंजाम दिया जाए इसके लिए इस बैठक में तीन सदस्यों की कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और क्षेत्र के विधायक गोलू शुक्ला को लिया गया है।

**यशवंत रोड की गाड़ियां लेंगी राइट टर्न :** प्रारंभिक तौर पर जो योजना तैयार की गई है उसके अनुसार नो व्हीकल जोन को क्रियान्वित करने के लिए यशवंत रोड से राजबाड़ा की तरफ आने वाली गाड़ियां स्टेट बैंक के सामने आने के बाद सीधे हाथ की तरफ मुड़ जाएगी। ये वाहन महालक्ष्मी मंदिर के सामने से होकर अन्ना पान की दुकान के सामने से होते हुए राजबाड़ा पुलिस चौकी के सामने की तरफ पहुंच जाएगी। वहां से यो वाहन चालक सीधे हाथ मुड़कर कृष्णपुरा की ओर जा सकेंगे। इसके लिए अन्ना पान की दुकान से लेकर स्टेट बैंक वाले तिराहे तक के क्षेत्र में ट्रैफिक की दो लाइन व्यवस्था की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि जो यातायात की योजना तैयार की गई है उसमें फ्रूट मार्केट की ओर से राजबाड़ा की तरफ जाने वाली गाड़ियां महालक्ष्मी मंदिर के कोने तक जाकर लेफ्ट टर्न लेकर प्रिंस यशवंत रोड की ओर चली जाएगी। इनमें से कोई भी गाड़ी सराफा की तरफ तो जा नहीं सकेगी, लेकिन राजबाड़ा का चक्कर लगाकर भी नहीं निकलेगी। राजबाड़ा से सराफा जाने वाले रास्ते को वाहनों के आने-जाने के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। गोपाल मंदिर के सामने वाला पूरा क्षेत्र पैदल चलने वाले यात्रियों के लिए रहेगा। इसी तरह सीतलामाता बाजार या बजाज खाना जाने वाले वाहन भी यशवंत रोड होकर ही जा सकेंगे।

### खजूरी बाजार से कृष्णपुरा की तरफ आ सकेंगे वाहन

नई व्यवस्था में खजूरी बाजार चौराहे से राजबाड़ा के पास से निकलकर कृष्णपुरा की तरफ सीधे जाने वाले वाहन यथावत जा सकेंगे। इन वाहनों को जाने में कहीं कोई दिक्कत नहीं होगी। एमजी रोड के इस क्षेत्र को वाहनों के आने-जाने के लिए चालू रखा जाएगा। इस क्षेत्र में कहीं कोई बेरीकेटिंग नहीं की जाएगी।

---


# वन विभाग की ढिलाई से इंदौर-खंडवा फोरलेन को अब मिली एनओसी

### प्राधिकरण का कन्वेंशन सेंटर अब भी अधर में, जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

सरकारी विभागों को ही वन विभाग से एनओसी लेने में पसीने छूट जाते हैं, इसका सबूत अपर मुख्य सचिव की मौजूदगी में हुई समन्वय बैठक में सामने आया। इसमें बताया गया कि इन्दौर-खंडवा फोरलेन के प्रोजेक्ट में देरी का एक कारण समय से वन विभाग की एनओसी न मिलना भी रहा, जो कि प्रोजेक्ट मंजूरी और शुरू होने के 18 माह बाद अभी प्राप्त हुई।

दूसरी तरफ इन्दौर विकास प्राधिकरण वन विभाग के अड़ंगे के कारण परेशान हैं तो शासन द्वारा ही सौंपी गई जमीन पर कन्वेंशन सेंटर के प्रोजेक्ट को अमल में अभी तक नहीं ला पाया। यह अधर में ही पड़ा है, क्योंकि जिस जमीन पर यह कन्वेंशन सेंटर बनना है, उस पर वन विभाग अपना दावा ठोंकता रहा है। प्राधिकरण की योजना 172 में शामिल 225 एकड़ जमीन राजस्व विभाग ने ही प्राधिकरण को सौंपी। इस पर विभाग ने आज तक एनओसी नहीं दी है। सारे प्रोजेक्टों में विभिन्न विभागों की अनुमतियां तो आसानी से मिल जाती हैं, मगर



किसी प्रोजेक्ट में अगर वन विभाग की जमीन आ रही है तो संबंधित विभाग को एनओसी लेने में पसीने छूट जाते हैं। इसके तमाम उदाहरण मौजूद हैं। उद्योग विभाग से लेकर प्राधिकरण नेशनल हाईवे सहित लोक निर्माण विभाग को अपने रोड, फ्लायओवर सहित अन्य प्रोजेक्टों में इस परेशानी का सामना करना पड़ता है। अभी इन्दौर-खंडवा फोरलेन का काम चल रहा है। उसमें भी लगभग 18 महीने बाद वन विभाग की एनओसी नेशनल हाईवे को प्राप्त हुई, जबकि यह मंजूरी तीन से छह माह के भीतर मिल जाना चाहिए थी।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने विकास कार्यों में बेहतर समन्वय और शासन स्तर पर लंबित मामलों के निराकरण में तेजी लाने की बात कही। वन विभाग के अड़ंगे पर जनप्रतिनिधियों ने भी नाराजगी जाहिर की। सांसद लालवानी ने इन्दौर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए भी अतिरिक्त भूमि आवंटन की प्रक्रिया की आवश्यकता जताई। साथ ही इन्दौर-देपालपुर सिक्स लेन में आ रही कमियों को शीघ्र पूरा करने की बात कही। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि सांवेर के ग्राम डकाच्या और चंद्रावतीगंज में कॉलेज खोलने और इन्दौर में कृषि महाविद्यालय शुरू करने पर भी सुझाव दिया। साथ ही नेशनल हाईवे द्वारा जो 103 करोड़ की लागत से एबी रोड बायपास झलारिया और अर्जुन बड़ोदा पर निर्मित किये जा रहे पुल और सड़कों के बाद की धीमी गति पर सवाल उठा और कहा कि बाहरी और सुगमता यातायात के लिए इन निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए।

महू विधायक उषा ठाकुर और धरमपुरी विधायक कालूसिंह ठाकुर ने जलजीवन मिशन कार्यों में सुधार की आवश्यकता जताई और कहा कि अधूरी योजनाओं के कारण ग्रामीणों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। विधायक गोलू शुक्ला ने मधुमिलन चौराहे की व्यवस्था सुधारने की बात कही तो कलेक्टर आशीष सिंह ने पिछली बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

---

## महापौर बने बिजली के पहरेदार, खुद ने बंद किए लाइट और पंखे



### निगम मुख्यालय पहुंचकर कहा- हम बिजली बचाएंगे तो शहर सीखेगा

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बुधवार को नगर निगम मुख्यालय के विभिन्न विभागों का दौरा किया। शहर की स्वच्छता में सफलता के बाद अब महापौर ने ऊर्जा साक्षरता की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं। ऊर्जा स्वराज मिशन के तहत नगर निगम ने शहर को ऊर्जा साक्षर सिटी बनाने का संकल्प लिया है।

महापौर ने इसे सिर्फ भाषणों तक सीमित रखने के बजाय, खुद मैदान में उतरकर इसका उदाहरण पेश किया। महापौर ने औचक निरीक्षण करते हुए विभिन्न विभागों में बिना वजह जल रही लाइटों और पंखों को बंद किया और कर्मचारियों को ऊर्जा बचत के महत्व को समझाया। उनके इस कदम से नगर निगम मुख्यालय में ऊर्जा साक्षरता को लेकर जागरूकता बढ़ी है।

उन्होंने कर्मचारियों को समझाया कि बिजली बचाना केवल आदत नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा बदलाव की शुरुआत घर से होती है, और अगर हम खुद बिजली बचाएंगे, तो शहर भी सीखेगा। महापौर भार्गव ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण न केवल बिजली के बिल को कम करता है, बल्कि यह पर्यावरण बचाने का भी एक महत्वपूर्ण तरीका है। इस दौरान उनके साथ एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के प्रमुख डॉ. चेतन सोलंकी भी मौजूद थे।

---

# एलआईजी से नौलखा चौराहा तक 60 मीटर चौड़ी होगी सड़क

### सर्वे का काम शुरू, फुटपाथ खत्म हो जाएंगे, लेंगे सेडबैक की जमीन



**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

एबी रोड की मिक्स लेन के ट्रैफिक को सुधारने की योजना पर काम शुरू हो गया है। एलआईजी चौराहे से नौलखा के बीच के हिस्से में अलग-अलग चौराहों पर फ्लायओवर बनाए जाएंगे। इस हिस्से में जहां-जहां बाटलनेक था, वहां सड़क की चौड़ाई 30 मीटर से बढ़ाकर 60 मीटर की जाएगी। कलेक्टर आशीष सिंह ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में इसकी जानकारी दी। एलआईजी से नौलखा के बीच चौड़ाई बढ़ाने के लिए नगर निगम इस हिस्से में रोड किनारे आने वाले प्रतिष्ठानों व सरकारी विभागों की इमारतों से उनके हिस्से की सेडबैक की जमीन लेकर सड़क चौड़ी करेगा।

**दोनों ओर से 15-15 मीटर का हिस्सा :** बीआरटीएस के अतिरिक्त दोनों ओर से करीब 15-15 मीटर का हिस्सा लिया जाएगा। एलआईजी से नौलखा के बीच पुलिस अधिकारियों के बंगले, एमजीएम मेडिकल कॉलेज, डेंटल कॉलेज, पीसी सेठी अस्पताल सहित कई सरकारी इमारतें हैं। ऐसे में रोड के एक ओर 15 मीटर हिस्सा आसानी से मिल जाएगा। वहीं रोड के दूसरी ओर निजी प्रतिष्ठानों से जमीन लेने में नगर निगम को काफी मशक्कत करनी होगी। जब बीआरटीएस का निर्माण किया गया था, तब टीडीआर के फार्मूले से इस हिस्से में बने प्रतिष्ठानों से जमीन ली गई थी। जब बीआरटीएस का निर्माण हुआ था, तब एलआईजी से नौलखा के बीच कम जगह में छोटे फुटपाथ बनाए गए थे। अब सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए फुटपाथ भी सड़क में मिलाए जाएंगे। निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया एलआईजी से नौलखा के बीच सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए सेडबैक की जमीन ली जाएगी। इस संबंध में निगम की टीमों द्वारा सर्वे शुरू कर दिया गया है।

---

## बकायादारों के खिलाफ बिजली कंपनी ने चलाया अभियान

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति के लिए कई प्रयास किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप आपूर्ति संबंधित शिकायतों में लगातार कमी आई है। 26 दिसंबर 2024 को कंपनी क्षेत्र के 15 जिलों में लगभग 7000 शिकायतें मिली थीं, जबकि 27 जनवरी 2025 को यह संख्या घटकर केवल 2645 रह गई, जो कि 62 प्रतिशत की कमी है। कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि आपूर्ति व्यवस्थाओं को मजबूत किया गया है और शिकायत निवारण प्रक्रिया को त्वरित रूप से लागू किया गया है। इसके परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं की संतुष्टि में भी बढ़ोतरी हुई है, जो अब 98 से 99 प्रतिशत तक है। कंपनी का ऊर्जस एप भी उपभोक्ताओं के लिए एक अहम उपकरण साबित हो रहा है, जिससे हर महीने औसतन 450 से 460 उपभोक्ताओं को सहायता मिल रही है। यह एप स्मार्टफोन में डाउनलोड किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ता आसानी से अपनी बिजली सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।



मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने पुराने बकायादारों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया है। जनवरी महीने में कंपनी ने 125 से अधिक वाहन जब्त किए हैं, जिनमें 122 बाइक, दो ट्रैक्टर और एक कार शामिल हैं। इसके अलावा, लंबे समय से बकाया राशि न चुकाने वाले किसानों के मोटर पंप भी जब्त किए हैं। कंपनी ने जनवरी के अंत में शेष राजस्व संग्रहण के लिए करीब पांच हजार कर्मचारियों को तैनात किया है, जो दो लाख उपभोक्ताओं से संपर्क कर बकाया राशि वसूलेंगे। कंपनी की प्रबंध निदेशक रजनी सिंह ने सभी अधीक्षण यंत्रियों को समय पर राजस्व संग्रहण के निर्देश दिए थे, और इसका लक्ष्य है कि जनवरी के अंतिम तीन दिनों में कम से कम दो लाख बकायादारों से संपर्क किया जाए।

---

# समर शेड्यूल में मिलेगी सौगात गोंदिया के लिए शुरू होगी उड़ान

### 16 फरवरी से बैंगलुरु के लिए शुरू हो रही एक और फ्लाइट




**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

देवी अहिल्याबाई होलकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मार्च के आखिरी सप्ताह से लागू होने वाले समर शेड्यूल में दो महत्वपूर्ण सौगात मिली हैं। इस शेड्यूल में महाराष्ट्र के गोंदिया के लिए फिर से उड़ान शुरू की जाएगी, जबकि नोएडा के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से भी इंदौर के लिए उड़ानें शुरू होंगी।

डीजीसीए द्वारा जारी किए गए समर शेड्यूल में, इंदौर एयरपोर्ट को इन दोनों नए कनेक्शनों से बड़ी राहत मिलेगी। गोंदिया के लिए फिर से उड़ानें शुरू होने से इंदौर का सीधा कनेक्शन महाराष्ट्र के छह प्रमुख शहरों से हो जाएगा, जिसमें पहले से मुंबई, पुणे, नागपुर, शिरडी और नासिक के लिए फ्लाइट्स उपलब्ध हैं। गोंदिया के लिए पहले फ्लाय बिग एयरलाइन ने उड़ान शुरू की थी, जो बाद में बंद हो गई थी। अब फिर से इस रूट पर उड़ानें शुरू की जा रही हैं। समर शेड्यूल में इंदौर से बेंगलुरू के लिए एक नई फ्लाइट भी 16 फरवरी से शुरू होगी। यह फ्लाइट मंगलवार, गुरुवार और रविवार को सप्ताह में तीन दिन चलेगी। इंडिगो एयरलाइंस द्वारा संचालित होने वाली यह फ्लाइट इंदौर से सुबह 9:10 बजे रवाना होकर बेंगलुरू सुबह 11:15 बजे पहुंचेगी, और बेंगलुरू से दोपहर 12 बजे रवाना होकर इंदौर दोपहर 2:05 बजे पहुंचेगी। जेवर एयरपोर्ट से इंदौर के लिए उड़ान शुरू होने से दिल्ली एयरपोर्ट का दबाव भी कम होगा, क्योंकि यात्रियों के लिए नए विकल्प उपलब्ध होंगे।

---

**एक और मौका** अब 31 मार्च तक वैध करा सकते हैं अवैध निर्माण

# कंपाउंडिंग की समय सीमा एक बार फिर बढ़ाने की तैयारी

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

नगरीय क्षेत्रों में आवासीय और व्यावसायिक निर्माण या अवैध निर्माण को वैध कराने के लिए सरकार एक और मौका देने जा रही है। इसके लिए नगरीय विकास और आवास विभाग ने सरकार को प्रस्ताव भेजा है।

नए प्रस्ताव के तहत अब 31 मार्च में अवैध निर्माण को वैध कराया जा सकता है। जानकारों का कहना है कि प्रदेश के नगर निगम और निकायों की आर्थिक तंगी दूर करने के लिए कंपाउंडिंग के नियमों में एक बार फिर संशोधन किया जा रहा है। अनुमति से अधिक निर्माण करने के मामले बार-बार सामने आते हैं। इन्हें वैध करने के लिए सरकार ने पूर्व में भी 30 प्रतिशत तक अवैध निर्माण को वैध करने का नियम बनाया गया था। इसके लिए जो समय निर्धारित किया गया था वह समाप्त हो गया था। जनप्रतिनिधियों से यह मांग आ रही थी कि एक बार और अवसर दिया जाए ताकि जो लोग रह गए हैं वे भी अपने निर्माण को वैध करवा सकें। नगर निगमों की ओर से इसको लेकर नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अफसरों से मांग की जा रही थी। प्रदेश में मकानों और इमारतों में किए अवैध निर्माण अब 31 मार्च तक वैध हो सकेंगे। समझौता यानी कंपाउंडिंग की समय सीमा एक बार फिर बढ़ाने की तैयारी है। ऐसे में टाइम लिमिट एक्सटेंशन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसे मंजूरी मिलने पर राज्य में लाखों मकान मालिक फायदा उठा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री रहते हुए दस प्रतिशत की जगह अनुमति के अतिरिक्त 30 फीसदी तक




किए निर्माण को वैध करने की राहत दी थी। कुछ साल बाद यह बंद हो गई थी।

**लाखों मकान मालिकों को फायदा :** वित्तीय वर्ष 2024-25 के आखिरी तीन महीने बचे हैं। ऐसे में नगरीय निकायों, खास तौर से नगर निगमों को लगता है कि इस दौरान निर्माण वैध कराने के लिए मकान मालिक आगे आएंगे और उनको भी अच्छा रेवेन्यू मिल सकेगा। इसके लिए 31 मार्च तक का समय और दिए जाने की तैयारी है। सरकार की ओर से पिछले साल मार्च में जारी नोटिफिकेशन में तीन बदलाव कंपाउंडिंग की प्रक्रिया पर भारी पड़े। आवासीय भवन में 10 फीसदी से अधिक और 30 प्रतिशत तक निर्मित अतिरिक्त क्षेत्र के लिए पहले कलेक्टर गाइडलाइन से तय बाजार मूल्य का पांच फीसदी शुल्क लिया जाता था। इसे बढ़ा कर 12 प्रतिशत कर दिया गया। इसी तरह व्यावसायिक उपयोग के भवनों के लिए छह फीसदी कंपाउंडिंग फीस ली जाती थी। इसे 18 प्रतिशत करने का प्रस्ताव दिया गया। यानी फीस में दो से तीन गुना तक बढ़ोतरी कर दी गई। अफसरों ने दूसरा काम यह किया कि एक जनवरी 2021 के पहले जारी बिल्डिंग परमिशन से बने भवनों को ही 30 फीसदी कंपाउंडिंग का फायदा मिल पाएगा। इसका सीधे तौर पर मतलब यह था कि इसके बाद अनुमति लेकर बने मकानों के अतिरिक्त निर्माण वैध नहीं होंगे। साथ में शासन ने अवैध निर्माण के सेल्फ असेसमेंट की सुविधा खत्म कर दी। यानी मकान मालिक आर्किटेक्ट के मार्फत गणना कर कंपाउंडिंग नहीं करा सकते हैं।

---

## सुभाष मार्ग पर आपत्ति वाले स्थानों पर फिर नपती करेगी टीम

### कई रहवासियों ने सेंटर लाइन को लेकर की थी शिकायत

**इ**सुभाष मार्ग की सौ फीट चौड़ी सड़क के लिए निगम ने चार साल पहले ही क्षेत्र में सर्वे नपती और निशान लगाने की कार्रवाई पूरी कर ली थी, लेकिन कई क्षेत्रों में रहवासियों की आपत्ति है कि वहां सेंटर लाइन गलत है। इसी को लेकर नगर निगम के अधिकारियों की टीम आपत्ति वाले क्षेत्रों में फिर से पहुंचेगी। सुभाष मार्ग की सौ फीट चौड़ी सड़क का मुद्दा कई दिनों से गर्माया हुआ है और रहवासी 80 फीट चौड़ी सड़क बनाने पर सहमत है, जबकि निगम 100 फीट पर अड़ा है। मास्टर प्लान के मान से



सड़क निर्माण उसी अनुरूप किया जाना है और जिंसी से लेकर नगर निगम मुख्यालय तक सड़क निर्माण कार्य होना है। इसके लिए कई वर्षों से मशक्कत चल रही है। रहवासियों ने पुरजोर कोशिशें कर लीं, लेकिन सड़क की चौड़ाई को लेकर कोई समझौता नहीं हो रहा है। इसी बीच कई रहवासियों ने शिकायत की कि उनके क्षेत्र में सेंटर लाइन गलत बिछाई गई है, जिससे उनके मकान के पूरे हिस्से सड़क की जद में आ रहे हैं।

# दूध प्रोडक्ट के मामले में देश की तीसरे नंबर की फर्म जय श्री गायत्री के ठिकानों पर ईडी के छापे

## मुरैना में किशन मोदी के घर सुबह 5:00 बजे टीम ने तोड़ा ताला, देर शाम तक कार्रवाई जारी, सीआरपीएफ तैनात

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर के गणेशपुरा इलाके में कभी छोटी सी दुग्ध डेरी संचालित करने वाले वर्तमान के करोड़पति किशन मोदी एवं राजेंद्र मोदी के मुरैना, भोपाल, सीहोर सहित कई ठिकानों पर ईडी की टीम ने एक साथ छापा मारकर कार्रवाई आरंभ कर दी। मुरैना गणेशपुरा स्थित मकान पर सुबह 5:00 बजे टीम ने पहुंच कर ताला तोड़ा और घर में घुसकर दस्तावेज खगालने में जुट गई। इस दौरान सीआरपीएफके जवान मकान के बाहर तैनात रहे। बताया जाता है कि ईडी की टीम द्वारा इन तीनों ठिकानों के अलावा बिहार में भी उसके निवास पर कार्रवाई की जा रही है, यह कार्रवाई देर शाम तक जारी थी, लेकिन अधिकारी बात करने को तैयार नहीं है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह 5:00 बजे ईडी की टीम द्वारा भोपाल, सीहोर के साथ मुरैना स्थित राजेंद्र मोदी एवं किशन मोदी के मकान पर दस्तक दी और मकान का ताला तोड़कर घर में छानबीन शुरू कर दी। बताया जाता है कि यह दोनों सीहोर में जय श्री गायत्री दुग्ध प्रोडक्ट फैक्ट्री संचालित करते हैं और वहां पर बड़ी कार्रवाई चल रही है। मुरैना में छापे के दौरान आए अधिकारी मकान के अंदर दाखिल हो गए और कई घंटे तक मकान के अंदर ही रहे। इस दौरान उन्हें गाड़ी में रखे दस्तावेजों की आवश्यकता पड़ने पर ड्राइवर के द्वारा आदान-प्रदान किया गया। छापे के दौरान सीआरपीएफके जवान तैनात रहे, वहीं आसपास लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। बताया जाता है कि जय श्री गायत्री दुग्ध प्रोडक्ट की कंपनी चलाने वाले किसन मोदी एवं राजेंद्र मोदी को लेकर कई देशों ने केंद्र को शिकायत की थी और इसके अलावा पूर्व में इनके पार्टनर रहे एक व्यक्ति द्वारा लगातार उनकी शिकायतें लोकायुक्त इनकम टैक्स को की गई थी। विदेश से भी इनके पास काफी रुपया आदान-प्रदान किया गया, जिसके चलते मक द्वारा पुख्ता जानकारी मिलने के बाद किसन मोदी एवं नरेंद्र मोदी के ठिकानों पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। मुरैना, भोपाल, सीहोर के अलावा पारस विहार फेस वन में उक्त लोगों का एक आवास है, उस पर भी कार्रवाई चल रही है। उल्लेखनीय है कि मुरैना के गणेशपुरा इलाके में एक दशक पूर्व राजेंद्र मोदी द्वारा छोटी सी दुग्ध डेरी आरंभ की गई थी और यह मिलावट के लिए प्रसिद्ध थी। इसके बाद धीरे-धीरे दोनों लोगों ने 10-12 कर्मचारियों के साथ अपना कारोबार हाईवे पर शिफ्ट किया और कोरोना अवधि के बाद अचानक इनका कारोबार आसमान छूने लगा। बताया जाता है कि कोरोना काल के बाद ही सीहोर में जय श्री गायत्री दुग्ध प्रोडक्ट का बड़ा कारोबार आरंभ हुआ और उनकी कंपनी देश की तीसरे नंबर की सबसे बड़ी दुग्ध प्रोडक्ट कंपनी बन गई तथा कई देशों में इनका कारोबार फैल गया। प्रति वर्ष करोड़ों रुपए का कारोबार करने लगे, इस बीच इनका एक पार्टनर था, जिसके साथ मोदी परिवार द्वारा कुछ चीटिंग की गई और उसे नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। इसके बाद इसके पार्टनर ने मोदी परिवार की कब्र खोदना आरंभ कर दी और लगातार शिकायतें लोकायुक्त, इनकम टैक्स सहित तमाम बड़े स्तर पर की गई और यहीं से यह ईडी की नजर में आ गए। देर शाम तक टीम द्वारा कार्यवाही की जा रही है, लेकिन क्या कार्रवाई की गई है, कोई भी अधिकारी बताने को तैयार नहीं है। शहर में छापे की खबर के बाद तमाम व्यापारिक लोग घबराए हुए थे और वह शहर से गायब हो गए।





### एक दर्जन ताले तोड़े गए, फर्जी लेब रिपोर्ट का किया जा रहा था उपयोग

ईडी दल द्वारा मुरैना के घर में प्रवेश करने के बाद अंदर के दरवाजे सहित बक्सा व अलमारी मिलाकर कुल एक दर्जन से अधिक ताले तोड़े गये, इसके बाद कार्यवाही आरंभ हुई। कम्पनी के संचालकगण पर आरोप लगाया गया है कि यह मिलावटी दूध से पनीर, घी, मक्खन, श्रीखण्ड, छाछ, चीज का निर्माण कर रहे थे। इन उत्पाद को देश विदेश में बेचने के लिये फर्जी लेब रिपोर्ट का उपयोग निरंतर किया जा रहा था। इस मामले में सरकार की एजेंसियों को शिकायत मिली है कि रिपोर्टस के लिये 63 फर्जी लैब सर्टिफिकेट्स का उपयोग किया गया है। इसके आधार पर दुग्ध उत्पादों को बहरीन, हांगकांग, सिंगापुर, ओमान, कतर ओर यूएई जैसे देशों में निर्यात करने किया गया। 6 माह पहले आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा भी इकाई से संबंधित सभी स्थानोंप पर छापामार कार्यवाही की गई थी। उस दौरान इकाई संचालक किशन मोदी अरब देश की ओर चला गया था। कुछ समय बाद हाजिर होने पर ईओडब्ल्यू ने अपने कार्यवाही को पूर्ण अंजाम दिया था। उस समय भी मिलावटी उत्पाद का निर्माण तथा बोगस फर्मो पर माल की डिलेवरी किये जाने की जांच की गई थी। इस कार्यवाही के दौरान कम्पनी में विदेशी निवेश का भी खुलासा हो सकता है।

### फर्जी दस्तावेजों से व्यवसाय करने की शिकायत पर हुई कार्यवाही

फर्जी दस्तावेजों से विदेशों में व्यवसाय किये जाने की शिकायत मिलने पर ईडी ने जय श्री गायत्री फूड प्रोक्ट्स कम्पनी के मुरैना सहित कई स्थानों पर सुबह छापामार कार्यवाही आरंभ की। खबर लिखे जाने तक यह कार्यवाही निरंतर जारी है। यह कार्रवाई कंपनी के डायरेक्टर किशन मोदी, राजेंद्र प्रसाद मोदी समेत अन्य के खिलाफहै। मनी लॉर्डिग की शिकायत मिलने पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कार्यवाही की योजना बनाई है। मुरैना से आरंभ हुई गायत्री दूध डेयरी सीहोर में जय श्री गायत्री फूड प्रोक्ट्स कम्पनी में तब्दील हो गई। दो वर्ष पूर्व पूर्व इसका व्यवसाय 384 करोड़ रूपये से अधिक हो गया। कम्पनी द्वारा दूध के अनेक उत्पाद निर्मित कर विदेशों में सप्लाई किये जाते थे। इनमें सबसे अधिक पनीर की सप्लाई खाड़ी देशों में की जा रही थी। विगत दिवस 31 जुलाई 2024 को ईओडब्ल्यू की कार्यवाही के बाद कम्पनी पर तालाबंदी तक हो गई थी, कुछ समय पहले कम्पनी द्वारा पुन दुग्ध उत्पाद का निर्माण आरंभ कर दिया गया है।

## ब्रीफ न्यूज

### तहसील प्रांगण कैलारस में 7 फरवरी को होगी शुगर मिल की नीलामी

**कैलारस।** तहसीलदार कैलारस ने बताया है कि शुगर मिल के कर्मचारियों की देयतायें चुकाने के लिये तहसील कैलारस में मण्डल सहकारी शक्कर कारखाना मर्या. कैलारस जिला मुरैना की भूमि की नीलामी की कार्यवाही की जा रही है। नीलाम की जाने वाली भूमि ग्राम कैलारस में स्थित है। भूमि का खाता क्रमांक 1220, सर्वे क्रमांक 1429 में से क्षेत्रफल 0.840 हेक्टेयर है। भूमि की न्यूनतम राशि 2,60,22,000 रूपये है। भूमि की नीलामी 07 फरवरी, 2025 को प्रातः 10:30 बजे तहसील प्रांगण तहसील कैलारस में करायी जायेगी। बोली में भाग लेने से पूर्व बोलीकर्ता को 1,00,000 (एक लाख) रूपये की अर्नेस्ट मनी प्रातः 10:30 से 11:30 बजे तक जमा कराना अनिवार्य होगा। बोली नहीं लगाने पर अर्नेस्ट मनी वापस नहीं होगी। नीलामी की अंतिम बोली की 25 प्रतिशत राशि नीलामी बोलीकर्ता को तत्काल और शेष राशि 15 दिन के भीतर जमा करानी होगी। इसके पश्चात् अंतिम निर्णय कलेक्टर मुरैना के क्षेत्राधिकार में सुरक्षित रहेगा। भूमि क्रय हेतु इच्छुक व्यक्ति निर्धारित दिनांक एवं समय पर तहसील कैलारस में नीलामी बोली में भाग ले सकते हैं।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने मांगों के संबंध में वित्त मंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**मुरैना।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन सीटू के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को दिया गया है। इससे पहले आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायकों द्वारा शहर के एस रोड पर एक रैली निकाली गई और अपनी मांगों के संबंध में नारेबाजी की गई।

ज्ञापन में हाल ही में किए गए परिवर्तनों के बारे में और वेतन बढ़ोतरी करने की मांग की गई है। इस कार्रवाई का नेतृत्व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन सीटू की पदाधिकारी श्रीमती गीता शर्मा उपाध्यक्ष, आभा तोमर उपाध्यक्ष, महेश्वरी शर्मा उप महासचिव, लता राजपूत, रेखा पचौरी, साधना तोमर, रेखाविश्वकर्मा, रानी सिकरवार, रेवती शर्मा, डोली सिकरवार आदि ने किया। इस तरह की कार्यवाहियां संपूर्ण मध्य प्रदेश में की जा रही है। आगामी दिनों में भी यह कार्यवाहियां जारी रहेगी।

### नगर आगमन पर भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**कैलारस।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का कैलारस नगर में प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाहा को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर नगर वासियों द्वारा फूलमाला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता, जौरा के पूर्व विधायक सूबेदार सिंह सिकरवार, मार्केटिंग सोसायटी जौरा के अध्यक्ष सूरज सिंह रजौधा, अंजना ब्रजेश वंसल अध्यक्ष नगर परिषद कैलारस एवं भाजपा कार्यकर्ता एल. एस. भर्रा, संजय शाक्य, मनोज सिंह गुर्जा सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

## केबीएल एग्रो इंडस्ट्रीज एवं उसके प्रतिष्ठान पर इनकम टैक्स का छापा

### 3 घंटे बाद अधिकारी हुए रवाना



सत्ता सुधार ■ मुरैना

बुधवार को मुरैना शहर में मक की कार्रवाई के दौरान इनकम टैक्स विभाग द्वारा शहर के तेल व्यापारी के यहां कई ठिकानों पर छापा मार कर कार्रवाई आरंभ कर दी गई। शहर में मक एवं इनकम टैक्स की टीम द्वारा छापा मार कार्रवाई किए जाने की खबर आग की तरह फैल गई और व्यापारियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद तमाम उद्योगपति एवं व्यापारी अपने कारोबार बंद कर कर शहर से गायब हो गए। शहर के जीवाजीगंज स्थित व्यवसायी राहुल गुप्ता के घर एवं फैक्ट्री पर बुधवार की सुबह इन्दौर से आये आयकर विभाग ने छापामार कार्यवाही की। दोपहर बाद तक दल द्वारा कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। मुरैना के वरिष्ठ व्यवसायी स्व.विशन गुप्ता दाऊ के पुत्र राहुल गुप्ता ने लगभग 2 वर्ष पूर्व लोहगढ़ स्थित क्षेत्र में केबीएल एग्रो प्रा.लि. के नाम से सरसों तेल उत्पादन की इकाई आरंभ की है। सुबह इन्दौर के परिवहन कार्यालय में पंजीकृत 4 वाहनों से आयकर विभाग का दल मुरैना पहुंचा। इसमें 2 वाहन लोहगढ़ स्थित फैक्ट्री तथा दो वाहन जीवाजीगंज स्थित निवास पर पहुंचे। व्यवसायी के निवास पर उनकी माताजी तथा धर्मपत्नी के साथ काम करने वाली महिलायें मिलीं, इन्होंने व्यवसायी के संबंध में कुछ भी जानकारी देने से इनकार कर दिया। लगभग दो से तीन घंटे कड़ी मशक्कत करने के बाद दो युवा अधिकारी दोनों वाहनों को लेकर अज्ञात स्थान की ओर रवाना हो गये। वहीं दो अधिकारी निवास में ही रूके रहे। आयकर विभाग द्वारा आय से अधिक सम्पत्ति की जांच की जा रही है। इसके तहत फैक्ट्री व निवास पर अभिलेखों को खंगाला जा रहा है। मुरैना शहर के व्यवसायी केन्द्र जीवाजीगंज में इस कार्यवाही को लेकर गोपनीय शिकायतकर्ताओं के विरुद्ध आक्रोश उत्पन्न किया जा रहा है। व्यवसाईयों में चर्चा थी कि राहुल गुप्ता द्वारा अपने व्यवसाय को सुदृढ़ करने के लिये साफ सुथरा कार्य किया जा रहा है। व्यवसायी के निवास पर जांच में जुटे अधिकारियों द्वारा चर्चा करने से भी इनकार कर दिया।

### बस की टक्कर से कोचिंग जा रहा युवक घायल, खाली रेत के ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक सवार को किया घायल

सत्ता सुधार ■ मुरैना

सिविल लाइन थाना अंतर्गत जोरा रोड बुधवार की दोपहर मुरैना गांव कोचिंग पर जा रहे एक युवक को बस चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया, जिसे ग्वालियर रेफर किया गया है, वहीं बुधवार की सुबह ही आरटीओ बैरियर पर रेत के खाली ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटे लाल जाटव 24 वर्ष निवासी मुरैना बैरियर चौराहे से बाइक पर सवार होकर मुरैना गांव में कोचिंग पर जा रहा था स दोपहर 1:00 के लगभग वह मुरैना गांव शहनाई गार्डन के पास पहुंचा तो एक बस चालक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद बस वाला फरार बताया गया है। घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर बस चालक की तलाश की जा रही है। इधर बुधवार की सुबह धौलपुर मार्ग पर स्थित आरटीओ बैरियर के पास क्रॉसिंग के दौरान एक बाइक सवार युवक कन्हैया कुशवाह पुत्र रामवीर कुशवाह निवासी चौंचाई थाना सुमावली को रेत के खाली ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया, जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न




सत्ता सुधार ■ मुरैना

विगत वर्ष 01 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक की रोगी कल्याण समिति का आय-व्यय का विस्तृत विवरण कलेक्टर अंकित अस्थाना की उपस्थिति में मंगलवार को बैठक के दौरान देखा गया। बैठक में रोगी कल्याण समिति के सदस्यों के द्वारा लिये गये निर्णय में विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें बताया गया कि कुल 02 करोड़ 77 लाख 87 हजार 104 रूपये आय प्राप्त हुआ। जिसमें से 04 लाख 41 हजार 242 रूपये व्यय किये गये हैं।

रोगी कल्याण समिति की बैठक में सदस्यों की सहमति के आधार पर लोगों को बेहतर सुविधा मिले, इसके लिये कुछ बिन्दुओं के शुल्क पर बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया गया है। जिनमें ओपीडी का पर्चा 15 रूपये के स्थान पर 20 रूपये का किया जावे। फीजियोथैरिपी निःशुल्क स्थान पर 100 रूपये प्रति 7 दिवस, आईसीयू भर्ती मरीज शुल्क निःशुल्क के स्थान पर 500 रूपये प्रति दिवस, एमएलसी रीमेडिकल बोर्ड 750 रूपये के स्थान पर 2000 रूपये प्रति मरीज, ईको जांच शुल्क 100 रूपये प्रति जांच, टीएमटी जांच शुल्क 100 रूपये प्रति जांच और सीसीटीवी फुटेज हेतु शुल्क 100 रूपये प्रति डाटा जमा करने का निर्णय रोगी कल्याण समिति के सदस्यों ने लिया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पदमेश उपाध्याय, सिविल सर्जन, नगरनिगम आयुक्त, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों के रोगी कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**आरोप** | 23 जनवरी की रात को गुर्जर समाज के युवाओं ने की थी फायरिंग

## मंत्री एवं विधायक के दबाव में काम कर रहे पुलिस अधीक्षक : अशोक भदौरिया

सत्ता सुधार ■ मुरैना

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तेल व्यवसायी एवं समाजसेवी अशोक भदौरिया ने 23 जनवरी को उनके घर पर हुई फायरिंग तथा पुत्र पर कार चढ़ाने के मामले में पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीरता से कार्रवाई न करने पर आरोप लगाया कि पुलिस अधीक्षक, मंत्री एवं विधायक के दबाव में काम कर रहे हैं और आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। यही नहीं अधिकारी के द्वारा उन्हें ही दोषी ठहराने की कोशिश की जा रही है। श्री भदौरिया ने खुलकर आरोप लगाया कि मुझे एवं मेरे परिवार को जान का खतरा है क्योंकि रेत के ट्रैक्टर ट्रॉली उनकी फैक्ट्री के आसपास से निकलते हैं और फैक्ट्री जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिस तरह पहले एक आईपीएस की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या की गई थी, वही कहानी फिर दोहराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है तो वह



न्यायालय की शरण में जाएंगे और अपने स्तर पर लड़ाई लड़ेंगे। यह बात अशोक भदौरिया ने अपने निवास पर बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं।

उल्लेखनीय है कि श्री भदौरिया 23 जनवरी की रात 9:00 के पश्चात रोजाना की भांति अपनी फैक्ट्री से घर आये तो घर के सामने यशराज गुर्जर, मोहित बैसला, नरेन्द्र गुर्जर व 2-3 अन्य बिना पहचान बाले लोग उनको जोर जोर से परस्पर गालियां देकर सार्वजनिक सडक पर परिवार सहित आवासीय घरों की ओर देख-देख कर इशारा करके चिल्ला रहे थे।

श्री भदोरिया द्वार उक्त लोगों को समझाया तो नहीं माने तथा कट्टा निकाल कर धमकी देने लगे। इन लोगो ने हवाई फायर किये। इनके साथी चालक अपनी-अपनी कार (चार पहिया बाहनों) को जोर-जोर से आगे पीछे करने लगे। इस दौरान वे लोग जोर-जोर से चिल्ला कर कह रहे थे कि हम कृषि मंत्री के आदमी हैं। उक्त प्रकार के कई लोग धौलपुर एवं ग्वालियर क्षेत्र के मंत्री व विधायक का नाम लेकर कभी नकाब लगाकर तो कभी सामान्यतः नैनागढ रोड, माधौपुरा की पुलिया के आसपास, हनुमान चौराहा, जीवाजीगंज के पिछले भाग में, वेयर हाउस रोड पर सार्वजनिक सडकों, व्यवसाईयों, महिलाओं एवं विद्यालय व कॉलेज की लडकियों को चार पहिया वाहन तो कभी बुलेट मोटरसाईकिलों आदि से टेरर दिखाकर आतंकित करते हुये कई लोगो द्वारा देखे गये है, किन्तु व्यवसायी व महिला शिकायत नहीं कर पाते। उन्होंने बताया कि उनके संज्ञान में आया है कि हाल ही में मुरैना की प्रधान जिला न्यायाधीश के सामने भी कोर्ट परिसर मे मोटरसाईकिल वालों द्वारा भीड भरे स्थान मे बुलन्द आवाजो के साथ न्यायाधीश की कार के सामने टेरर बताने वाले लोंगो को भी पुलिस ने पकडा है। पिछले कुछ समय से शहर में मंत्री एवं विधायक के रहते उपद्रवियों द्वारा लगातार इस प्रकार की घटनाएं की जा रही है, जिससे शहर वासी दहशत में हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को चाहिए कि वह शहर में शांति बहाल करें, इसके साथ श्री भदौरिया ने रेत की मंडी एक जगह पर बनाए जाने की भी मांग की है।

## डॉ के. एल. राठी की स्मृति में आयोजित होगा व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट

**मुरैना।** डॉ राठी चौरिटेबल फाउंडेशन एवं मध्य प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा डॉ के.एल. राठी व्हीलचेयर क्रिकेट मेमोरियल टूर्नामेंट का आयोजन 31 जनवरी 2025 से 2 फरवरी 2025 तक चंबल डिविजन क्रिकेट ग्राउंड, ग्राम करुआ पर आयोजित किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात एवं उड़ीसा की टीम भाग लेंगी। डॉ. विवेक राठी ने बताया कि यह टूर्नामेंट मेरे पूज्य पिताजी डॉ.के. एल राठी की स्मृति में आयोजित हो रहा है। इस टूर्नामेंट का शुभारंभ 31 जनवरी 2025 सुबह 9 बजे पुलिस अधीक्षक मुरैना समीर सौरभ द्वारा को किया जावेगा। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 21,000 रूपए नगद राशि, उपविजेता टीम को 11,000 रूपए नगद राशि, तीसरी टीम को 5,100 रूपए नगद राशि व चौथी टीम को 3,100 रूपए नगद राशि इनाम स्वरूप दिए जाएंगे। इसके साथ ही मैन ऑफ द सीरीज प्लेयर को 2100 रूपए का नगद ईनाम व बेस्ट बॉलर ऑफद टूर्नामेंट व बेस्ट फील्डर द टूर्नामेंट को 1500-1500 रुपए की नगद राशि प्रदान की जावेगी। प्रत्येक मैच में मैन ऑफद मैच प्लेयर को 500 रूपए का नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा। साथ ही सभी विजेता उपविजेता टीमों को ट्रॉफी भी प्रदान की जावेगी।

## ब्रीफ न्यूज

### श्रमोदय आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 31 जनवरी तक आवेदन करें

**हरदा ।** म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों की सुविधा के लिए श्रमोदय आवासीय विधालय, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर में आगामी शैक्षणिक सत्र 2025- 26 में कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं प्रवेश प्रारम्भ किया जा रहा है। इस विद्यालय में अध्ययन करनें वाले छात्र-छात्राओं को शिक्षा, भोजन, चिकित्सा, गणवेश, पठन-सामग्री एवं आवास सुविधा पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जाती है। श्रम अधिकारी ने बताया कि श्रमोदय विद्यालय में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा देना होगी । श्रमोदय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कलेक्टर परिसर, प्रथम तल, कक्ष क्र. 35 स्थित जिला श्रम कार्यालय में कार्यालय समय में कार्य दिवसों में संपर्क किया जा सकता है।

### मद्य निषेध संकल्प दिवसआज मनाया जाएगा

**हरदा ।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी को ह्यमद्य निषेध संकल्प दिवस मनाया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सविता झानिया ने जिले के अधिकारियों को निर्देश जारी किये है। सीईओ श्रीमती झानिया ने बताया कि मद्य निषेध संकल्प दिवस का मुख्य उद्देश्य समाज और विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें नशा त्यागने के लिए प्रेरित करना है। मद्य निषेध संकल्प दिवस के अवसर पर चित्रकला, निबन्ध लेखन, रंगोली, प्रभात फैरी व मानव श्रृंखला, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनी जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएगी तथा आयोजन में उपस्थित व्यक्तियों को मादक पदार्थों और मदिरा त्यागने का संकल्प दिलाया जाएगा और उनसे संकल्प पत्र भरवाए जाएंगे। इस अवसर पर प्रत्येक नगरीय निकाय में वार्ड स्तर, जनपद स्तर, अनुविभाग स्तर व ग्राम स्तर पर ग्राम सभाओं का आयोजन भी किया जाएगा।

### सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर की भर्ती के लिए विकासखंड स्तर पर लगेंगे शिविर

**हरदा।** एस.एस.सी.आई. लिमिटेड नीमच द्वारा जिले में पात्र युवाओं के लिए सिक्युरिटी गार्ड व सुपवाईजर की भर्ती हेतु विकासखंड स्तर पर पंजीयन शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिला परियोजना प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन रामनिवास कालेश्वर ने बताया कि भर्ती हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8 वी उत्तीर्ण, आयु 18 से 38 वर्ष ऊचाई 163 से.मी. से अधिक, वजन 50 से 90 कि.ग्रा. होना आवश्यक है। शेष शर्ते भर्ती अधिकारी एवं कम्पनी के मापदण्ड अनुसार रहेगी। श्री कालेश्वर ने बताया कि ये शिविर प्रातः 11 से दोपहर 3:30 तक आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत टिमरनी में 3 व 4 फरवरी को शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार 5 एवं 6 फरवरी को जनपद पंचायत खिरकिया, 8 एवं 9 फरवरी को ग्राम पंचायत रहटगांव तथा 10 एवं 11 फरवरी को जनपद पंचायत हरदा में शिविर आयोजित होगा।

# सदैव नाम प्रभु का सुमिरन एंव जप करें, भवसागर होगा पार : पंडित कैलाशचंद्र डोंगरे

## कैलाश नगर में शिवमहापुराण ज्ञान गंगा यज्ञ कथा का दूसरा दिन दिन

सत्ता सुधार ■ खंडवा

शास्त्र बताते है कि भगवान का नाम इतने पापों को मिटा सकता है, जितना कि एक पापी से पापी व्यक्ति कभी जितने पाप कर भी नहीं सकता। अगर आप एक तुलसी की माला लेकर नाम जप करते है तो वह सीधे आपको ईश्वर से जोड़ता है। कलयुग में नाम जप माला आपके सांसारिक जीवन को संरक्षित करने का हथियार है। अतएव भगवान नाम पर पूर्ण श्रद्धा एंव विश्वास रखकर ह्रदय के अंतकरण से भाव विह्वल होकर जैसे एक छोटा बालक अपनी माँ के लिए बिलखता है ,उसी भाव से सदैव नाम प्रभु का सुमिरन एंव जप करें।




यह उदगार पंडित कैलाशचंद्र डोंगरे जी ने कैलाश नगर में आयोजित शिवमहापुराण कथा के दूसरे दिवस पर कथा वाचन करते हुए व्यक्त किये। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कैलाश नगर में आयोजित श्री शिव महापुराण का वचन करते हुए पंडित श्री डोंगरे ने गुरु दीक्षा के महत्व को बताया। उन्होंस कहा जिसके जीवन में गुरु नहीं होता उसका जीवन समझो शुरू ही नहीं होता। अतःगुरु दीक्षा अवश्य लेकर प्रतिदिन गुरुमंत्र का जाप करना चाहिए। नाम जप कलियुग में भक्ति का एक मुख्य अंग है । प्रभु के नाम जप की महिमा असीम है । संतों ने प्रभु नाम को नाम भगवान÷ की संज्ञा दी है । हर युग में अपने साधन हुआ करते हैं । कलियुग में नाम जप और नाम कीर्तन ही प्रधान साधन है । सभी शास्त्र, संत और पंथ एकमत हैं कि कलियुग में नाम की ही प्रधानता है । संत कहते है कि कलियुग केवल नाम अधारा, सुमिर सुमिर नर उतरहिं पारा । सभी शास्त्रों में नाम की महिमा गाई हुई है । श्री रामचरितमानसजी की तो एक बहुत प्रसिद्ध चौपाई है कलिजुग जोग न जग्य न ग्याना, एक अधार राम गुन गाना ।

### जब अंग्रेज ने चरण पखारे

पंडित श्री डोंगरे ने एक प्रचलित वाकया सुनाते हुए कहा प्राचीन समय की बात है जब एक अंग्रेज कस स्टेण्ड पर उतरा और उसने एक संत को देखकर क्षेत्र की जानकारी चाही तो संत ने उसके कंधे पर लटक रही बन्दूक को देख पूछा यह क्या है तो अंग्रेज ने कहा यह मेरा हथियार है। अंग्रेज ने पलट कर पूछा आपके हाथ में क्या है तो संत बोले जैसा आपके पास हथियार है वैसा मेरे पास भी हथियार है। अंग्रेज हंसा और उसने पेड़ पर बैठे पक्षी पर गोली चला दी, पक्षी फड़फड़ाकर नीचे गिरा। यह देख संत उस घायल पसखि के पास गए और अपनी तुलसी की माला उसके सर पर फेरकर मन्त्र जाप किया। कुछ ही पलों में पक्षी उड़कर गंतव्य को रवाना हो गया। यह देख अंग्रेज संत के नतमस्तक हो गया। संत ने कहा आपका हथियार जान ले सकता है मगर हमारा हथियार प्राण दे सकता है। पंडित डोंगरे ने कहा इसलिए आपको कष्टों से मुक्ति पाना है और ईश्वर की भक्ति का पूर्ण पुण्य लाभ लेना है तो आपको नाम जप करना होगा।

**महिला शक्ति ने पार्थिव शिवलिंग पूजन किया** – इस अवसर पर साधक महिलवो ने पार्थिव शिवलिंग निरान कर उनका पूजन किया। कथा स्थल पर ही प्रतिदिन महिलाएं पार्थिव शिवलिंग निर्माण और पूजन कर शिवभक्ति का पुण्य लाभ ले रही है।

# कलेक्टर सिंह ने नवोदय स्कूल व सीएम राइज स्कूल में विद्यार्थियों से चर्चा की





सत्ता सुधार ■ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को चारूवा के पीएम नवोदय विद्यालय में कक्षा दसवी एवं बारहवीं के विज्ञान संकाय और कला संकाय की कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होने विद्यार्थियों से स्कूल परिसर में आने वाली समस्याओं और पढ़ाई के स्तर के संबंध में पूछताछ की। उन्होने विद्यार्थियों को प्रेरणा दी कि इस वर्ष अच्छी मेहनत कर अपने मनवांछित कोर्स में प्रवेश के लिये तैयारी कर लें ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके। उन्होने कहा कि विद्यार्थियों के लिये कक्षा दसवी और बारहवीं अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के कारण इन दोनों कक्षाओं में विद्यार्थियों पर काफी मानसिक दबाव रहता है, लेकिन नियमित अध्ययन कर विद्यार्थी बिना किसी मानसिक तनाव के हाई स्कूल एवं हायर सेकण्ड्री की बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे नम्बर ला सकते हैं। उन्होने कहा कि इस वर्ष का आपका परिश्रम आपके भावी कॅरियर तय करेगा। अतः मन लगाकर बिना किसी तनाव के पढ़ें। उन्होने प्राचार्य से कहा कि जिन विषयों में एक्स्ट्रा क्लास लगाने की जरूरत हो, उन विषयों की एक्स्ट्रा क्लास लगाई जाए।

**सीएम राइज स्कूल खिरकिया का भवन निर्माण फरवरी माह के अंत तक पूर्ण करें-** कलेक्टर श्री सिंह ने खिरकिया स्थित सीएम राइज स्कूल में कक्षा दसवी एवं बारहवीं की कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होने विद्यार्थियों से स्कूल परिसर में आने वाली समस्याओं और पढ़ाई के स्तर के संबंध में पूछताछ की। उन्होने विद्यार्थियों को समझाईश दी कि इस वर्ष अच्छे नम्बर लाकर आप अपना भविष्य सुधार सकते है। अतः परीक्षा से पूर्व अच्छी मेहनत करें ताकि बोर्ड परीक्षाओं में परिणाम बेहतर रहें। उन्होने निमार्णाधीन सीएम राइज स्कूल भवन का निरीक्षण किया तथा पीआईयू के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिये कि भवन का शेष कार्य फरवरी माह के अंत तक पूर्ण करें ताकि अगले शिक्षा सत्र में विद्यार्थी नये भवन में पढ़ाई कर सकें। उन्होने एसडीएम श्री डेहरिया से कहा कि सीएम राइज स्कूल के नये भवन का समय-समय पर निरीक्षण करें।

### छात्रवृत्ति और आवास सहायता हेतु पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी

**खण्डवा।** शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत नवीन व नवीनीकरण के अनुसूचित जाति, जनजाति के विद्यार्थियों हेतु एमपीटॉस पोर्टल पर महाविद्यालयीन स्तर छात्रवृत्ति और आवास सहायता हेतु वर्ष 2022-23 तथा वर्ष 2023-24 में ऑनलाईन आवेदन करने से वंचित रहे पात्र विद्यार्थियों के आवेदन करने हेतु पुनः पोर्टल 31 जनवरी 2025 तक खोला गया है। सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री विवेक पाण्डेय ने बताया गया कि इसी तरह वर्ष 2024-25 के नवीन नवीनीकरण आवेदन हेतु भी पोर्टल पर अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। समय सीमा उपरांत पोर्टल को बंद कर दिया जायेगा। इसके उपरांत भी कोई पात्र विद्यार्थी योजना से वंचित रहता है तो उसकी पूर्ण जवाबदारी संस्था प्रमुख तथा विद्यार्थियों की रहेगी। उन्होंने बताया कि समस्त शासकीय एवं अशासकीय महा विद्यालयीन संस्थाऐं अपनी संस्था में वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के शेष रहे तथा वर्ष 2024-25 के नवीन व नवीनीकरण आवेदन हेतु अनुसूचित जाति, जनजाति के पात्र विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति और आवास सहायता के शत-प्रतिशत आवेदन करवाकर नोडल प्राचार्य वेरिफाई करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

पुस्तक मेले में शिरकत करेंगे विनय उपाध्याय

## पुस्तक मेले दिल्ली में उपाध्याय की , कुछ दस्तके कुछ दस्तखत, पुस्तक का होगा लोकार्पण

सत्ता सुधार ■ खंडवा

कला समीक्षक, सम्पादक तथा उद्घोषक विनय उपाध्याय की महत्वपूर्ण लेखकीय उपस्थिति नई दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में होने जा रही है। भारत सरकार के अधीन संचालित नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा 1 फरवरी से 9 फरवरी के बीच यह विशाल आयोजन होगा। यहाँ विनय उपाध्याय द्वारा रचित और संपादित एक दर्जन से भी अधिक किताबें उपलब्ध रहेंगी।

हाल ही विनय की नई पुस्तक 'कुछ दस्तकें, कुछ दस्तख़त' प्रकाशित हुई है। इस कृति का लोकार्पण भी पुस्तक मेले के हॉल नंबर-दो, स्टॉल नंबर- एन-7 में होगा। संपूर्ण निमाड़ के लिए यह एक और बड़ी बौद्धिक उपलब्धि है, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि आईसेक्ट प्रकाशन से छपी खंडवा के विनय उपाध्याय की ये किताबें कला, संस्कृति, साहित्य की विधाओं और विभूतियों से नया परिचय कराते हुए आस्वाद तथा रसिकता का परिवेश तैयार करती हैं।

साहित्य अकादेमी द्वारा पुरस्कृत किताब 'सफ़ह पर आवाज़' तथा 'कला की छाँव' को पाठकों से मिले बेहतर प्रतिसाद के बाद संस्कृति और कलाओं पर केन्द्रित अनेक महत्वपूर्ण प्रकल्पों में इन दिनों विनय उपाध्याय सक्रिय हैं। वे टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केन्द्र के निदेशक और सांस्कृतिक पत्रिका 'रंग संवाद' के संपादक हैं। उन्हें राष्ट्रीय और प्रादेशिक सम्मानों से विभूषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली के प्रगति मैदान में हो रहे किताबों के वैश्विक कुंभ में भारत के अग्रणी प्रकाशकों के साथ ही अन्य देशों के बहुभाषी प्रकाशन संस्थानों की व्यापक भागीदारी हो रही है।

### क्या है विनय उपाध्याय की तीसरी किताब का मजमून

सुनील जैन ने बताया कि कला समीक्षक विनय उपाध्याय की तीसरी और नई पुस्तक कुछ दस्तकें, कुछ दस्तख़त हमारे समय के विचारजगत और सांस्कृतिक संसार से साक्षात्कार तो कराती है। इस पुस्तक में 50 मूर्धन्य कला विभूतियों का लेखा-जोखा हैं। इन शख़्सियतों में निमाड़ क्षेत्र के रंगकर्मी शिवकुमार चौरे, शिल्पकार देवीलाल पाटीदार, चित्रकार ब्रजेश बडोले, लोक नर्तक संजय महाजन, संस्कृतिकर्मी शरद जैन तथा लेखक-सामाजिक उद्यमी आलोक सेठी के रचनात्मक की भी चर्चा हैं। यह किताब बेहतर बनने की या बन सकने की लालसा लिए भारत की लोक संस्कृति के लालित्य का सुन्दर रूपक रचती हैं। पाठक को यह किताब अलग दुनिया में ले जाती हुई, उसे संस्कृति का अनूठा पाठ-सुख प्रदान करती है।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिये पंजीयन कराएं

**हरदा ।** मध्यप्रदेश औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा 24 व 25 फरवरी को भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का आयोजन किया जा रहा है। महाप्रबन्धक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री सचिन रोमड़े ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिये पंजीयन प्रारम्भ हो चुका है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से कर समिट में शामिल हो सकते है।

# यातायात थाने में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर और स्कूली बच्चों की प्रतियोगिताएँ संपन्न

सत्ता सुधार ■ शहडोल

सड़क सुरक्षा माह-2025 की थीम ÷परवाह अपनों की के अंतर्गत आज थाना यातायात परिसर, शहडोल में पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और उपस्थिति में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रक, बस, ऑटो, पिकअप, मेटाडोर समेत अन्य कमर्शियल वाहनों के लगभग 72 चालकों का नेत्र परीक्षण जिला चिकित्सालय शहडोल के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किया गया।



इसके साथ, शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्रों के बीच यातायात जागरूकता से संबंधित निबंध लेखन, चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिसमें करीब 80 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को थाना परिसर में आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने जिला चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्कूली बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली, निबंध और चित्रकला की प्रशंसा की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने यातायात जागरूकता का संदेश देते हुए सड़क सुरक्षा माह को सड़क सुरक्षा वर्ष के रूप में मनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एम. व्ही. एक्ट के तहत चालान महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकना ज्यादा महत्वपूर्ण है।

## अधिकारियों ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएँ



**खण्डवा।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की शासकीय कार्यालयों से संबंधित समस्याओं का निराकरण अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्याओं के आवेदन लेकर आए विभिन्न नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री के.आर. बड़ोले सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद थे।

### टिमरनी नगर में विकास खण्ड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

**हरदा/टिमरनी।** राधास्वामी स्कूल प्रांगण में समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे टिमरनी के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गयीं। जिसमे सांस्कृतिक कार्यकम में जगन्नाथ रथ यात्रा पर संस्कृत भाषा के गीत पर सामुहिक नृत्य प्रस्तुत कर इस वर्ष भी एकेडमिक हाईट्स पब्लिक स्कूल, टिमरनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम पुरस्कार प्रदान करने के लिये रजनी राजेश कलम, अध्यक्ष जनपद पंचायत, देवेन्द्र कुमार भारद्वाज अध्यक्ष नगर परिषद टिमरनी, अनुविभागीय अधिकारी महेश कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष अतुल बारंगे, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद पटेल, जनपद सीईओ चेतना पाटिल, तहसीलदार डॉ प्रमेश जैन, नप सीएमओ किरण राहंगडाले सहित जनपद सदस्य, पार्षद, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक मंच पर मौजूद रहे।

## घुमन्तु समाज का सामाजिक सम्मेलन सम्पन्न




**हरदा ।** घुमन्तु समाज का सामाजिक सम्मेलन बुधवार को शासकीय कन्या हायर सेकण्ड्री स्कूल के मैदान में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जाति विकास अभिकरण के प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबूलाल बंजारा, विभाग के संचालक नीरज वशिष्ठ तथा कलेक्टर आदित्य सिंह के साथ-साथ घुमन्तु समाज के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्री बंजारा ने कहा कि घुमन्तु समाज के कल्याण के लिये सरकार ने बहुत सारी योजनाएं संचालित की हैं।

**सम्मान** फुटबाल, कबड्डी तथा एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता की गई आयोजित

# खिलाड़ियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

सत्ता सुधार ■ शहडोल

शहडोल, नेहरू युवा केन्द्र द्वारा जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के अन्तर्गत फुटबाल, कबड्डी तथा एथलेटिक्स की खेल प्रतियोगिता संभागीय मुख्यालय शहडोल के पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय खेल मैदान में आयोजित की गई। जिसमें लगभग 180 खिलाडियों ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता में अध्यक्ष नगरपालिका श्री घनश्याम जायसवाल ने विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया।



फुटबाल प्रतियोगिता में फाइनल शहडोल एवं विचारपुर की टीम के बीच खेला गया, जिसमे शहडोल की टीम विजेता तथा युवा मंडल विचारपुर की टीम उपविजेता रही। कबड्डी महिला प्रतियोगिता का फाइनल जोजो एकेडमी शहडोल एवं बी पी ई एस शहडोल के बीच खेला गया जिसमे जोजो एकेडमी शहडोल की टीम विजेता तथा बी पी ई एस शहडोल की टीम उप विजेता रही। इसी तरह वालीवाल पुरूष का फाइनल जयसिंहनगर एवं रसमोहनी के बीच खेला गया जिसमें जयसिंहनगर की टीम विजेता तथा रसमोहनी की टीम उपविजेता रही। इसी तरह एथलेटिक्स के अन्तर्गत 200 मीटर दौड (पुरुष) मे प्रथम स्थान पर पुष्पराज सिंह, द्वितीय स्थान पर अनुराग सिह, तृतीय स्थान पर मुलायम सिंह रहें। इसी तरह 100 मीटर महिला दौड में प्रथम स्थान पर कु. राधिका राव रहीं तथा द्वितीय स्थान पर कु पर्वती सिंह, तृतीय स्थान पर एकता रजक रही। गोला फेंक पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान पर रनवीर सिंह, द्वितीय स्थान पर मो.बिलाल, तथा तृतीय स्थान पर पुष्पराज सिंह रहे। समापन अवसर पर हेड ऑफ डिपार्टमेन्ट फिजिकल एजुकेशन पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल, डॉ. आदर्श तिवारी, सहायक संचालक शिक्षा, धीरेन्द्र सिंह जिला कोच खेल और युवा कल्याण विभाग शहडोल श्री राईस खान तथा पी टी आई श्री ज्ञानेन्द्र सिंह सहित अन्य खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## घर से लापता किशोर का खेत में मिला संदिग्ध अवस्था में शव, मौके पर पहुंची पुलिस

परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

सत्ता सुधार ■ शहडोल

केशवाही चौकी के जमुनिया गांव के एक खेत में 16 वर्षीय किशोर का संदिग्ध अवस्था में शव मिला है।किशोर मंगलवार की शाम से घर से लापता था और बुधवार को उसका शव घर से महज 300 मीटर की दूरी पर खेत में देखा गया है। किशोर के शव को देखकर इसकी जानकारी पुलिस को दी गई , जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार केशवाही चौकी के जमुनिया गांव के रहने वाले गणेश कुशवाहा के पुत्र आदित्य कुशवाहा (16) का शव उनके घर से 300 मीटर की दूरी पर एक खेत में संदिग्ध अवस्था में मिला है। ग्रामीणों ने किशोर के शव को देखकर परिजनों को मामले की जानकारी दी, परिजनो ने बताया की आदित्य मंगलवार की शाम से ही घर से लापता था जिसकी तलाश परिजन कर रहे थे।

खेत में मिले किशोर के शव की जानकारी पुलिस को दी गई है, जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचे जांच कर रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि आदित्य कुशवाहा मंगलवार की शाम से घर से लापता था, जिसका शव घर से 300 मीटर की दूरी में एक खेत में मिला है। शव के मुंह से फेन जैसा कुछ निकाला दिखाई दे रहा है। वहीं परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

# एमपी में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का रास्ता साफ, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मिली सफलताः पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह

## पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने किया हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत

सत्ता सुधार ■ सागर

जबलपुर हाइकोर्ट द्वारा 27 प्रतिशत आरक्षण ओबीसी वर्ग को दिए जाने के राज्य शासन के निर्णय के विरुद्ध दायर याचिका को खारिज किए जाने के निर्णय का पूर्व गृहमंत्री, वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने स्वागत किया है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के नेतृत्व में उच्च न्यायालय में लड़ी गई कानूनी लड़ाई के बाद मिली इस सफलता के बाद प्रदेश में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है और भाजपा सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग के हित में लिए गए एतिहासिक निर्णय का अब पूरी तरह क्रियान्वयन हो सकेगा।पूर्व गृहमंत्री, विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय और इस निर्णय को लागू कराने के लिए किए गए संघर्ष की सफलता को भूला नहीं जा सकता। साथ ही कांग्रेस की कमलनाथ सरकार व उसके बाद कांग्रेस समर्थित तत्वों द्वारा इस निर्णय को रुकवाने के लिए की गई साजिशों को भी ओबीसी समाज कभी नहीं भूलेगा। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि इसके लिए समस्त ओबीसी समाज मुख्यमंत्री डा मोहन यादव और भाजपा सरकार का आभारी है।उल्लेखनीय है कि जनहित याचिका खारिज होने के बाद प्रदेश में भर्ती से जुड़े 13 प्रतिशत होल्ड पदों को अब अनहोल्ड भी किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने 2021 में ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण की



अनुमति प्रदान की थी। जिसमे तीन विषयों को छोड़कर शेष में 27 फीसदी आरक्षण का प्रावधान था। याचिका के निरस्त होने से प्रदेश में कुछ मामलों को छोड़कर शेष में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है।

### 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर लड़ी लंबी लड़ाई

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी तथा पीजी में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को 10 प्रतिशत आरक्षण के कोटे को बरकरार रखकर इन वर्गों के लिए भारतीय जनता पार्टी की सोच और नीति पर मुहर लगाई थी। श्री सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पिछड़े और सामान्य कमजोर वर्ग के साथ अन्याय नहीं होने देगी। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने नीट के ऑलइंडिया कोटे में ओबीसी को 27 प्रतिशत तथा सामान्य गरीब वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय किया था। इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने सही ठहराया था।भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि हाईकोर्ट का यह निर्णय उन सभी के मुंह पर तमाचा है, जो ओबीसी वर्ग के विरोधी हैं।

पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया था, लेकिन ओबीसी के विरोधी इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में चले गए थे। श्री सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पूरी ताकत और तथ्यों के साथ अपना पक्ष रखा। इसका ही परिणाम है कि हाईकोर्ट ने इस ओबीसी विरोधी जनहित याचिका को खारिज कर दिया है।पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश में पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के खिलाफ लगी याचिका का खारिज होना मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं भाजपा सरकार के अथक परिश्रम का ही परिणाम है। पंचायत चुनाव में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण के लिए केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार ने अलग-अलग रिव्यू पिटीशन पहले ही दायर की थीं। इस आरक्षण के पक्ष में दोनों ही सरकार पूरी ताकत से अपना पक्ष वहां रख रही थीं।

## बच्चे देश का भविष्य है और इन पर हमें नाज होना चाहिए : लता सकवार

### भारतीय संस्कृति की जो झलक देखने को मिली : निर्मला सप्रे



### बिलगैया मेमोरियल ग्रुप ऑफ एजुकेशन बीना बार्षिक उत्सव समारोह मनाया गया

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

पंडित भागीरथ बिलगैया मेमोरियल ग्रुप ऑफ एजुकेशन बीना बार्षिक उत्सव समारोह मनाया गया।वार्षिक महोत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा मंचिर कार्यक्रम के माध्यम से अनेक प्रस्तुति दी गई जो एक से बढ़कर एक थी जिनकी प्रस्तुतियों में लोगों का मन मोह लिया।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने कहा बच्चे देश का भविष्य है और इन पर हमें नाज होना चाहिए। जिस तरह की उन्होंने प्रस्तुति दी उससे प्रतीत होता है स्कूल प्रबंधन द्वारा समय-समय पर बच्चों में वह सब संस्कार प्रदान किए जाते हैं जो होना चाहिए। मुख्य अतिथि विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि देश भक्ति मय कार्यक्रम निश्चित ही प्रशंसनीय है। भारतीय संस्कृति की जो झलक देखने को मिली वह लाजवाब है।संस्था संचालक अनुराधा अनिरुद्ध राज बिलगैंयाँ ने आगे सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं प्राचार्य डालचंद पटेल ने सभी का आभार व्यक्त किया इस मौके पर विशेष रूपसे मुख्य अतिथि बीना विधायक ,नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार,नगर पालिका उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैंयाँ ,नगर मण्डल अध्यक्ष भाजपा एड.पंडित राजेन्द्र उपाध्यायजी,वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज शर्मा,समाज सेवीएच.डी. गोश्वामी जी,वरिष्ठ भाजपा नेता विजय हुरकट,वरिष्ठ भाजपा नेता इंदर सिंह ठाकुर,वरिष्ठ भाजपा नेता जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर जी,संस्था संचालक अनुराधा अनिरुद्ध राज बिलगैंयाँ,संस्था उपाध्यक्ष पंडित ऋतुपर्ण पटेरिया,संस्था मेनेजिंग डारेक्टर विपिन जेवियर,कॉलेज प्राचार्य डालचंद पटेल,स्कूल प्राचार्य लक्ष्मीकांत बिलगैंयाँ,कॉन्वेंट प्रभारी रचना यादव ,शिक्षक रवि नामदेव, दुर्गेश नामदेव,दीपेश लिटौरिया, इमरान खान,अमर सिंह ठाकुर,दीपेश तिवारी समस्त शिक्षक शिक्षिकायें, छात्र/छात्रा और अभिभावकगण उपस्थित रहे।




### देवरी महाविद्यालय में संभाग स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता का आयोजन

**देवरी(सागर)।** म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के खेल कैलेण्डर अनुसार शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय,में संभाग स्तरीय पिट्टू पुरूष एवं महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश दुबे ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सहभागिता करने पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में इस प्रतियोगिता का पहली बार आयोजन हो रहा है जिससे महाविद्यालय एवं छात्र-छात्राएं गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। प्रतियोगिता में रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर से संबंधित जिला दमोह एवं जिला सागर की टीम ने सहभागिता की जिसमें जिला सागर पुरूष एवं महिला वर्ग में विजेता एवं जिला दमोह की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के दौरान रैफरी के तौर पर धर्मेन्द्र वर्मा एवं विक्रम आठ्या उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ. मनोज मिश्रा एवं आभार डॉ. आशीष कुमार जैन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष दीपक ठाकुर, डॉ. जी. आर. चौहान, प्रतियोगिता संगठन सचिव डॉ. अभिषेक गोयल क्रीड़ा अधिकारी, समस्त शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टॉफ, गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधु तथा अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## वीरबाल दिवस टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 28 जनवरी को हुए शानदार तीन मुकाबले

### महापौर संगीता सुशील तिवारी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उत्साहवर्धन किया





सत्ता सुधार ■ सागर

वीरबाल दिवस टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट कजलीवन मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी एवं महापौर प्रतिनिधि डॉक्टर सुशील तिवारी न्यू उपस्थित होकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर मां पर प्रतिनिधि डॉक्टर सुशील तिवारी ने कहा कि खेलों का जीवन में बहुत महत्व है खेलों से हमारा तन, मन स्वस्थ रहता है तथा जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है किसी भी खेल प्रतियोगिता में हार ,जीत तो होती ही है लेकिन हारने वाली टीम को निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि हारने से यह शिक्षा भी मिलती है कि अब उसे और मेहनत करने की आवश्यकता है। और मेहनत करने के बाद उसे जीत अवश्य ही मिलती है।

पहला मैच क्वार्टर फाइनल संगम क्लब और बुंदेली टाइगर्स के बीच हुआ पहले बल्लेबाजी करते हुए बुंदेली टाइगर्स ने 8 ओवर में 7 विकेट खोकर 110 रन बनाए जवाब में संगम क्लब ने 7 विकेट होकर मात्र 80 रन रन बनाकर हार का सामने किया मैन ऑफ द मैच ऑल राउंड प्रदर्शन करने वाले सुहस रहे पहले सेमीफाइनल मुकाबला बुंदेली टाइगर्स और युवान क्लब के बीच हुआ पहले बल्लेबाजी करते हुए बुंदेली टाइगर्स ने 10 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाए जवाब में युवान ने 133 रनबना सकी मैन ऑफ़ द मैच संदीप रहे 28 गेंदों में 71 रन बनाए दूसरा सेमीफाइनल मैच बेस्ट ऑफ सागर और लोक स्टार के बीच हुआ पहले बल्लेबाजी करते हुए बेस्ट ऑफ सागर ने 10 ओवर में 99 रन आउट ऑल आउट हो गई जवाब में लोक स्टार ने 7.5 ओवर में 4 विकेट होकर लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया मेहनती मैच मैन ऑफ द मैच देवी रहे अस्सु देवरी जिन्होंने 50 रन की मैच विनर पारी खेली अंपायर जानू खान राजस्थान से एवं अशोकनगर से राजीव रघुवंशी कमेंटेटर रहे मैच मे महापौर संगीता सुशील तिवारी जी रही एवं डॉ सुशील तिवारी जी एवं संगीता जैन अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।आयोजक नोनू सरदार देव कुमार तिवारी रविंद्र पसरीजा गौरव खटीक विशाल तोमर प्रमोद ठाकुर जी तरु भाटिया जानकारी सोनू चौहान नासिर मकरानी ने दी।

## छत्तीसगढ़ में भी छाया बीना का अथक पथ संग्रहालय



सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

छत्तीसगढ़ के महासमुंद में रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में बीना के अथक पथ संग्रहालय के संचालक मातृभूमि सेवा संस्था के राष्ट्रीय मार्गदर्शक राम शर्मा ने शहीदों क्रांतिकारी के चित्र एवं दुर्लभ दस्तावेजों की प्रदर्शनी लगाई राम शर्मा उस विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए थे बड़ी धूमधाम से परेड करते हुए युवा विद्यार्थियों, विद्यालय परिवार तथा क्रांतिकारी संगठन काका के तत्वाधान में उनका जोरदार सम्मान किया गया सर्वप्रथम सिंपी गोयल डायरेक्टर पूजा शर्मा प्राचार्य ने स्मृति चिह्न पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार परेट निकाल अभिवादन किया और गीत भाषण प्रस्तुत किया क्रांतिकारियों की वेशभूषा में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शहीदों क्रांतिकारियों के चित्र एवं दुर्लभ दस्तावेजों को देखा विद्यालय और संगठन के कार्यकर्ताओं ने शाल श्रीफल देकर प्रदर्शनी लगाने वाले राम शर्मा का सम्मान किया इस अवसर देवव्रत शास्त्री, डॉ रमेश शर्मा, रविंद्र तिवारी, दीपक यादव, भगवत प्रसाद, मुरलीधर, पूनम, पिंचा सुभाष दास, डॉक्टर शीतल शर्मा, राजेश शर्मा, सेवक लाल चंद्राकार, चमन लाल बाबूलाल साहू अमित हीसीकर पी डी साहू हुकुम शर्मा अशोक मालू बलराम लालवानी सतीश गीतमारे डिंपल सिंधु ललित राव अशोक निषाद नीलकंठ यादव उद्देश्य कर्णिका सिंह अर्जुन संतोष दीपक यादव अनामिका कामदार दिव्या चंद्राकर दीपाली तिवारी माधव शर्मा रजत सेलाम प्रेम्भा अनामिका यादव प्रदीप साहू सायन समर्थ विजय यादव अमनदीप कौर खुशी शर्मा प्रतिभा कामकार हिदू चंद्राकर राजगोपाल पुष्पा सिंह शालिनी प्रिया ज्योति यादव भावना सोनी संजय कुमार विश्वास प्रकाश विश्वकर्मा रिचा साहू पीयूष कुमार अमनजीत कौर शिशिर कुमार विश्वास सुशील शर्मा हजीफ खान रितु सिंह अमित कुमार सहित हजारों नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं सराहा।

## बिजली कंपनी द्वारा आयोजित शिविरों में सुनी गई 190 शिकायते

सत्ता सुधार ■ सागर



म.प्र. पूर्व क्षेत्र वि.वि.कं.लि सागर वृत्त के अंतर्गत वितरण केन्द्र एवं जोन स्तर पर 28 जनवरी मंगलवार को आयोजित जन-सुनवाई शिविरो में कुल 190 शिकायते आई जिनमें से 168 का मौके पर शिविरो में ही समाधान किया गया।अधीक्षण अभियंता डी.एन. चौकीकर ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर संभाग के अंतर्गत चार जोनो एवं वितरण केन्द्र स्तर पर विद्युत उपभोक्ताओं के गलत मीटर रीडिंग, मीटर बंद, अधिक बिल एवं रीडिंग नहीं लिये जाने संबंधी शिकायतों को सुनने एवं उपभोक्ताओं की समस्यओं के समाधान और निराकरण हेतु प्रति मंगलवार को जनसुनवाई शिविर आयोजित किये जाते है सागर वृत्त के प्रभारी अनुभाग अधिकारी डी.पी. प्रजापति ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस सप्ताह शिविरो में कुल 190 शिकायते आई जिनमें से 168 का मौके पर ही शिविरो में ही समाधान किया गया बकाया 22 शिकायतो का निश्चित समयावधि में निराकरण किया जावेगा। नगर संभाग के अंतर्गत 4 जोनो में आई 39 शिकायतो में से 30 का मौके पर शिविरो में ही समाधान किया गया शेष 09 का निर्धारित समयावधि में निराकरण किया गया जावेगा। संचा./संधा. संभाग सागर के अंतर्गत आई 29 में से 26 का निराकरण हुआ शेष 03, रहली के अंतर्गत 26 मे से 23 शेष 03 बीना के अंतर्गत 18 में से 18, खुरई के अंतर्गत 45 का निराकरण हुआ शेष 05 रही। सभी संभागों की शेष रही शिकायतो का निश्चित समयावधि में निराकरण किया जावेगा।

### विद्यायतन किड्स स्कूल बीना में वार्षिक महोत्सव मनाया

**बीना(सागर)।** बीना के अवसर पर विद्यायतन किड्स स्कूल बीना में वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया,जिसमें पालक महासंघ बीना के सदस्यों को मुख्य अतिथि के रूप मैं आमंत्रित किया गया,ध्वजारोहण के साथ रंगारंग प्रोग्राम,प्राइस वितरण किया गया पालक महासंघ अध्यक्ष अमित साहू ने बच्चों की डांस एक्टिविटी की सराहना की, टीचर ने बहुत मेहनत की है छोटे बच्चों के साथ सभी बच्चों,टीचर और सौरभ जैन को उज्वल भविष्य की शुभकामनाए कार्यक्रम मैं वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव,कानूनी सलाहकार एड. राकेश श्रीवास्तव,सचिव विनोद अस्थाना,मीडिया प्रभारी दुर्गेश वर्मा और सदस्य प्रमोद कुमार अस्थाना शामिल रहे।

## डी.ए.बी बीआर पब्लिक स्कूल में 76वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन



सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

डी.ए.वी बीआर पब्लिक स्कूल में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसे मुख्य अतिथि हरदीप सिंह जी (एल.एम.सी चेयरमैन)और विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से संपन्न किया। ध्वजारोहण के पश्चात सभी उपस्थित जनों ने राष्ट्रगान के साथ साथ तिरंगे को सलामी दी और भारत माता की जय तथा वंदे मातरम् के नारों से विद्यालय प्रांगण गूंज उठा। विशिष्ट अतिथि के रूप में विनीता मिश्रा उपस्थित रहे।इस अवसर पर गणित शिक्षिका अमरजीत राय की संयोजना से छात्रों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मधुर गीतों के साथ-साथ हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत में छात्रों ने प्रेरक भाषण दिए। कार्यक्रम में योग नृत्य और छोटे बच्चों द्वारा एक आकर्षक नृत्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त, नेताजी का तूलादान पर आधारित एक प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुति भी दी गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।प्राचार्य अशोक कुमार मिश्रा जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केवल गणतंत्र दिवस मनाने या नृत्य-कार्यक्रम प्रस्तुत करने से हमारी जिम्मेदारी समाप्त नहीं होती। हमें अपने संविधान का सम्मान करना चाहिए और देशप्रेम को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के संदेश को मजबूती से स्थापित करने में सफल रहा। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की शिक्षिका अंजना यादव के धन्यवाद और शान्ति पाठ के साथ समापन हुआ।

### निगमायुक्त ने राहतगढ़ बस स्टैंड के पास लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए

## राहतगढ़ बस स्टैंड के पास लग रहे पशु बाजार को हटाया गया

सत्ता सुधार ■ सागर

मोतीनगर वार्ड में राहतगढ़ बस स्टैंड के पास अवैध रूप से लग रहे पशु बाजार को नगर निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा हटाने की कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल को जेसीबी मशीन से समतल कर दिया गया। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि डेयरी विस्थापन योजना के अंतर्गत राहतगढ़ बस स्टैंड के पास लगने वाले पशु बाजार को स्थानांतरित कर डेयरी विस्थापन योजना हफसिली/रतौना में जगह चिन्हित की गई है उसके बाद पशु विक्रेताओं द्वारा पुराने पशु बाजार राहतगढ़ बस स्टैंड के पास ही पशु



बाजार संचालित किया जा रहा था जिसे पूरी तरह से हटाने की कार्रवाई की गई है।

निगमायुक्त ने सभी पशु विक्रेताओं से कहा है कि पशु बाजार डेयरी विस्थापन स्थल पर बनाए गए स्थल पर ही संचालित करें अन्यथा की स्थिति में पशुओं को जप्त कर चालानी कार्रवाई की जावेगी जिसके लिए पशु विक्रेता स्वयं जिम्मेदार होंगे।कार्रवाई के दौरान सभी पशु विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी गई कि आगामी बुधवार को पशु बाजार डेयरी विस्थापन स्थल हफसिली/रतौना में ही लगाएं।निगमायुक्त ने अतिक्रमण टीम को लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण सह प्रभारी श्री कृष्ण कुमार चौरसिया सहित अतिक्रमण टीम के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 ने किया डीएसपी बनी रश्मि अहिरवार का स्वागत



सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 की गणित संकाय की छात्रा रश्मि अहिरवार का लोक सेवा आयोग की परीक्षा क्वालीफाई करके डीएसपी पद के लिए चयन हुआ।इस अवसर पर प्राचार्य एसपी तिवारी एवं समस्त विद्यालय स्टाफ द्वारा उनकी इस उपलब्धि पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया।स्वागत समारोह के दौरान प्राचार्य एसपी तिवारी महाविद्यालय प्राचार्य एम एल सोनी, वीके श्रीवास्तव, सुनीता अहिरवार, शकुंतला जैन, अशोक कुमार अहिरवार के साथ विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहे रश्मि अहिरवार की इस उपलब्धि से विद्यालय एवं बीना शहर का गौरव बड़ा है।

## ब्रीफ न्यूज

### नेमार और अल-हिलाल क्लब के बीच करार टूटा

**रियो दि जिनेरियो।** ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार का सऊदी अरब के क्लब अल-हिलाल से करार टूट गया है। क्लब का कहना है कि स्ट्राइकर नेमार के साथ ये करार आपसी सहमति से समाप्त किया गया है। विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले नेमार ने क्लब की ओर से केवल सात मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने केवल एक गोल किया। पैर की चोट के कारण अक्टूबर 2023 से खेल से बाहर रहने के बाद नेमार को पिछले सत्र में सऊदी लीग जीतने वाली टीम में शामिल किया गया था। इस साल के फीफा क्लब विश्व कप में अल-हिलाल के हिस्सा लेने के बाद नेमार के साथ उनका करार समाप्त होने वाला था। क्लब विश्व कप 15 जून से 13 जुलाई के बीच अमेरिका में खेला जाएगा। क्लब ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि वह नेमार के प्रति आभार व्यक्त करता है और उनकी प्रशंसा करता है।

### हैरी की सोशल मीडिया पर उड़ी खिल्ली

**राजकोट।** इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक तीसरे टी20 में स्पिनर रवि बिश्नोई का शिकार बने जिसके बाद से ही वह सोशल मीडिया में मजाक का केन्द्र बन गये। इसका कारण है कि हैरी ने भारत आते ही धुंध से हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए कहा था कि इससे उन्हें स्पिनरों को खेलने में समस्या आ रही थी। पहले ओर दूसरे टी20 को लेकर उनका ये बहाना चल गया पर जब तीसरे मैच में भी वह बिश्नोई का शिकार बने तो उनपर मजाकिय मीम्स बनने लगे। ब्रूक जब से भारत आए हैं, भारतीय स्पिनरों ने उन्हें लगातार परेशान किया है। पहले दो टी20 में वह जहां वरुण चक्रवर्ती की गेंदों पर वह आउट हुए जबकि तीसरे टी20 में वह बिश्नोई का शिकार बने। ब्रूक टी20 अंतरराष्ट्रीय में अब तक 40 गेंदें खेलकर 7 बार स्पिनरों का शिकार बने हैं। यह किसी भी इंग्लैंड के बल्लेबाज का सबसे खराब रिकार्ड है। ब्रूक उस सीरीज में 17, 13 और 8 रन ही बना पाए थी। जबकि स्पिनरों की 11 गेंदों पर तीन बार विकेट खोया है।

### प्रशंसक के तौर पर टीम के समर्थन के लिए तैयार धोनी

# प्रोमो में बोले धोनी- कप्तान रहते शांत रहना आसान था

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। इस टूर्नामेंट के आधिकारिक ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने एक प्रोमो वीडियो अपलोड किया है जिसमें धोनी शामिल हैं। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तर्ज पर 19 फरवरी से होना है, जिसमें भारत अपने मुकाबले पाकिस्तान के बजाए दुबई में खेलेगा। चैंपियंस ट्रॉफी को शुरू होने में अब 20 दिन का समय शेष रह गया है और इससे पहले आधिकारिक प्रसारणकर्ता ने प्रोमो जारी किया है। वीडियो में धोनी यह कहते हुए दिख रहे हैं कि कप्तान रहते कूल (शांत) रहना आसान था, लेकिन एक प्रशंसक के तौर पर ऐसा कर पाना कठिन होगा। मालूम हो कि भारत ने 2013 में धोनी की ही कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था।

धोनी प्रोमो में इस बारे में बात कर रहे हैं कि यह टूर्नामेंट कितना कठिन होने वाला है और इसमें एक भी हार टीम के लिए आगे का सफर मुश्किल बना देगी। वीडियो में धोनी आने वाले टूर्नामेंट में खुद को शांत रखने के लिए %धोनी रेफिजेरेशन सिस्टम% का सहारा लेते दिख रहे हैं। धोनी इस वीडियो में कह रहे हैं, जब मैं कप्तान था तो मेरे लिए शांत रहना आसान था, लेकिन एक प्रशंसक के तौर पर चैंपियंस ट्रॉफी देखना आसान नहीं होगा। हमारी टीम काफी मजबूत है, लेकिन अगर हम एक भी मैच हारे तो टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच जाएंगे। लगातार चिंता से तापमान बढ़ रहा है।

**धोनी की कप्तानी दो बार चैंपियंस ट्रॉफी में उतरा है भारत :** धोनी के नेतृत्व में




भारत ने 2009 और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लिया था। धोनी के नेतृत्व में टीम 2013 में अपराजित रहते हुए विजेता बनी थी और उसने लगातार पांच मैच जीते थे। टूर्नामेंट में धोनी ने युवा टीम के साथ जाने का फैसला किया था और इसमें वीरेंद्र सहवाग, जहीर खान और गौतम गंभीर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल नहीं किया गया था। 2013 में जीतने के साथ ही भारत ने 2017 में हुए इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया था। भारत को हालांकि, उस समय पाकिस्तान से फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

**बांग्लादेश के खिलाफ भारत शुरू करेगा अभियान :** रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम टूर्नामेंट का खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। भारत ने हाल ही में इसके लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन किया था। भारत चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। इसके बाद ग्रुप चरण के अगले मुकाबले में उसका सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से 23 फरवरी को होगा। फिर टीम दो मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलेगी।

### वरुण के नाम जुड़ा एक अनचाहा रिकार्ड

**राजकोट।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में कुल 5 विकेट लिए पर इसके बाद भी टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही वरुण के नाम एक ऐसा रिकार्ड रिकार्ड जुड़ गया है जो कोई भी गेंदबाज नहीं चाहेगा। वरुण विश्व के एकमात्र ऐसे गेंदबाज बन गए हैं जिन्होंने 2 बार पांच विकेट लिए और दोनो ही बार भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले वरुण ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 10 नवंबर 2024 को दूसरे टी20 में 5 विकेट अपने नाम किए थे। तब भी भारतीय टीम हार गयी थी। ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी गेंदबाज ने टी20 इंटरनेशनल में 2 मैच में 5-5 विकेट लिए और फिर भी उसकी टीम हार गई हो। वरुण ने इस पर निराश होकर कहा, दुख की बात है कि हम इस मैच में अच्छा नहीं खेल पाए पर इस खेल की प्रकृति ही ऐसी है। साथ ही कहा कि हमें आगे बढ़ना होगा और अगले मैच के लिए तैयार होना होगा। इसका कारण है कि जब आप देश के लिए खेल रहे होते हैं तो आपको जिम्मेदारी लेनी होती है।

# अधिक ऑलराउंडर होने से भी आ रही मुश्किलें : आकाश चौपड़ा

### किसी को गेंदबाजी तो किसी को बल्लेबाजी नहीं मिल रही

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 में मिली हार के बाद कहा है कि इस समय भारतीय टीम के पास कई ऑलराउंडर है जिससे भी कुछ समस्या आ रही है। आकाश के अनुसार इसमें इन खिलाड़ियों की पूरी क्षमता का उपयोग नहीं हो पा रहा है। कुछ को पर्याप्त गेंदबाजी नहीं मिली रही जबकि कुछ को बल्लेबाजी का अवसर। उन्होंने कहा कि अक्षर पटेल की ही बात करें। उनमें आक्रामक बल्लेबाजी की क्षमता है पर उसका सही से उपयोग नहीं हो पा रहा। अक्षर को दूसेर मैच में आठवे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतारा गया।नंबर 8 पर बल्लेबाजी करते हुए अक्षर जोखिम भरा बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में आउट हुए जबकि उन्हें ऊपरी क्रम में भेजना फायदेमंद रहेगा।

चोपड़ा ने कहा, बहुत सारे ऑलराउंडर होने से थोड़ी समस्या है। इसी कारण वाशिंगटन सुंदर से केवल एक ओवर गेंदबाजी करवाई गयी। साथ ही कहा कि जब आपके पास इतने सारे ऑलराउंडर होते हैं, तो आप नहीं जानते कि उनका उपयोग कैसे किया जाए। कोई कम गेंदबाजी करता है और किसी को पर्याप्त बल्लेबाजी का मौका नहीं मिलता। अक्षर ने कभी-कभी क्रम में ऊपर भी बल्लेबाजी की है, जिसमें वह नंबर 3 या नंबर 4 पर भी बल्लेबाजी कर सकते है पर उन्हें नंबर 8 पर भेजा जा रहा है।

टी20आई में अक्षर का स्ट्राइक रेट 150 और औसत 21.85 है, जो मुख्य रूप से नंबर 7 पर बल्लेबाजी करते हैं। दूसरे टी20आई में भारत ने तीन ऑलराउंडर अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा को मैदान में उतारा। जिससे इनकी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं किया जा सका।




### स्टार खिलाड़ियों के विफल होने से हारी भारतीय टीम

भारतीय क्रिकेट टीम की इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में हार से प्रशंसक निराश हैं। भारतीय टीम के पास इस मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करने का अवसर था पर वह विफल रही। इस हार के बाद भी भारतीय टीम 5 मैचों की सीरीज में अब भी 2-1 से आगे है। भारतीय टीम की तीसरे मैच में हार का कारण स्टार खिलाड़ियों का खराब प्रदर्शन रहा। इस मैच में पारी की शुरुआत करते हुए संजू सैमसन एक बार फिर असफल रहे। इस सीरीज में ये तीसरा मैच है जिसमें वह रन नहीं बना पाये। सैमसन 6 गेंदों पर 3 रन बनाकर आउट हुए। सैमसन राजकोट में टीम इंडिया को अच्छी शुरुआत नहीं दिला पाए। उन्होंने पहले टी20 में 26 रन बनाए थे जबकि दूसरे टी20 में भी वह 5 रन ही बना पाये थे। इसके अलावा कप्तान सूर्यकुमार के भी असफल रहने से बल्लेबाजी पर दबाव आया। सूर्या अब तक तीन 3 मैचों में रन नहीं बना पाये हैं। राजकोट में सूर्या से मध्यक्रम में रन बनाने की उम्मीदें थीं पर वह 14 रन ही बना पाये। वह पहले दोनो मैचों में भी रन बनाने में विफल रहे हैं। इस मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करते हुए अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी विफल रहे। शमी ने 3 ओवर गेंदबाजी करते हुए 25 रन दिए पर वह एक भी विकेट नहीं ले पाये। उन्हें अंतिम ग्यारह में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह शामिल किया गया था।

### बल्लेबाज क्रम में बदलाव से भारतीय टीम को हुआ नुकसान

**राजकोट।** भारतीय टीम की इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में मिली हार का कारण जरुरत से ज्यादा प्रयोग को बताया गया है। वहीं इस मैच में जीत से इंग्लैंड की टीम की सीरीज में वापसी हुई है। भारतीय टीम ने पहले दोनो ही मैच जीते थे। इस मैच में तिलक वर्मा का बल्लेबाजी क्रम बदल दिया गया जबकि पिछले मैच में उन्होंने अर्धशतक लगाकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। तीसरे मैच के लिए बल्लेबाजी क्रम में कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी काफी बदलाव किया है। कप्तान सूर्यकुमार इस मैच में तिलक की जगह पर तीसरे नंबर पर आये और रन बनाने में विफल रहे। वहीं बल्लेबाज ध्रुव जुरेल 8वें नंबर पर उतरे। इस मैच में वॉशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे ऑलराउंडर को उनसे पहले भेज दिया गया। वॉशिंगटन सुंदर गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी भी करते हैं पर तेजी से रन नहीं बना पाते। ऐसे में उनको जुरेल से पहले भेजना नुकसानदेह रहा। सुंदर 15 गेंद पर केवल 6 रन बना पाए। जब पर क्रीज पर उतरे तो भारत का रन रेट 8 से ऊपर था जबकि उनके आउट होते समय रन रेट 7 का आ गया। वहीं जब जुरेल क्रीज पर उतरे तो भारतीय टीम को 16 गेंद पर 49 रनों की जरुरत थी। शिवम दुबे ओर रमनदीप सिंह को अवसर नहीं मिला।

# स्मिथ टेस्ट में 10,000 रन बनाने वाले क्लब में शामिल




**एजेंसी ■ गाले**

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान स्टीव स्मिथ ने श्रीलंका के खिलाफ मैच में अपनी टेस्ट क्रिकेट में अपने 10,000 रन पूरे कर लेंगे। स्मिथ ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 86 रनों की पारी के दौरान ही ये उपलब्धि हासिल की। स्मिथ ने इस मैच में जैसे ही एक रन बनाया वह दस हजार रन बनाने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गये।

इससे पहले तक स्मिथ ने 114 टेस्ट मैचों में 55.86 की औसत से 9999 रन बनाए हैं। इसमें 34 शतक शामिल हैं। उनके पास इस साल की शुरुआत में भी 10 हजार रन पूरा करने का मौका था, लेकिन तब भारत के खिलाफ मैच में वह प्रसिद्ध कृष्णा का शिकार बन गये थे। भारत के खिलाफ सिडनी टेस्ट मैच की दूसरी पारी में जब स्मिथ बल्लेबाजी करने उतरे तो उनके नाम 9995 रन दर्ज थे। उन्हें 10 हजार रन पूरा करने के लिए 5 रन चाहिए थे पर जब स्मिथ का स्कोर 4 था, तभी कृष्णा ने उन्हें कैच आउट करा दिया।

टेस्ट क्रिकेट में अब तक 14 बल्लेबाजों ने 10 हजार या इससे ज्यादा रन बनाये हैं। इस सूची में सचिन तेंदुलकर 15,921 रन के साथ पहले नंबर पर है। उनके बाद रिकी पोंटिंग, जैक कैलिस, राहुल द्रविड़ और जो रूट हैं। सक्रिय क्रिकेटरों में सबसे अधिक 12972 रन इंग्लैंड के रूट के नाम हैं। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे पहले 10 हजार रन बनाये थे। उन्होंने यह रिकॉर्ड 1987 में बनाया था। गावस्कर के बाद यह आंकड़ा ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर ने हासिल किया था।




एमसीजी में एलीसा हीली और हीदर नाइट एशिज टेस्ट से पहले एकसाथ नजर आयीं।

### एलार्डिस ने आईसीसी सीईओ पद छोड़ा

**दुबई।** ज्यॉफ़ एलार्डिस ने आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पद से इस्तीफ़ा दे दिया है। एलार्डिस ने कहा है कि वह जीवन में कुछ नया करना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने से पद छोड़ा है। एलार्डिस को साल 2020 में मनु साहनी को पद से हटाए जाने के बाद सीईओ बनाया गया था। इस दौरान वह आठ महीने तक इस पद पर अंतरिम तौर पर इस पद पर रहे। इसके बाद नवंबर 2021 में उन्हें स्थायी रुप से इस पद पर नियुक्त किया गया था। वह साल 2012 से ही आईसीसी के साथ हैं। आईसीसी में वह शुरुआती दिनों में जनरल मैनेजर के पद पर रहे थे।

एलार्डिस ने कहा, आईसीसी के सीईओ पद पर कार्यरत रहना मेरे लिए गर्व की बात थी। इस दौरान हमने जो भी लक्ष्य हासिल किए उस पर मुझे गर्व है, चाहे वह क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर ले जाना हो या आईसीसी सदस्यों को वित्तीय लाभ पहुंचाना हो। मैं आईसीसी के अध्यक्ष, बोर्ड के तमाम सदस्यों और पूरे क्रिकेट समूह का पिछले 13 वर्षों में मुझे दिए समर्थन करने के लिए आभारी हूं। मुझे विश्वास है कि आने वाला समय क्रिकेट के लिए उत्सुकता भरा समय होगा और मैं इसके लिए वैश्विक क्रिकेट समूह को अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

वहीं आईसीसी प्रमुख जय शाह कहा, मैं आईसीसी बोर्ड की ओर से एलार्डिस का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करता हूं। क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर ले जाने में उन्होंने काफ़ी मेहनत की है। हम उनकी सेवा पाकर खुश हैं और हम उनके भविष्य के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं देते हैं।

# रोहित और कोहली के साथ काम करने को उत्साहित हैं बल्लेबाजी कोच सितांशु

**एजेंसी ■ राजकोट**

भारतीय क्रिकेट टीम के नए बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा है कि वह आगामी चैम्पियंस ट्रॉफी को देखते हुए कप्तान रोहित शर्मा ओर अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। सितांशु ने कहा कि कहा कि इनको लेकर उनके दिमाग में एक योजना भी है जिसके लिए दोनो से ही वह बात करेंगे। सितांशु ने इससे पहले भी एनसीए और भारत ए स्तर पर बल्लेबाज कोच की जिम्मेदारी निभाई है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम के खिराब प्रदर्शन के बाद उन्हें टीम की बल्लेबाजी को बेहरत बनाने की



जिम्मेदारी मिली है। रोहित और कोहली 6 फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम से जुड़ेंगे।

सितांशु ने कहा कि रोहित और विराट बहुत अनुभवी खिलाड़ी हैं पर इस टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं। मेरा काम यह समझने की कोशिश करने के बारे में कि खिलाड़ी अपने खेल की योजना कैसे बना रहे हैं, उनकी सोच क्या है और हम किस तरह से उनके खेल में कुछ जोड़ सकते हैं। मैं इसी तरह सोचता हूं। उन्होंने कहा कि मैं अगर किसी खिलाड़ी के खेल में दो या पांच फीसदी भी जोड़ सका तो यह बड़ी बात होगी। उन्होंने जितना क्रिकेट खेला है और जिस तरह का प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा। मुझे भी उनसे काफी कुछ सीखने को मिलेगा। सितांशु ने कहा कि आने वाले समय में वह विराट और रोहित से बात करेंगे। साथ ही कहा कि यह खेल इसी तरह चलता है, आपको दूसरों के विचारों को सुनने और सीखने के लिए तैयार रहना होगा।

### सूर्यकुमार ने हार के लिए खराब बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया

**राजकोट।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 क्रिकेट मुकाबले में मिली हार पर निराशा जताते हुए कहा कि इसका कारण खराब बल्लेबाजी रहा। साथ ही कहा कि जब तक हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल बल्लेबाजी कर रहे थे तब तक मैच हमारे हाथ में था। उन्होंने माना कि इंग्लैंड के गेंदबाज आदिल राशिद ने काफी अच्छी गेंदबाजी की। उससे हमारे बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट नहीं कर पाये।

दैनिक
सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075

**क्रिकेट** | प्रीमियर टी20 टूर्नामेंट से दुनिया भर के प्रशंसकों की यादें फिर होंगी ताजा

# डब्ल्यूसीएल लीग में गेम चेंजर्स की कप्तानी करेंगे डिविलियर्स

**एजेंसी ■ जोहांसबर्ग**

दक्षिण अफ्रीक के स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स अब एक बार फिर मैदान पर चौके , छक्के लगाते हुए दिखेंगे। डिविलियर्स ने हाल ही में खेल में वापसी की बात कही थी। इसी के तहत ही अब वह पूर्व क्रिकेटरों की वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) लीग के दूसरे संस्करण में खेलते हुए दिखेंगे। इसमें डिविलियर्स गेम चेंजर्स दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस की कप्तानी करेंगे। इस लीग में वही क्रिकेटर खेल सकते हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया हो। दिग्गज क्रिकेटरों वाली इस प्रीमियर टी20 टूर्नामेंट से दुनिया भर के प्रशंसकों की यादें फिर ताजा हो जाएंगी। अपनी वापसी को लेकर डिविलियर्स ने कहा, चार साल पहले मैंने सभी क्रिकेट प्रारूप से संन्यास ले लिया था क्योंकि मुझे अब और खेलने की इच्छा नहीं थी। खैर, समय बीत गया है और मेरे बच्चे खेलने लगे हैं। हम बगीचे में अधिक से अधिक खेल रहे हैं जिसमें भी आनंद आ रहा है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं एक बार फिर जिम और नेट्स पर वापस जा रहा हूं और मैं जुलाई में डब्ल्यूसीएल लीग के लिए तैयार हो जाऊंगा। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले डिविलियर्स की वापसी से क्रिकेट जगत में भी खुशी का माहौल है।

गेम चेंजर्स टीम के पहले सत्र में जैक्स कैलिस, हर्शल गिब्स, डेल स्टेन और इमरान ताहिर जैसे दिग्गज शामिल थे, अब डिविलियर्स की कप्तानी में टीम और भी बेहतर बनकर उभरेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीकी




चैम्पियंस के सह-मालिक और गेम चेंजर्स के संस्थापक अमनदीप सिंह ने उत्साहित होकर कहा, हम वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में प्रतिस्पर्धा करने और अपने महान क्रिकेटरों की अविश्वसनीय प्रतिभा को प्रदर्शित करने को लेकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हमारे कप्तान के रूप में एबी डिविलियर्स की वापसी हमारी टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और उनका नेतृत्व हमें शीर्ष पर ले जाएगा। वहीं दक्षिण अफ्रीका चैम्पियंस के सह-मालिक हैरी सिंह ने कहा, डिविलियर्स केवल एक खिलाड़ी नहीं हैं; वे एक आइकन हैं जिन्होंने दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है। हमारी टीम का नेतृत्व करने का उनका फैसला खेल के प्रति उनके प्यार को दिखाता है और हम उन्हें टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। यह टीम और लीग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। लीजेंड्स लीग के संस्थापक और सीईओ हर्षित तोमर ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, यही कारण है कि हमने इस लीग की शुरुआत की ताकि उन दिग्गजों को वापस लाये जा सके जिन्हें लोग देखना चाहते हैं।

लोर्ड कृष्णा पब्लिक हाई स्कूल
Play group, Nursery, LKG, UKG,
1st to 10th classes.
ADMISSION OPEN
LKPS makes education easier and better
शिवा नगर, गुलाब शाह दरगाह के पास, छत्री रोड़, शिवपुरी (म.प्र.)

सत्ता सुधार

शिवपुरी, गुरुवार 30 जनवरी 2025

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी**

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र पुरी ने बताया कि इस वक्त 12 करोड़ से अधिक श्रद्धालु प्रयागराज में हैं। इतनी बड़ी तादाद में भीड़ को कंट्रोल करना मुश्किल होता है। हमारे साथ लाखों की संख्या में संतों का हुजूम है। हमारे लिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है।





आम लोगों के लिए भी स्नान की कई घाटों पर व्यवस्था

# ऊंट-घोड़े और रथों पर सवार साधु संतों ने संगम में किया पवित्र स्नान

### महाकुंभ नगर के डीआईजी बोले- स्थिति नियंत्रण में है

सत्ता सुधार ■ प्रयागराज

महाकुंभ मेले में भगदड़ के बाद अखाड़ों ने अमृत स्नान किया। अभी स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस भीड़ को व्यवस्थित करने की हर संभव कोशिश कर रही है। आम लोगों के लिए भी स्नान की कई घाटों पर व्यवस्था की गई है। प्रशासन का अनुरोध है कि आप जहां पर भी हैं वहीं स्नान का लाभ ले लीजिए। संगम नोज की तरफ न जाएं। मौनी अमावस्या पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा, हम अमृत स्नान के लिए जा रहे हैं। हजारों संत और नागा संन्यासी साथ हैं। हम घाटों को जल्द ही खाली देंगे ताकि श्रद्धालु पवित्र स्नान कर सकें। महाकुंभ नगर के डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा जूना अखाड़ा और दो अन्य अखाड़ों ने अमृत स्नान किया। सब कुछ शांतिपूर्ण है, स्थिति नियंत्रण में है। क्योंकि बहुत सारे श्रद्धालु थे, इसलिए अखाड़ों ने हमारे सामने प्रस्ताव रखा कि वे अपने अमृत स्नान देरी से करेंगे। उन्होंने इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि यह अखाड़ों की ओर से प्रशासन को बहुत बड़ा समर्थन था। भगदड़ में घायलों का इलाज चल रहा है, कोई भी गंभीर नहीं है, सभी खतरे से बाहर हैं। मौनी अमावस्या पर स्नान के बाद स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज ने कहा कि मैं सीएम योगी आदित्यनाथ और पीएम मोदी को 'स्नान' के लिए की गई व्यवस्थाओं के लिए धन्यवाद और बधाई देना चाहता हूं। हमने पवित्र स्नान किया और लोगों की शांति और समृद्धि के लिए कामना की। उत्तर प्रदेश सूचना विभाग के मुताबिक, अब तक 5.71 करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी में पवित्र डुबकी लगाई है, 28 जनवरी तक कुल मिलाकर 19.94 करोड़ से अधिक लोगों ने डुबकी लगाई है।



### केंद्रीय गृह मंत्री ने व्यक्त की संवेदनाएं

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाकुंभ में मची भगदड़ को लेकर अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, महाकुंभ में हुए दु:खद हादसे से अत्यंत व्यथित हूं। इस दुर्घटना में जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर उन्हें यह दु:ख सहने की शक्ति दें। प्रशासन घायलों को अस्पतालों में उपचार दे रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हूं।

### स्वामी चिदानंद सरस्वती ने अखाड़ा परिषद के फैसले की सराहना की

परमार्थ निकेतन आश्रम के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा, जो कुछ भी हुआ वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था। प्रशासन के आदेशों का पालन किया जाना चाहिए था। लोग बड़ी संख्या में आ रहे हैं और पवित्र डुबकी लगा रहे हैं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही उन्होंने अखाड़ा परिषद के उस फैसले की सराहना की जिसमें उसने श्रद्धालुओं के बाद डुबकी लगाने का निर्णय लिया।

### प्रयागराज में संगम घाट पर भगदड़, अफरातफरी

महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के दौरान बुधवार को प्रयागराज में संगम घाट पर भगदड़ मच गई। यह घटना उस समय हुई जब लाखों श्रद्धालु मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर पवित्र डुबकी लगाने के लिए गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम पर एकत्रित हुए थे। यह दिन महाकुंभ मेले के सबसे महत्वपूर्ण स्नान दिवसों में से एक माना जाता है प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि श्रद्धालुओं की अचानक भीड़ से अफरातफरी मच गई, कई लोगों का संतुलन बिगड़ गया और वो गिर गए, इससे भगदड़ मच गई। भगदड़ में कई लोग घायल हो हुए। हालांकि तुरंत राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया और घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

### गौतम अदाणी करेंगे शोक संतप्त परिवारों की हर संभव मदद

अदाणी समूह के अध्यक्ष, गौतम अदाणी ने अपने एक्स अकाउंट पर महाकुंभ में मची भगदड़ को लेकर लिखा, महाकुंभ में घटी हृदयविदारक घटना से हम अत्यंत व्यथित हैं। हम दिवंगत आत्माओं को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं। महाकुंभ में उपस्थित अदाणी परिवार के सभी सदस्य और संपूर्ण अदाणी समूह मेला प्रशासन व राज्य सरकार के साथ मिलकर प्रभावित परिवारों की हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

### बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री बोले

महाकुंभ में मची भगदड़ पर बागेश्वर धाम के प्रमुख पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा, मैंने कल रात एक वीडियो संदेश प्रसारित कर श्रद्धालुओं से आग्रह किया था कि वे जहां भी हों, पवित्र स्नान करें। यहां करोड़ों श्रद्धालु एकत्र हुए हैं और प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। जो घटना हुई है कल रात वह दर्दनाक है। मैं भक्तों से बस इतना कहना चाहता हूं कि धैर्य रखें। अखाड़ों और संतों ने फैसला किया कि वे शाम को डुबकी लगाएंगे ताकि भक्तों को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

सीएम योगी की श्रद्धालुओं से अपील

# महाकुंभ : मेला प्रशासन के निर्देशों का पालन करें, अफवाहों पर ध्यान न दें

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

महाकुंभ में पवित्र डुबकी की आस लिए महाकुंभ नगर पहुंचे श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रमुख संतों ने लोगों से खास अपील की है। योगी ने कहा कि श्रद्धालुगण मां गंगा के जिस भी घाट के समीप हैं, वहीं स्नान करें, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें। स्नानार्थियों के लिए कई घाट बनाए गए हैं, जहां सुविधाजनक रूप से स्नान किया जा सकता है। महाकुंभ में हुई भगदड़ के बाद मुख्यमंत्री योगी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह संगम नोज जाने के बजाय निकट के घाट पर स्नान कर लें। सीएम योगी ने कहा है कि स्नान के लिए कई घाट बनाए गए हैं। लोग वहां स्नान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में प्रशासन के नियमों का ध्यान रखें और किसी प्रकार की अफवाह में न आएं।

### संयम बरतने की अपील

मौके से सामने आए वीडियो के अनुसार कुछ महिलाओं और बच्चों को भी चोट लगी है। अभी हालात काबू में बताये जाते हैं। महाकुंभ नगर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अफवाहों पर ध्यान न देने और संयम बरतने की अपील की है। बताया जाता है कि प्रयागराज के संगम तट पर अमृत स्नान से पहले देर रात करीब 2 बजे भगदड़ मच गई। इसमें कुछ लोगों के मरने की बात कही जा रही है। एक प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक भगदड़ मचते ही लोग दौड़ने लगे। अभी प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि श्रद्धालुगण मां गंगा के जिस भी घाट के समीप हैं, वहीं स्नान करें, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें। स्नानार्थियों के लिए कई घाट बनाए गये हैं, जहां सुविधाजनक रूप से स्नान किया जा सकता है। उन्होंने सभी से मेला प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है। सीएम योगी ने सभी से अपील की है कि वह किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान न दें। बाबा रामदेव ने कहा है कि करोड़ों श्रद्धालुओं के इस हुजूम को देखते हुए हमने फिलहाल केवल सांकेतिक स्नान किया है। इसके साथ ही समूचे राष्ट्र और विश्व के कल्याण की कामना की गई है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हम भक्ति के अतिरेक में न बहें और आत्म अनुशासन का पालन करते हुए सावधानी पूर्वक स्नान करें। वहीं जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी ने भी कहा कि हमने फिलहाल सांकेतिक स्नान किया है।



### अखाड़ों में नहीं होगा अमृत स्नान

मौनी अमावस्या पर भारी भीड़ और भगदड़ की घटना के चलते सभी अखाड़ों ने अमृत स्नान न करने का एलान किया है। यह एलान अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र गिरी ने निरंजन छावनी से किया। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने कहा जिस तरह से श्रद्धालुओं की भीड़ है और भगदड़ की घटना सामने आई है उससे अखाड़े ने स्नान न करने का फैसला लिया है। अखाड़े के वहां जाने से स्थिति और भी बिगड़ सकती थी।

### संगम में स्नान का आग्रह छोड़ दें

सीएम योगी के साथ ही धर्म गुरुओं ने भी श्रद्धालुओं से अपील की है। स्वामी रामभद्राचार्य ने महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की कि वे सभी संगम में स्नान का आग्रह छोड़ दें और निकटतम घाट पर स्नान करें। लोग अपने शिविर से बाहर न निकलें। अपनी और एक दूसरे की सुरक्षा करें। उन्होंने वैष्णव सम्प्रदाय के प्रमुख संत की हैसियत से सभी अखाड़ों और श्रद्धालुओं से अफवाहों से बचने का आह्वान किया।

# महाकुंभ में भगदड़ के बाद वाराणसी समेत इन जिलों में रोके गए वाहन, कई ट्रेनें निरस्त

**वाराणसी।** महाकुंभ में रात 2 बजे मची भगदड़ और भारी भीड़ को देखते हुए वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, मऊ समेत कई जिलों की सीमा पर श्रद्धालुओं के वाहनों को रोक दिया गया है। इस दौरान पुलिस और प्रशासन की टीमें वाहनों को रोकने के लिए लगी हुई हैं। वहीं जाम में फंसे श्रद्धालु भी परेशान दिखे। मेला प्रशासन की अनुमति के बाद ही आवागमन की अनुमति दी जाएगी।

### जौनपुर में बॉर्डर पर रोके गए श्रद्धालु

महाकुंभ में भगदड़ और भारी भीड़ को देखते हुए मुंगराबादशाहपुर तक पहुंची रोडवेज की बसों और निजी वाहनों को वापस किया जा रहा है। कुछ निजी वाहनों से आए श्रद्धालुओं की जिद के आगे प्रशासन नमस्तक है। श्रद्धालु हर हाल में प्रयागराज जाकर स्नान करना चाहते हैं। सतहरिया व ईटहरा में बसों को पूरी तरह से रोक दिया गया है। फिलहाल 24 घंटे तक कोई भी वाहन प्रयागराज सीमा में प्रवेश नहीं कर सकता है। पुलिस प्रशासन का सख्त पहरा है। ईटहरा बॉर्डर पर जाम की स्थिति बनी हुई है। डीएम दिनेश चंद्र ने 24 घंटों के लिए महाकुंभ में जाने वाले वाहनों को जो जहां है वहीं पर रोकने का आदेश दे दिया है। सीओ मछलीशहर परमानंद कुशवाहा ने बताया कि मेला प्रशासन कि अनुमति जब तक नहीं मिलती तब तक बॉर्डर बंद रहेंगे।

# भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन 5 से 23 फरवरी तक

दोनों देशों के कलाकार होंगे शामिल

सत्ता सुधार ■ लखनऊ



दोनों देशों के कलाकार गीत, संगीत और नृत्य पेशकर भारत और नेपाल के संबंधों और साझी विरासत को सुदृढ़ करेंगे। यह आयोजन भावी पीढ़ी और विद्यार्थियों के बीच भारत नेपाल के गौरवशाली इतिहास और देश प्रेम की भावना को सुदृढ़ करने में सहयोगी होगा। भारत-नेपाल की साझी सांस्कृतिक विरासत को बरकरार रखने की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए संस्कृति विभाग भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन कर रहा है। महोत्सव में मित्र राष्ट्र नेपाल और उत्तर प्रदेश के कलाकार संगीत, लोक गीत व नृत्य पेश करेंगे। भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव सांस्कृतिक यात्रा 5 फरवरी को सिद्धार्थनगर से प्रारंभ होकर महाराजगंज, कुशीनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी होते हुए 23 फरवरी को पीलीभीत में समाप्त होगी। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के तराई सीमा क्षेत्र के जनपदों में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव-2024-25 का आयोजन स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य सीमावर्ती जनपदों में युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थियों के बीच प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना एवं देश प्रेम की भावना को बढ़ावा देना है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव, भारत और नेपाल के बीच द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने और दोनों देशों के सांस्कृतिक, सामाजिक और कूटनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। यह महोत्सव दोनों देशों की सदियों प्राचीन संबंधों और साझी संस्कृति और पारंपरिक संबंधों को बढ़ावा देता है।

## गोरखनाथ बाबा को खिचड़ी चढ़ाने आएंगे नेपाल के पूर्व नरेश

**गोरखपुर।** मकर संक्रांति के दिन हर साल नेपाल के पूर्व नरेश के यहां से खिचड़ी आती है। 14 जनवरी को भी नेपाल से आई खिचड़ी चढ़ाई गई थी। नेपाल की सुख-शांति लिए गोरक्षपीठ से विशेष प्रसाद भेजा गया था। अब नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र विक्रम शाह का गोरखपुर आगमन पहली बार हो रहा है। नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र विक्रम शाह, पत्नी के साथ गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने आएंगे। उनके आने का कार्यक्रम 31 जनवरी को प्रस्तावित है। इसी दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने का कार्यक्रम भी तय है। मुख्यमंत्री और नेपाल के पूर्व नरेश के बीच मुलाकात भी संभव है। प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। मकर संक्रांति के दिन हर साल नेपाल के पूर्व नरेश के यहां से खिचड़ी आती है। नेपाल के राजपुरोहित इस खिचड़ी को लेकर गोरखपुर आते हैं। इसे गोरक्षपीठाधीश्वर चढ़ाते हैं। 14 जनवरी को भी नेपाल से आई खिचड़ी चढ़ाई गई थी। नेपाल की सुख-शांति लिए गोरक्षपीठ से विशेष प्रसाद भेजा गया था। अब नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र विक्रम शाह का गोरखपुर आगमन पहली बार हो रहा है।

अयोध्याः महाकुंभ के श्रद्धालुओं ने किया हंगामा

# पथराव से ट्रेन के शीशे क्षतिग्रस्त, गार्ड घायल

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

अयोध्या से महाकुंभ जा रही स्पेशल ट्रेन में श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा थी। इसके चलते ट्रेन के अंदर मौजूद श्रद्धालुओं ने कई बोगी का गेट बंद कर लिया था। इससे जमकर हंगामा हुआ और पथराव से ट्रेन की बोगियों के शीशे टूट गए। अयोध्या जिले के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के मलेथू कनक हाल्ट रेलवे स्टेशन पर मंगलवार रात ट्रेन पर न बैठ पाने के कारण महाकुंभ के श्रद्धालुओं की ओर से जमकर हंगामा किया गया। पथराव करने से ट्रेन की बोगियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। गार्ड को भी चोट आई है। अयोध्या से प्रयागराज जा रही स्पेशल महाकुंभ ट्रेन संख्या 64222 मलेथू कनक हाल्ट रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन में श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा थी। इसके चलते ट्रेन के अंदर मौजूद श्रद्धालुओं ने कई बोगी का गेट बंद कर लिया था। रेलवे स्टेशन पर जैसे ही ट्रेन रुकी बाहर मौजूद श्रद्धालुओं ने ट्रेन में बैठने का प्रयास किया। कुछ तो कड़ी मशक्कत के बाद अंदर बैठ गए लेकिन करीब 150 से अधिक श्रद्धालु ट्रेन में नहीं बैठ पाए और ट्रेन पांच मिनट रुकने के बाद चलने लगी। ट्रेन में न बैठ पाने के चलते आक्रोशित श्रद्धालुओं की ओर से रेल ट्रैक के पास से पत्थर उठाकर फेंका जाने लगा। पथराव में ट्रेन की बोगियों का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेन की पिछली बोगी में मौजूद गार्ड के भी पत्थर लगने से घायल होने की जानकारी मिली है। ट्रेन पर न बैठ पाने के चलते श्रद्धालु वापस लौट गए। रेलवे स्टेशन के गेट मैन मोहम्मद वसीम ने बताया कि श्रद्धालुओं की ओर से ट्रेन पर न बैठ पाने के चलते आक्रोशित होकर ट्रेन पर ईंट के टुकड़े और पत्थर फेंके गए। बोगी की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसकी जानकारी रेलवे के अधिकारियों को दी गई है।



**रिसर्च** कार्डियोलॉजी में 1500 रोगियों पर अध्ययन

# कमर की गोलाई से है हार्ट अटैक का संबंध...ये जीन है जिम्मेदार

एजेंसी ■ कानपुर

अवधेश शर्मा ने बताया कि मिलेनोकॉर्टिन-4 जीन कमर में वसा का जमाव बढ़ाती है। सामान्य बीएमआई वाले लोगों को भी मोटी कमर होने की वजह से हार्ट अटैक आया। विशेषज्ञों का कहना है कि कमर के हिस्से में नाभि के चारों तरफ वसा का जमाव दिल की सेहत के लिए ठीक नहीं है। बहुत पहले कभी पड़े अकाल का दंश भारतीय आज भी भुगत रहे हैं। वजह एक जीन है, जो अकाल के समय सक्रिय हुई और पीढ़ी दर पीढ़ी सक्रिय बनी हुई है। डॉक्टर इसे मिलेनोकार्टिन-4 के नाम से पुकारते हैं। डॉक्टरों के अनुसार लंबे समय तक कम खाना मिलने पर यह जीन शरीर में सक्रिय हो जाती है और कमर में वसा जमा करने लगती है। यह वसा ही खाना न मिलने पर शरीर को दुरुस्त रखता है। दिक्कत यह है कि पेट भर खाना मिलने पर भी जीन सक्रिय रहकर वसा जमा करती रहती है। इससे कमर की गोलाई बढ़ जाती है और इसी वसा से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। यह निचोड़ एलपीएस कार्डियोलॉजी इंस्टीट्यूट में हुए एक अध्ययन का है। हार्ट अटैक के 1500 रोगियों की स्थिति पर किए गए अध्ययन में 1050 रोगियों की कमर की गोलाई ज्यादा पाई गई। इनमें से 90 फीसदी रोगियों में डायबिटीज, यूरिक एसिड और थायरॉइड की समस्या भी मिली। शरीर में पाया जाने वाला मिलेनोकॉर्टिन-4 रिसेप्टर जीन का काम होता है वसा को स्टोर करना। व्यक्ति को जब लगातार कम खाना मिलता है तो यह जीन भविष्य में बिल्कुल खाना न मिलने के अंदेशे में वसा स्टोर करना शुरू कर देता है। ऐसी स्थिति में इसी वसा के इस्तेमाल से शरीर दुरुस्त रहता है। यह जीन एक बार सक्रिय होने पर लगातार वसा जमा करता रहता है, भले ही व्यक्ति भरपेट खाना खाने लगा हो। डॉ. अवधेश शर्मा का कहना है कि यह जीन भारतीयों में सक्रिय है। बहुत पहले कभी देश में अकाल पड़ने पर यह सक्रिय हुआ होगा। अब पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानांतरित हो रहा है। इसके निष्क्रिय होने में भी वक्त लगता है।

बीएमआई का मतलब होता है बॉडी मास इंडेक्स। यह बताता है कि व्यक्ति के शरीर का वजन उसके लंबाई के अनुसार ठीक है कि नहीं।



### मोटी कमर होने की वजह से हार्ट अटैक आया

खास बात यह है कि इनमें से ऐसे रोगियों की संख्या भी काफी अधिक है, जिनका बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) सामान्य है। अध्ययन करने इंस्टीट्यूट के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अवधेश शर्मा ने बताया कि मिलेनोकॉर्टिन-4 जीन कमर में वसा का जमाव बढ़ाती है। सामान्य बीएमआई वाले लोगों को भी मोटी कमर होने की वजह से हार्ट अटैक आया। विशेषज्ञों का कहना है कि कमर के हिस्से में नाभि के चारों तरफ वसा का जमाव दिल की सेहत के लिए ठीक नहीं है।

### रोगियों का आयु वर्ग 40 से 65 वर्ष के बीच

यहां से वसा रक्त में जाता है। इससे हृदय की धमनियों में वसा का जमाव बढ़ता है। हृदय रोगियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर इस शोध को बहुत अहम माना जा रहा है।महिलाओं की तुलना में पुरुषों की कमर की गोलाई अधिक पाई गई। कुल डेढ़ हजार रोगियों पर अध्ययन किया गया, उनमें 60 फीसदी पुरुष और 40 फीसदी महिलाएं हैं। इन रोगियों का आयु वर्ग 40 से 65 वर्ष के बीच का है।

# लखनऊ में बने 81 अवैध अपार्टमेंट गिराएगा एलडीए

## 15 दिन में खाली करने का नोटिस दिया

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

एलडीए लखनऊ में बने 81 अवैध अपार्टमेंट गिराएगा। इस संबंध में 15 दिनों की नोटिस जारी कर दी गई है। कार्रवाई के लिए एक कमेटी भी बना दी गई है। हाईकोर्ट की सख्त नाराजगी के बाद अब एलडीए शहर में बने 81 अवैध अपार्टमेंट गिराएगा। इसको लेकर 15 दिन की नोटिस कब्जा खाली करने के लिए जा रही है। कार्रवाई को लेकर एक समिति भी एलडीए वीसी ने बनाई है। यह अवैध अपार्टमेंट शहर के अलग-अलग इलाकों में बने हैं जिनका एलडीए से मानचित्र पास नहीं हैं। जिसको लेकर पूर्व में एलडीए इनको ध्वस्त करने का आदेश जारी कर चुका है मगर उस पर अमल नहीं किया गया था। अब अवैध निर्माण के एक मामले में सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है जिससे एलडीए अफसरों के होश उड़ें है जिसको लेकर ही अब कई साल पहले बने अपर्टमेंटों को गिराने की तैयारी की गई है जिनमें लोग रह भी रहे हैं।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गुरुद्वारा चौराहा, शिवपुरी से प्रकाशित। संपादक गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, फोन- 403553 ।स्थानीय संपादक दीपक अरोरा*।
आर.एन.आई. नं. एम पी एच आई एन/2000/2530 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।